Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-09, अंक-291
रायपुर, शुक्रवार 13 जून 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00


# दर्दनाक हवाई हादसा : लंदन जाने वाला एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त

# अब तक 204 शव मिले, सिर्फ एक यात्री जीवित बचा, 41 घायल भर्ती

पायनियर संवाददाता < अहमदाबाद/नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का एक ड्रीमलाइनर बोइंग 787-8 विमान अपराह्न सरदार पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार उड़ान संख्या एआई 171 में 230 यात्री, दो पायलट और चालक दल के 10 अन्य सदस्य सवार थे, जिनकी दर्दनाक मौत हो गई, वहीं एक यात्री के जीवित होने की खबर सामने आई है। इन यात्रियों में 169 भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश, सात पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक शामिल हैं। यात्रियों की सूची में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का नाम भी शामिल है। यह विमान एयरलाइंस के बेड़े में 2016 में शामिल किया गया था। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इस दुर्घटना की जांच के आदेश दे दिये हैं। डीजीसीए के एक वक्तव्य में कहा गया है कि एयर इंडिया के विमान वीटी-एएनबी, ने अहमदाबाद से लंदन के गेटविक हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरी थी लेकिन तुरंत बाद ही यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान की कमान कैप्टन सुमित सभरवाल के पास थी और उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर थे। कैप्टन सुमित सभरवाल 8200 घंटों के अनुभव वाले पायलट हैं। सह-पायलट के पास 1100 घंटों का उड़ान अनुभव था। एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) के अनुसार, विमान ने रनवे संख्या 23 से अपराह्न एक बजकर 39 मिनट पर उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के कुछ ही क्षणों बाद इसने एटीसी को 'मेडे' यानी गंभीरतम आपातस्थिति का संकेत दिया, लेकिन उसके बाद एटीसी द्वारा की गयी कॉल पर विमान से कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी। इसके तुरंत बाद विमान हवाई अड्डे के निकट रिहायशी इलाके में गिर गया और दुर्घटना स्थल से काले धुयें के गुबार निकलने लगे। हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया कि दुर्घटना के बाद हवाई अड्डे से सभी उड़ानों के आवागमन को अस्थायी तौर पर रोक दिया गया है। विमान के रनवे से उड़ान भरने के तुरंत बाद, पायलट ने अहमदाबाद के हवाई यातायात नियंत्रण कक्ष को गंभीरतम आपातस्थिति की सूचना दी और उसके बाद उससे संपर्क कट गया। विमान करीब सवा आठ सौ फुट की ऊंचाई पर जाने के बाद तेजी से नीचे आने लगा और हवाई अड्डे की परिधि के बाहर मेघानीनगर रिहायशी इलाके में एक अस्पताल के परिसर में गिरते ही उसमें आग लग गयी। कुछ अपुष्ट रिपोर्टों में बताया गया है कि अस्पताल परिसर के हॉस्टल के भवन में मौजूद करीब 15 डॉक्टर भी घायल हुये हैं। दुर्घटना के सभी विवरणों के समन्वय के लिये नागरिक उड्डयन मंत्रालय में एक परिचालन नियंत्रण कक्ष सक्रिय कर दिया गया है। इसका संपर्क नंबर 011-24610843 और 9650391859 है। एयर इंडिया ने भी जानकारी उपलब्ध कराने के लिये हॉटलाइन नंबर 18005691444 स्थापित किया है। नागर विमानन मंत्रालय ने एक्स पर लिखा, हम सभी प्रभावितों को त्वरित प्रतिक्रिया और पूर्ण सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार अग्निशमन की गाड़ियां और पुलिस के दस्ते घटनास्थल पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में लगे हैं। केन्द्र की ओर से राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमें घटनास्थल पर भेजी गयी हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की टीमें भी अहमदाबाद पहुंची। एयर इंडिया के अध्यक्ष एन चंद्रशेखर ने कहा कि यात्रियों के परिजनों की मदद के लिए एयरलाइंस ने विशेष सूचना केन्द्र स्थापित कर दिये हैं। भारतीय रेलवे ने भी अहमदाबाद से मुंबई, दिल्ली और अन्य स्थानों के लिए विशेष ट्रेनें चलाने की तैयारी शुरू कर दी है और जल्द ही इन विशेष ट्रेनों की घोषणा की जायेगी।









## विमान हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का निधन, पत्नी और बेटी से मिलने जा रहे थे लंदन



अहमदाबाद विमान हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस दर्दनाक हादसे में 200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और दर्जनों घायल हैं। इसी विमान में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी सवार थे। वे अपनी बेटी के घर लंदन जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक, विजय रूपाणी की पत्नी अंजलि रूपाणी पिछले कई दिनों से लंदन में ही थीं और अब वह भी बेटी से मिलने के लिए पास जा रहे थे।

## 204 शव मिले, 41 घायल हॉस्पिटल में भर्ती, पुलिस कमिश्नर ने की पुष्टि, मृतकों के रिश्तेदारों का लिया जाएगा डीएनए सैंपल

एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 के अहमदाबाद में क्रैश होने के बाद अब तक इस भीषण हादसे में 204 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 41 यात्री घायल हैं और उनका इलाज जारी है। डीएनए सैंपल से मृतकों की पहचान की प्रक्रिया शुरू की गई है। अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर ने 204 लोगों के शव मिलने की पुष्टि की है। बता दें कि उस विमान में कुल 242 यात्री सवार थे। अब हताहत हुए यात्रियों की पहचान करने के लिए अहमदाबाद सिविल अस्पताल में यात्रियों के परिजनों के डीएनए सैंपल लेने की व्यवस्था की गई है। अहमदाबाद सिविल अस्पताल प्रशासन ने विमान हादसे में मारे गए यात्रियों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए उनके परिजनों से डीएनए सैंपल लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव धनंजय द्विवेदी ने बताया कि पीड़ितों की पहचान के लिए बी.जे. मेडिकल कॉलेज के कसोटी भवन में यह विशेष व्यवस्था की गई है।

## अहमदाबाद पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह



दुर्घटना के बाद गृहमंत्री अमित शाह कुछ ही घंटे बाद अहमदाबाद पहुंच गए। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल और नागरिक उड्यन मंत्री भी घटनास्थल पर नजर आए। अमित शाह मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

## पूरा देश खड़ा है प्रभावित परिवारों के साथः राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे को हृदय विदारक बताते हुए कहा है कि दुख की इस घड़ी में पूरा देश प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है। मुर्मु ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह इस घटना के बारे में जानकर 'बहुत व्यथित' हैं और उन्होंने इसे 'हृदय विदारक आपदा' कहा। राष्ट्रपति ने कहा, अहमदाबाद में हुए दुखद विमान दुर्घटना के बारे में जानकर मैं बहुत व्यथित हूं। यह एक हृदय विदारक आपदा है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं। राष्ट्र इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है।

## अहमदाबाद विमान हादसा दिल दहलाने वालाः पीएम मोदी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर गहरा दुख जताया है और प्रभावित लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूँ जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं।

## विमान हादसे में एक यात्री जीवित



गुजरात के अहमदाबाद से लंदन के गैटविक जा रहा एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन एआई-171 टेक-ऑफ के तुरंत बाद क्रैश हो गया। इस विमान हादसे में एक यात्री के बचने की खबर सामने आ रही है। यात्री का नाम रमेश विश्वास कुमार है। घायल का अस्पताल में इलाज जारी है। रमेश विश्वास ने बताया कि हादसे के बाद जोरदार धमाका हुआ, चारों तरफ आग की लपटें थीं। मुझे एंबुलेंस के जरिए अस्पताल लाया गया। मुझे भरोसा नहीं होता कि मैं जीवित हूं, ये किसी करिश्मे से कम नहीं है।

## सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे ने विमान हादसे पर जताया गहरा शोक





**नयी दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। गांधी ने अपने शोक संदेश में कहा,अहमदाबाद में हुए दर्दनाक विमान हादसे से मैं बेहद स्तब्ध और व्यथित हूँ। मेरी संवेदनाएं यात्रियों और चालक दल के परिजनों के साथ हैं। जो दृश्य सामने आए हैं, वे बेहद पीड़ादायक हैं। पूरा देश शोक में है और प्रार्थना कर रहा है। खरगे ने कहा गुजरात के अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ, जिसमें कई यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। भयावह दृश्य देखकर दिल दहल जाता है। यात्रियों, पायलट और चालक दल के परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना और प्रार्थनाएँ। गांधी ने कहा,अहमदाबाद एयर इंडिया दुर्घटना दिल दहला देने वाली है। यात्रियों और चालक दल के परिवारों को जो दर्द है वह अकल्पनीय है। इस अविश्वसनीय रूप से कठिन क्षण में मेरी संवेदनाएं उनमें से प्रत्येक के साथ हैं।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुजरात में हुए विमान दुर्घटना पर जताया गहरा शोक



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुजरात के अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना को अत्यंत हृदयविदारक और दुखद घटना बताया है। उन्होंने इस भीषण दुर्घटना में मृत यात्रियों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल और शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

### स्थानीय प्रशासन की मदद के लिए आयी सेना

**नयी दिल्ली।** भीषण विमान दुर्घटना के बाद भारतीय सेना भी मदद के लिए आगे आई है तथा सेना के जवान राहत और बचाव अभियान में नागरिक प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं। सेना के अनुसार अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रयासों में नागरिक प्रशासन की सहायता के लिए सेना की 130 कर्मियों वाली टीमों को तैनात किया गया है। इन टीमों में मलबा हटाने के लिए जेसीबी के साथ इंजीनियरिंग टीमें, डॉक्टरों और पैरामेडिक्स मेडिकल टीमें, त्वरित कार्रवाई दल तथा अग्निशामक यंत्र शामिल हैं। इसके अलावा सेना के अस्पताल को भी मदद के लिए तैयार रखा गया है।

## नागरिक उड्डयन मंत्री के राम मोहन नायडू ने कहा- विमान दुर्घटना की विस्तृत जांच करायी जायेगी



**नयी दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री के राम मोहन नायडू ने कहा है कि अहमदबाद में गुरुवार को हुये विमान हादसे की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच करायी जायेगी। नायडू ने दुर्घटना स्थल पर पहुंचने के बाद संवाददाताओं से कहा कि वह हादसे के बाद से गहरे सदमे में हैं। इस समय वह यात्रियों और उनके परिवारों के बारे में सोच रहे हैं। अभी वह हताहतों की संख्या के बारे में कुछ नहीं कहना चाहते। कई एजेंसियां बचाव और राहत कार्य में लगी हुयी हैं। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना की निष्पक्ष और विस्तृत जांच करायी जायेगी और यह पता लगाया जायेगा कि यह दुर्घटना किस वजह से हुई। नायडू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें फोन कर दुर्घटना स्थल पर रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटनाग्रस्त विमान में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी सवार थे। गौरतलब है कि आज दोपहर बाद अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान उड़ान भरने के तत्काल बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में यात्री और चालक दल के सदस्यों सहित 242 लोग सवार थे।

## एयर इंडिया ने विमान दुर्घटना पर जताया शोक, आपातकालीन सेवा केंद्र खोला

**नयी दिल्ली।** एयर इंडिया के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन अहमदाबाद से लंदन जा रहे एअर इंडिया की उडान संख्या ए-171 के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि करते हुए इस पर गहरा शोक जताया और पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। चंद्रशेखरन एक बयान में कहा, मैं बहुत दुःख के साथ इसकी पुष्टि करता हूँ कि अहमदाबाद से लंदन के गैटविक के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या ए-171 आज दुर्घटना का शिकार हो गयी। हमारी शोक संवेदनाएं इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से प्रभावित सभी लोगों के परिजनों के साथ है। इस समय, हमारा ध्यान प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के लोगों को ढांढस बंधाने पर है। उन्होंने कहा, हम दुर्घटनास्थल पर आपातकालीन सेवा में जुटी टीमों की सहायता करने और प्रभावित लोगों को सभी आवश्यक सहायता देने का काम पूरी ताकत के साथ कर रहे हैं। इस बारे में आगे जैसे ही और अधिक जानकारी मिलेगी उसे तत्काल अपडेट कर साझा करेंगे। एयर इंडिया के अध्यक्ष ने कहा कि विमान दुर्घटना के बारे में लोगों को जरूरी सूचना देने के लिए एक आपातकालीन केंद्र खोला गया है। पीड़ित परिजनों की मदद के लिए सहायता टीम भी लगा दी गई है।

# अवैध रेत उत्खनन के विरोध में चली गोलियाँ, दो ग्रामीण घायल

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में अवैध रेत खनन का मामला दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है। रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद है कि ना इनसे पुलिस सुरक्षित है ना ही पत्रकार और ना ही जनता। ताजा मामला राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोहर वार्ड क्रमांक 49 का है जहां अवैध रेत खनन और उसके परिवहन को लेकर जमकर विवाद हुआ। ग्रामीणों द्वारा रेत खनन रोकने का प्रयास करने पर रेत माफियाओं ने न केवल विवाद किया, बल्कि कटटे से तीन राउंड फायरिंग कर दी। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव और दहशत का माहौल बना हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ग्रामीणों ने अवैध खनन और डम्फरो की आवाजाही का विरोध किया था। इसी दौरान रेत माफियाओं और ग्रामीणों के बीच बहस बढ़ गई, जो हिंसक रूप ले लिया। जानकारी अनुसार रेत माफियाओं ने कटटा निकाल कर तीन राउंड हवाई फायरिंग की, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। हालांकि, इस घटना के बाद स्थानीय लोग प्रशासन की निष्क्रियता को लेकर नाराज हैं और कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इस घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है फिलहाल गांव में भारी पुलिस बल तैनात है घटना बसंतपुर थाना क्षेत्र की है। जहां चार दिनों से अवैध रेत खनन चल रहा था जिसे लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई है। इसी बीच बुधवार की रात रेत चोरों को पकड़ने जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो वहां रेत तस्करों ने दो मध्यप्रदेश पासिंग गाड़ियों मे सवार होकर आये कुछ युवकों ने गाड़ी से उतरते ही कटटे से तीन चार राउंड फायरिंग की इसमें गांव का एक युवक रोशन मण्डावी के सिर को गोली छूते हुए निकल गई उसके कान में गंभीर चोटे आई है, उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। साथ ही दो अन्य भी हुए घायल का इलाज जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि रात के अंधेरे में कुछ लोग लगातार अवैध रेत खनन कर रहे हैं। साथ ही स्थानीयों ने जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बहरहाल अवैध रेत खनन की घटनाओं और खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं, वह पुलिस, पत्रकार और अब आम जनता को भी बक्खने के मूड में नहीं है।

## कर्मचारियों की 'कुंडली' मोबाइल एप पर

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन ई-गवर्नेंस के माध्यम से सुशासन को सशक्त और सहज बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। डिजिटल प्रशासन - पारदर्शी समाधान की नीति को आगे बढ़ाते हुए, प्रदेश सरकार ने अब कर्मचारियों की सेवा जानकारी को मोबाइल एप के माध्यम से अद्यतन करने की अभिनव पहल की है। यह प्रयास मुख्यमंत्री साय की उस सोच को दर्शाता है जिसमें प्रत्येक कर्मचारी की सुविधा, सम्मान और अधिकार सुरक्षित हों, तेज़, सरल और भरोसेमंद प्रणाली के माध्यम से। इसी कड़ी में प्रदेश के लगभग 4 लाख सरकारी कर्मचारियों की सीआर के लिए अब फाइलें पलटने का झंझट समाप्त हो गया है। कर्मचारियों की प्रोफाइल अब एम्प्लाई कॉर्नर मोबाइल एप पर अद्यतन (अपडेट) की जाएगी। इससे सेवानिवृत्ति, पदोन्नति, वेतन विसंगति आदि के समय किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। नई व्यवस्था के अनुसार अब कर्मचारियों की प्रोफाइल को कार्मिक संपदा पोर्टल पर लोड और अपडेट करना अनिवार्य होगा। इसके लिए एम्प्लाई कॉर्नर मोबाइल एप और वेब पोर्टल विकसित किए गए हैं। संचालनालय कोष एवं लेखा की इस नई व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। कर्मचारियों की सेवा संबंधी कुंडली को अद्यतन रखने में यह व्यवस्था अत्यंत सहायक सिद्ध होगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश शिक्षक भर्ती प्रक्रिया पर विचार करने से किया इनकार

पायनियर संवाददाता ◂ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने आंध्र प्रदेश में 16347 शिक्षकों की भर्ती के लिए चल रही मेगा जिला चयन समिति परीक्षा-2025 को चुनौती देने वाली रिट याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ता पोसिना आनंद साई की याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए उन्हें आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की अनुमति दी। उच्च न्यायालय में फिलहाल गर्मी की छुटिटयां हैं। इसके बाद अदालत 16 जून से फिर से खुलेगी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता (डॉ.) चारु माथुर द्वारा मामले का उल्लेख किए जाने पर शुरू में न्यायमूर्ति मनमोहन ने टिप्पणी की कि परीक्षा पहले ही शुरू हो चुकी है। अदालतों को ऐसे मामलों में कोई रोक नहीं लगानी चाहिए। उन्होंने अधिवक्ता से कहा, परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। हम उन्हें बीच में नहीं रोक सकते। हम परीक्षा आयोजित करने के लिए कोई तंत्र नहीं बनाते हैं। यह हमारी विशेषज्ञता नहीं है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने पीठ के समक्ष याचिका का विरोध किया। उन्होंने कहा कि लाखों अभ्यर्थी पहले ही परीक्षा दे चुके हैं। न्यायमूर्ति मिश्रा ने सवाल किया कि याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाया। इस पर अधिवक्ता माथुर ने कहा कि आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में छुटिटयां चल रही हैं। इसलिए उच्च न्यायालय संबंधित मामले की सुनवाई नहीं कर पाया है। छुटटी के संबंध में अधिवक्ता ने कहा कि उन्होंने कुछ अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल किए हैं, जिसमें साफतौर पर उल्लेख किया गया है। इन दलीलों का पीठ पर कोई असर नहीं हुआ और उसने रिट याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि उच्च न्यायालय 16 जून को फिर से खुल रहा है?। याचिकाकर्ता किसी भी राहत के लिए उच्च न्यायालय से गुहार लगा सकता है। याचिका के अनुसार आंध्र प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 16347 शिक्षण पदों को भरने के लिए परीक्षा आयोजित की जा रही है। याचिकाकर्ता की शिकायत यह है कि परीक्षा लगभग 5.72 लाख उम्मीदवारों के लिए एक महीने की अवधि में कई पालियों में अलग-अलग प्रश्नपत्रों के साथ आयोजित की जानी है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह दृष्टिकोण योग्यता-आधारित भर्ती प्रक्रिया में एक बुनियादी दोष पेश करता है, जिसके तहत समान स्थिति वाले उम्मीदवारों को अलग-अलग कठिनाई हो सकती है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि अपनाई गई यह परीक्षा प्रक्रिया मनमाना, गैर-पारदर्शी के साथ साथ भारतीय संविधान के तहत संरक्षित अनुच्छेद 14 और 16 के तहत याचिकाकर्ता के अधिकार का उल्लंघन करती है। भूतपूर्व सैनिक इस याचिकाकर्ता ने लागू नियमों के अनुसार आरक्षित श्रेणी के तहत आवेदन किया है तथा एक जून, 2025 को उसकी परीक्षा हो गई। याचिका में कहा गया है कि आक्षेपित प्रक्रिया अप्रत्याशित और मनमाने तरीके से उसके चयन की संभावना को सीधे प्रभावित करती है।

# भारी वर्षा के कारण कर्नाटक के कई हिस्से जलमग्न



एजेंसी ◂ हुबली
www.dailypioneer.com

उत्तर कर्नाटक के धारवाड़, हुबली और गदग जिलों में रातभर हुयी वर्षा के कारण आयी बाढ़ के कारण कई बड़े हिस्सों में व्यापक तबाही हुयी है। भारतीय मौसम विभाग ने धारवाड़ जिले में रेड अलर्ट जारी किया है जिसको लेकर आपातकालीन उपाय किए जा रहे हैं। धारवाड़ जिले के नवलगुंड तालुक के यमनूर गांव के पास एक परिवार (पति, पत्नी और दो बच्चे) अपने फार्महाउस में बाढ़ के पानी में फंसा हुआ है। टुपरी झील के बढ़े जलस्तर के कारण सभी रास्ते बंद हैं। जिला प्रशासन ने तत्काल बचाव अभियान शुरू किया है। हुबली के अंबिका नगर इलाके में तेज बारिश के कारण एक बड़ा पेड़ उखड़ गया। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। गदग-बेतगेरी क्षेत्र में भारी बारिश से रॉन तालुक के यवागल गांव के पास बेन्ने हल्ला नदी उफान पर आ गयी। जलभराव के कारण एक मुख्य पुल डूब गया और रॉन-नरगुंड-यवागल रोड बंद हो गयी, जिससे स्थानीय किसानों और यात्रियों में चिंता व्याप्त गयी है। हुबली की रंभापुर कॉलोनी में 100 से अधिक घर जलमग्न हो गये, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी की सामना करना पड़ रहा है। धारवाड़ की उपायुक्त दिव्या प्रभु ने आज सभी आंगनवाड़ी केंद्रों, प्राथमिक, माध्यमिक और ग्रेजुएट कॉलेजों के लिए एक दिन की छुटटी की घोषणा की। उन्होंने हालांकि स्पष्ट किया कि प्री-यूनिवर्सिटी कोर्स (पीयूसी) की वार्षिक परीक्षाएं निर्धारित समय पर ही होंगी। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को बेहतर समन्वय के लिए केंद्र में तैनात रहने का निर्देश दिया और खासकर निचले इलाकों के लोगों से सतर्क रहने और आवश्यक सावधानी बरतने को कहा। धारवाड़ और आस-पास के इलाकों में भारी बारिश जारी है। यहां अगले 48 घंटे में और बारिश के आसार के कारण प्रशासन सतर्क है।

# दिल्ली में भीषण गर्मी के मददेनजर रेड अलर्ट जारी

वार्ता ◂ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय राजधानी में भीषण गर्मी जारी रहने पर मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने कहा कि राजधानी दिल्ली में चौथे दिन प्रचंड गर्मी का प्रकोप जारी रहा। विभाग ने इसके मद्देनजर रेड अलर्ट जारी किया है। उन्होंने लोगों से बहुत जरूरी काम होने पर घर से बाहर निकलने की बात कही और निरंतर पेयजल लेने की अपील की। इन दिनों गर्मी और उमस का असर लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। विशेष रूप से बुजुर्ग, बच्चे और बाहर काम करने वाले लोग इससे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। विभाग के बुलेटिन के मुताबिक राजधानी में 13 जून तक प्रचंड गर्मी और लू जारी रहेगी। इस बीच दिल्ली में बुधवार को अधिकतम तापमान 43.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो सामान्य से 3.6 डिग्री अधिक रहा। आज अधिकतम तापमान 45 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है। नमी का स्तर 31 से 73 प्रतिशत के बीच रह सकता है, जिससे गर्मी का अहसास और बढ़ गया है। इन दिनों दिल्ली समेत उत्तर-पश्चिम भारत के कई इलाके इन दिनों प्रचंड गर्मी की चपेट में हैं। विभाग ने 13 जून के लिए दिल्ली में 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है।

## बंगाल के महेशतला में निषेधाज्ञा लागू , 40 गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में दक्षिण 24 परगना जिले के महेशतला में दो समूहों के बीच हिंसक झड़प के बाद एक मंदिर में तोड़फोड़ से तनाव की स्थिति निर्मित हो गयी और और स्थानीय प्रशासन ने गुरुवार को इलाके में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (पूर्व में धारा 144 ) की धारा 163 लागू कर दी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने करीब 40 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने लोगों को हिंसा में शामिल न होने की चेतावनी दी है। सशस्त्र बलों ने कानून लागू करने वालों पर हमला करने वाले संदिग्धों की तलाश में नए सिरे से तलाशी अभियान शुरू किया है, जिसमें कई सुरक्षाकर्मी घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने सात प्राथमिकी दर्ज की हैं और उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। हिंसा प्रभावित इलाके के निवासी आज घरों के अंदर ही रहे। इलाके में दुकानें और बाजार बंद रहे। महेशतला में कल शिव मंदिर के सामने दुकानों के निर्माण को लेकर विवाद के बाद हिंसा भड़क उठी। स्थानीय निवासियों ने इस कदम का विरोध किया और इसके बजाय एक छोटा तुलसी मंदिर बनाया, जिसके कारण कथित तौर पर हिंसक प्रतिक्रिया हुई। हिंसा को रोकने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और कोलकाता से अतिरिक्त बल बुलाया। पथराव के दौरान एक महिला कांस्टेबल सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए।

# किसानों की आय बढ़ाना मोदी सरकार की शीर्ष प्राथमिकता : शिवराज

एजेंसी ◂ बारडोली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाना मोदी सरकार की शीर्ष प्राथमिकता रही है और सरकार इसके लिए निरंतर प्रयासरत है। चौहान ने गुजरात के सूरत जिले में सरदार वल्लभभाई पटेल की कर्मस्थली बारडोली में 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार के पिछले 11 वर्ष में किसानों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व काम किये गये हैं। उन्होंने कहा कि कृषि का मशीनीकरण करने से लेकर फसल विविधीकरण तक सरकार ने हर स्तर पर नयी रणनीति तय की है। सरकार का उद्देश्य कृषि को लाभकारी बनाते हुए किसान परिवार को प्रतिष्ठा और गरिमा पूर्ण जीवन उपलब्ध कराना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना कृषि को विकसित बनाए बिना पूरा नहीं हो सकता। विकसित कृषि संकल्प अभियान इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए है। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल भी मौजूद रहे। चौहान ने किसानों को सब्सिडी, न्यूनतम समर्थन मूल्य, उत्तम बीज तथा खाद और अन्य आदानों का उल्लेख करते हुए कहा कि 12 जून 1928 को सरदार वल्लभभाई पटेल ने बारडोली से अंग्रेज सरकार के विरुद्ध संघर्ष छेड़ा था और उन्हें सरदार की उपाधि भी इसी धरती से दी गयी। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में शक्तिशाली भारत का निर्माण हो रहा है। विदेशों में भारत का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 'लैब टू लैंड' के विचार को विकसित कृषि संकल्प अभियान से साकार किया गया है। देश के 16 हजार से अधिक कृषि वैज्ञानिकों को खेतों में भेजा गया है और लगभग डेढ़ करोड़ किसानों से उनका सीधा संवाद बनाया गया है। इसके आधार पर भविष्य के शोध होंगे। प्राकृतिक खेती बल देते उन्होंने कहा कि इसके लिए केंद्र और राज्य मिलकर प्रयास करेंगे। चौहान ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य किसानों की वास्तविक समस्याओं को जानना, उनका समाधान तय करना तथा भविष्य के रणनीति बनाना रहा है। यह अभियान भविष्य में कृषि अनुसंधान की दिशा भी तय करेगा। विकसित कृषि संकल्प अभियान पिछले 15 दिन से पूरे देश में चल रहा है जिसमें चौहान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अधिकारियों को लेकर गांव और खेतों में उतर रहे हैं। देशव्यापी अभियान 29 मई शुरू हुआ था। अभियान के अंतर्गत चौहान ओडिशा, जम्मू, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, पंजाब, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना,दिल्ली, गुजरात और अन्य राज्यों के किसानों से संवाद किया। समापन समारोह में देशभर से 16 हजार वैज्ञानिकों के 2170 दल ओनलाइन जुड़े।

# आठवें वेतन आयोग गठन की अधिसूचना जारी न करने से कर्मचारियों में रोष : लांबा

एजेंसी ◂ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने गुरुवार को कहा कि आठवें वेतन आयोग गठन की घोषणा के पांच महीने बीतने पर भी अधिसूचना जारी न किये जाने से कर्मचारियों में रोष है। लांबा ने यहां जारी बयान में कहा कि केन्द्र सरकार ने कर्मचारियों के निरंतर विरोध को देखते हुए 16 जनवरी को केंद्रीय आठवें वेतन आयोग के गठन करने की घोषणा की थी, जिसका भाजपा को दिल्ली विधानसभा चुनाव में फायदा भी मिला था लेकिन करीब पांच महीने बीत जाने के बावजूद भी अधिसूचना जारी नहीं हुई है, जिसको लेकर लाखों कर्मचारियों में रोष और बैचेनी बढ़ती जा रही है। उन्होंने अविलंब अधिसूचना जारी करने की मांग की और आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जानबूझकर अधिसूचना नहीं कर रही है, ताकि पहली जनवरी, 2026 से वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू न करना पड़े। लांबा ने कहा कि केन्द्र सरकार ने अभी तक टर्म ऑफ रेफ्रेंस को भी मंजूरी नहीं दी है। उन्होंने बताया कि पहले केन्द्र सरकार आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों को स्वीकार कर केन्द्रीय कर्मचारियों पर लागू करेगी और उसके बाद ही राज्य सरकार अपने कर्मचारियों पर लागू करेगी। उन्होंने इसी के साथ आयोग के टर्म ऑफ रेफ्रेंस में ठेका कर्मियों के वेतन निर्धारण करना भी शामिल करने की मांग की है, क्योंकि ठेका कर्मियों के वेतन बढ़ोतरी का कोई ठोस मैकेनिज्म नहीं है।

# पहलगाम आतंकवादी हमले की एक स्वर से कड़ी निंदा की गयी ब्रिक्स संसदीय सम्मेलन में : हरिवंश

वार्ता ◂ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने कहा कि दस ब्रिक्स देशों की संसदों ने 11 वें ब्रिक्स संसदीय सम्मेलन में पहलगाम आतंकवादी हमले की स्पष्ट रूप से कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद को कतई बर्दाशत नहीं करने की भारत की नीति को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई है। हरिवंश ने 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक 2026 में भारत की अध्यक्षता में होने को भी देश के लिए गौरवपूर्ण बताया है। राज्यसभा के उपसभापति ने यहां संवादाताओं के साथ बातचीत में कहा कि ब्राजील में हाल ही में संपन्न 11वें ब्रिक्स संसदीय सम्मेलन में पहलगाम में हुए दुखद हमले और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक एकजुटता की निरंतर वकालत सहित प्रमुख मुद्दों पर भारत के दृष्टिकोण की व्यापक रूप से सराहना की गई। सम्मेलन में अपनाये गये संयुक्त घोषणा पत्र में इन स्थितियों को सर्वसम्मति से व्यक्त किया गया। इसमें विशेष रूप से आतंकवाद का मुकाबला करने के मामले में भारत के दृढ़ और सैद्धांतिक रुख को जोरदार समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के सभी रूपों की स्पष्ट रूप से निंदा की और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत सहित सभी 10 सदस्य देशों की संसदों की भागीदारी के साथ ब्रासीलिया में आयोजित यह सम्मेलन भारत के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता थी। सम्मेलन में भारत, ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफीका, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र, इथियोपिया और इंडोनेशिया के प्रतिनिधिमंडल शामिल थे। राज्यसभा के उप सभापति ने कहा कि इन संसदों के



प्रतिनिधियों ने विचार-विमर्श में सक्रिय रूप से भाग लिया और संयुक्त घोषणा पत्र को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने जोर देकर कहा कि संयुक्त घोषणा में पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की गई है और सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने आतंकवाद के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई करने का संकल्प लिया है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवादी संगठनों को वित्तीय सहायता पर अंकुश लगाने, खुफिया जानकारी साझा करने, उभरती प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग को रोकने और जांच एवं न्यायिक प्रक्रियाओं में सहयोग को मजबूत करने के लिए समन्वित प्रयासों की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत के दृष्टिकोण को सम्मेलन में विशेष मान्यता मिली और सदस्य देशों ने पुष्टि की है कि वैश्विक शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी सदस्य देशों की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है। उपसभापति ने कहा कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने कई प्रमुख मुद्दों पर देश के मजबूत और स्पष्ट रुख को प्रभावी ढंग से व्यक्त किया। इसमें विशेष रूप से आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहयोग की आवश्यकता, न्यायसंगत और संतुलित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की खोज, तकनीकी नवाचार में भागीदारी और लोकतांत्रिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने पर जोर रहा। हरिवंश ने कहा कि कई दौर की गहन चर्चा और विचार-विमर्श के बाद, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग, वैश्विक व्यापार और अर्थव्यवस्था, अंतर-संसदीय सहयोग, वैश्विक शांति और सुरक्षा जैसे प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर व्यापक सहमति बनी। राज्यसभा के उप सभापति ने कहा कि सम्मेलन के समापन पर भारत को अगले वर्ष 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच की मेजबानी की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# सिंचाई विभाग में होता है घोटला बाढ़ से पहले भी, बाढ़ के बाद भी : सैलजा

एजेंसी ◂ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

कांग्रेस महासचिव एवं सिरसा सीट की सांसद कुमारी सैलजा ने आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार का सिंचाई विभाग भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा है और इसमें बाढ़ से पहले भी और बाढ़ के बाद भी घोटाले होते हैं। कुमारी सैलजा ने यहाँ जारी बयान में कहा कि बाढ़ से पहले बचाव की तैयारियों को लेकर बाद में बाढ़ में प्रबंधनों के नाम पर फर्जी बिल बनाकर घोटाले किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ताजा मामला सिंचाई विभाग में हाल ही में निर्माणाधीन प्रोजेक्ट में भारी घोटाले के रूप में सामने आये हैं और सरकार ने आनन-फानन 12 एसई, 17 एक्सईएन, 22 एसडीओ और 29 जेई को चार्जशीट किया है और तीन चीफ इंजीनियरों के खिलाफ नाराजगी नोट जारी किया है। मीडिया को जारी बयान में सांसद ने कहा कि सिंचाई विभाग सीधे तौर पर किसानों और आम आदमी से जुडा हुआ है, नहरों के माध्यम से किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए पानी देता है साथ ही जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग को पेयजल उपलब्ध कराता है ताकि लोगों को पीने के पानी का मिल सके। उन्होंने आरोप लगाया कि सिंचाई विभाग में किसानों से संबंधित कार्य में सबसे ज्यादा घोटाला होता है, नहरों की साफ-सफाई कागजों में दिखाकर फर्जी बिलों को भुगतान कर दिया जाता है, कभी तटबंधों की मरम्मत के नाम पर घोटाला किया जाता है।

# अमरनाथ यात्रा में तीर्थयात्रियों के लिए करीब 125 लंगर लगाए जाएंगे

एजेंसी ◂ जम्मू
www.dailypioneer.com



केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में आगामी तीन जुलाई से शुरू होने वाली वार्षिक अमरनाथ यात्रा में प्रदेश के प्रवेश द्वार लखनपुर से दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित पवित्र गुफा मंदिर तक करीब 125 लंगर लगाए जाएंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि लखनपुर से बाबा बर्फानी के मंदिर तक करीब 125 लंगर लगाए जाएंगे, जिसमें पहलगाम और बालटाल मार्ग भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि लंगर सामग्री और शेड लगाने के लिए ढांचागत उपकरण ले जाने वाले ट्रक 15 जून से जम्मू-कश्मीर पहुंचना शुरू हो जाएंगे। उन्होंने कहा, लंगर लगाने की प्रक्रिया इस महीने के अंत तक पूरी हो जाएगी। इस वर्ष तीन जुलाई से शुरू होने वाली 38 दिवसीय यात्रा रक्षाबंधन के दिन नौ अगस्त को समाप्त होगी। पहला जत्था दो जुलाई को जम्मू से रवाना होगा। अधिकारियों ने बताया कि यात्रा मार्गों के अलावा अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा लंगर संगठनों को अनुमति दिए जाने के बाद लखनपुर से श्रीनगर और पहलगाम तथा बालटाल तक 50 से अधिक लंगर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों के लंगर संगठन गुफा मंदिर के रास्ते में सामुदायिक रसोई स्थापित करेंगे। उन्होंने बताया कि कुल 25 लंगर बालटाल और दोमेल में, 13 लंगर पवित्र गुफा में, आठ शेषनाग में, पांच पिस्सूटॉप में, 12 पंचतरणी में, सात चंदनवाड़ी में, नौ नुनवान में और पांच जोजीबल में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जम्मू आधार शिविर यात्री निवास भगवती नगर में पांच लंगर और जम्मू-पठानकोट तथा जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्गों पर करीब 50 लंगर लगाए जाएंगे। अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने लंगर संगठनों के लिए भोजन मेनू को भी अंतिम रूप दिया है और उन्हें तैलीय वस्तुओं से बचने के लिए कहा है। श्राइन बोर्ड ने तीर्थयात्रियों को पौष्टिक और स्वस्थ भोजन खाने के लिए भी प्रोत्साहित किया है। अमरनाथ की पवित्र गुफा अनंतनाग जिले के पहलगाम में स्थित है और हिंदुओं का एक प्रमुख तीर्थ स्थल है।

# 16 रेलवे में तत्काल टिकट बुकिंग के लिए एक जुलाई से आधार प्रमाणीकरण जरुरी

पायनियर संवाददाता ◂ तिरुवनंतपुरम
www.dailypioneer.com

यात्रियों के हितों की रक्षा और तत्काल टिकट बुकिंग को पारदर्शी बनाने के लिए भारतीय रेलवे ने तत्काल टिकट प्रणाली में अहम बदलावों की घोषणा की है। अब यात्रियों को तत्काल टिकट बुकिंग के लिए एक जुलाई से आधार वेरिफिकेशन कराना जरुरी होगा। एक विज्ञप्ति के अनुसार इन बदलावों का उद्देश्य तत्काल टिकट व्यवस्था के दुरुपयोग को रोकने और उपयोगकर्ता प्रमाणीकरण को मजबूत करने के लिए रेलवे ने अपने नए नियम लागू किए हैं। अब एक जुलाई से आईआरसीटीसी वेबसाइट और ऐप के जरिए तत्काल टिकट सिर्फ आधार-प्रमाणित उपयोगकर्ता को ही मिलेंगे। वहीं, 15 जुलाई से ऑनलाइन बुकिंग के लिए आधार आधारित ओटीपी सत्यापन अनिवार्य होगा। विज्ञप्ति के अनुसार 15 जुलाई से पीआरएस काउंटर और अधिकृत एजेंटों के जरिये बुक किये गये तत्काल टिकटों के लिए भी मोबाइल नंबर पर भेजा गया ओटीपी सत्यापन अनिवार्य होगा। साथ ही, तत्काल बुकिंग खुलने के पहले 30 मिनट तक अधिकृत एजेंट टिकट बुक नहीं कर सकेंगे। यह नियम एसी क्लास के लिए सुबह 10 से 10:30 बजे तक और नॉन-एसी क्लास के लिए 11 से 11:30 बजे तक लागू रहेगा। तत्काल टिकट बुकिंग में पारदर्शिता बढ़ाने और वास्तविक यात्रियों तक इसका लाभ पहुंचाने के लिए ये बदलाव किये जा रहे हैं। सीआरआईएस और आईआरसीटीसी को सिस्टम में जरूरी बदलाव कर सभी क्षेत्रीय रेलवे और संबंधित विभागों को सूचित करने के निर्देश दिये गये हैं। रेलवे मंत्रालय ने यात्रियों से अपने आईआरसीटीसी प्रोफाइल को आधार से लिंक करने की अपील की है, ताकि भविष्य में कोई परेशानी न हो।

# सिंधु जल संधि निलंबन का लाभ उठाया जायेगा : खटटर

एजेंसी ◂ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खटटर ने कहा कि सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के वर्तमान निलंबन का पूरा लाभ देश के बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए उठाया जायेगा। खटटर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ समीक्षा बैठक के बाद श्रीनगर में मीडिया के साथ बातचीत कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा,अब जबकि सिंधु जल संधि स्थगित है, हमें इसका पूरा लाभ उठाना होगा। उन्होंने पहाड़ी इलाकों के कारण जम्मू-कश्मीर में पनबिजली उत्पादन क्षमता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि झेलम, चिनाब और सिंधु नदियों पर स्थित पनबिजली परियोजनाओं में अच्छी प्रगति हुई है। राष्ट्रीय पनबिजली निगम (एनएचपीसी) और स्थानीय कंपनियां संयुक्त रूप से इन पहलों को आगे बढ़ा रही हैं। उन्होंने जोर दिया कि सरकार मौजूदा बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की खासतौर पर निर्माणाधीन परियोजनाओं की क्षमता बढाएगी। खटटर ने बताया कि केंद्र कई नयी परियोजनाओं पर भी विचार कर रहा है जिन्हें आईडब्ल्यूएस निलंबन के कारण शुरू किया जा सकता है। उन्होंने कहा,हम नयी संभावनाएं तलाश रहे हैं। पहलगाम में 22 अप्रैल को पर्यटकों पर हुए जघन्य आतंकवादी हमले के एक दिन बाद भारत ने आईडब्ल्यूटी को निलंबित कर दिया था। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। केंद्रीय मंत्री ने बिजली क्षेत्र में विशेष रूप से स्मार्ट और प्रीपेड स्मार्ट मीटर अपनाने में जम्मू-कश्मीर की महत्वपूर्ण प्रगति की प्रशंसा की और उसे अन्य राज्यों से आगे बताया। उन्होंने हालांकि माना कि जम्मू-कश्मीर को खासतौर पर बिजली और ऊर्जा घाटे के मामलों में अभी भी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा,यहां एटीएंडसी (कुल तकनीकी और वाणिज्यिक) घाटे राष्ट्रीय औसत से अधिक हैं लेकिन जिस दर से उन्हें कम किया जा रहा है वह सराहनीय है। उन्होंने बिजली क्षेत्र में वित्तीय अंतराल, खासकर आपूर्ति की औसत लागत (एसीएस) और औसत राजस्व प्राप्ति (एआरआर) के बीच के अंतर के बारे में भी बात की।

# देवरी के शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा, शिकायत के बाद भी कब्जाधारी ग्रामीणों को दिखा रहा ठेंगा

## नाप करने पहुँचे आरराई के पंचनामा से असंतुष्ट ग्रामीणों ने कहा हम नहीं करेंगे हस्ताक्षर

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com





जिला मुख्यालय से सटे ग्राम पंचायत देवरी के कुछ जागरूक ग्रामीण युवकों ने लिखित व ईमेल के माध्यम से शिकायत किये थे कि ग्राम पंचायत देवरी में खसरा नंबर 1140 में या बाबा ट्रेडर्स के द्वारा अवैध तरीके से गांव की जमीन पर कब्जा कर दुकान व कॉम्लेक्स तान दिया गया है जिसका कई बार ग्रामीणों द्वारा विरोध भी किया गया। शिकायत के बाद 10 जून को आरआई, पटवारी द्वारा मौके पर पहुँच सीमाकंन किया गया जहां लगभग ढाई डिसमिल जमीन पर या बाबा ट्रेडर्स द्वारा कब्जा कर पक्का दुकान बनाया गया है। इस कब्जे की पुष्टि पहली बार नहीं हुई है इसके पहले भी इस तरह की जांच व पुष्टि हो चुकी है इसके बाद भी कब्जाधारी धड़ल्ले से अपना राइसमिल व खाद बीज का कारोबार कर रहा है वहीं ग्रामीण प्रशासन से हर बार शिकायत व फरियाद कर परेशान हो रहे है। अवैध कब्जे के नाप जोख के बाद मौके पर ग्रामीण यह कहकर पंचनामा में सहमति व हस्ताक्षर करने से मना कर दिया कि हम इस नाप जोख से संतुष्ट नहीं है। विदित होकि ग्राम पंचायत देवरी के ग्रामीणों द्वारा यह शिकायत किया गया है कि ग्राम देवरी में या बाबा ट्रेडर्स द्वारा अपने जमीन से लगे सड़क किनारे के जमीन में अवैध तरीके से कॉम्लेक्स तैयार कर कारोबार किया जा रहा है जिसका कई बार सीमांकन किया गया किंतु आज पर्यन्त तक उस जमीन से कब्जा नहीं हटाया गया जिससे गांव में तनाव का माहौल बना रहता है।

**2016 से चल रहा जमीन का विवाद -** पूर्व जनपद सदस्य संतोष प्रधान व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि 2016 से अब तक इस अवैध निर्माण का विरोध किया जा रहा किंतु आज तक अतिक्रमणकारी पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है मैं खुद इसका कई बार विरोध कर चुका हूँ। व इस अवैध निर्माण को तोड़ने प्रशासन से गुहार लगा चुका हूँ।

**अपनो पे कहर गैरो पे रहम -** कुछ ग्रामीणों का कहना था यह गांव का जमीन है जिस पर कुछ ग्रामीणों द्वारा घर बना कर रहने की तैयारी कर रहे थे लेकिन उस समय यह शासकीय जमीन है कहकर स्थानीय ग्रामीणों को यहाँ से हटा दिया गया था जबकि 2016 के बाद से यहां या बाबा ट्रेडर्स द्वारा कब्जा किया गया जिसकी कई बार शिकायत होने के बाद भी यह मामला ठंडे बस्ते में है। पेशा कानून केवल नेताओं का नारा या ग्रामीणों के हित के लिए इन दिनों जब भी बस्तर में स्थानीय मुद्दों पर बातचित होती है तो सबसे पहले नेताओं द्वारा ग्रामीणों को यह आश्वासन दिया जाता है कि पेशा कानून के तहत ग्राम पंचायत व ग्रमीणों का क्या अधिकार है किंतु यहाँ धरातल में ग्रमीणों के साथ क्या हो रहा है यह तो ग्रामीण भी समझ रहे है। इतने वर्षों से इस तरह कब्जा कर ग्रामीणों को व प्रशासन को ठेंगा दिखाने वाले किस तरह गांव के खाली शासकीय जमीनों पर कब्जा जमाये है। आज के नपजोक की कार्यवाही में ग्राम पंचायत देवरी के सरपंच गोवर्धन नागेश, नीलेश कुलदीप उपसरपंच, गाड़ा राय नागेश ग्राम पटेल, गौकरण प्रधान, मुनेश कुलदीप, फिंगेश धनेलिया, मोहन नेताम, लछिंदर नाग, लोभान सिंह नाग, रोहित नाग सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस सबन्ध में या बाबा ट्रेडर्स के संचालक ने कहा कि मेरा दो एकड़ जमीन यहाँ पर है उसका भी सीमांकन कराऊँगा। इस पूरे मामले में कांकेर तहसीलदार पुष्पराज पातरा ने कहा कि जांच में लगभग ढाई डिसमिल कब्जा होने की बात सामने आई है। अतिक्रमणकारी को नोटिस जारी कर आगे निष्पक्ष कार्यवाही की जायेगी।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन




पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव, किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव सुगायत्री साय के नेतृत्व में प्रतिधारक अधिवक्ता कोण्डागांव सुरेन्द्र भट्ट के द्वारा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) कोण्डागांव में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बाल श्रम की समस्या के प्रति जागरूकता फैलाना तथा समाज में बच्चों के अधिकारों की रक्षा हेतु विधिक जानकारी प्रदान करना रहा। शिविर में प्रतिधारक अधिवक्ता ने संबोधन में कहा कि बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम के तहत 14 वर्ष से कम उम्र के बचों से मजदूरी कराना कानूनी अपराध है तथा ऐसे मामलों में सजा और जुर्माना का प्रावधान है। बाल श्रमिकों के मानसिक, शारीरिक एवं समाजिक पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला। साथ ही शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं, प्रशिक्षकों और आम नागरिकों को बाल श्रम के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया तथा बाल श्रम को समाज से समाप्त करने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही बाल अधिकारों, शिक्षा के महत्व तथा विधिक सहायता सेवाओं के साथ-साथ विधिक अधिकारों, साइबर सुरक्षा, बाल विवाह निषेध अधिनियम, पॉक्सो एक्ट अधिनियम, यातायात अधिनियम तथा निःशुल्क विधिक सहायता जैसी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। शिविर के अंत में बाल श्रम उन्मूलन के समर्थन में सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे किसी भी रूप में बाल श्रम को बढ़ावा नहीं देंगे तथा इसकी रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग द्वारा चलाया गया चेकिंग अभियान

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग द्वारा कोण्डागांव जिले में गत दिवस विशेष चेकिंग अभियान चलाकर मोटर यान अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई और लापरवाही पूर्वक वाहन चालन करने वाले 02 वाहन चालकों का लाइसेंस निलंबन हेतु नोटिस जारी किया गया। संयुक्त जांच के दौरान मोटरयान अधिनियम के तहत कुल 58 प्रकरणों में 55 हजार 800 रूपए शमन शुल्क वसूल किया गया, जिसमें बिना हेलमेट वाहन चलाने पर 28 प्रकरण, बिना सीट बेल्ट के 08 प्रकरण, बिना लाइसेंस वाहन चलाने पर 07 प्रकरण, बिना फिटनेस वाहन संचालन पर 07 प्रकरण, बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र प्राप्त किये वाहन चलाने पर 06 प्रकरण, बिना वैध बीमा के वाहन संचालन पर 02 प्रकरण पर कार्यवाही की गई। इसी प्रकार 01 वाहन जिसका मोटरयान कर मई 2024 से बकाया होने पर एवं बिना फिटनेस संचालन होने पर वाहन पर जब्त की कार्यवाही की गई है। जिला परिवहन अधिकारी अतुल असैय्या ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी और यातायात नियम एवं मोटर यान अधिनियम का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। साथ ही मोटरयान कर बकाया होने पर वाहन जब्त की कार्यवाही की जाएगी।

## सांसद ने किसानों को व्यवसायिक खेती करने किया प्रेरित

**कांकेर।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद भारत सरकार द्वारा पूरे देश में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद भोजराज नाग की मुख्य आतिथ्य में भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के आसुलखार बाजार स्थल में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गांव केंवटी, परवी, कनकपुर पेवारी, फरसकोट, किनारी, कुवापानी, जनकपुर और चिचमर्रा के किसान और संबंधित ग्राम के सरपंच शामिल हुए। सांसद भोजराज नाग ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कृषि विभाग केवीके, कृषि महाविद्यालय, पशुपालन, मत्स्यपालन, उद्यानिकी विभाग के संयुक्त प्रयास से किसान हित में चलाए जा रहे यह अभियान प्रशंसनीय है। किसानों को परम्परागत खेती के साथ-साथ व्यवसायिक खेती को भी अपनाना चाहिए।

# फरसगांव पुलिस की सहयोगात्मक कार्य से गुम लड़की को पाकर परिजन ने दिया धन्यवाद

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



प्रार्थी मोहन लाल नेताम पिता स्वः सुकडु नेताम उम्र 50 वर्ष जाति गोड़ निवासी ग्राम सोडापारा आवराभाटा थाना फरसगांव जिला कोण्डागांव ने 29 दिसम्बर 2024 को थाना उपस्थित आकर गुम इंसान की सूचना दर्ज कराया कि प्रार्थी की लड़की कुमारी लखतीन नेताम पिता मोहन लाल नेताम उम्र 26 वर्ष निवासी सोडापारा आवराभाटा थाना फरसगांव जिला कोण्डागांव छ0ग0 5 दिसम्बर 2024 ने को घर से बिना बताये निकली थी। जो शाम रात तक वापस घर नही आने से आस पास एवं परिजनों के यहाँ पता तलाश किया गया। कहीं नही मिलने पर प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना फरसगांव में गुम इंसान क्रमांक 45/2024 29 दिसम्बर 2024 को कायम कर पता तलाश में लिया गया। गुम इंसान लड़की होने से मामले को गंभीरतापूर्वक लेते हुए ऑपरेशन तलाश के तहत् गुम लड़की की पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार (भा.पु.से) के सख्त निर्देशन पर एडिशनल एसपी कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी संजय सिन्दे के नेतृत्व में लगातार हर संभव पता तलाश की जा रही थी। पता तलाश के दौरान 07 माह पूर्व गुम लड़की का जरिये मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि गुम लडकी कोण्डागांव के किसी दुकान पर चुपके से काम कर रही है तब कोण्डागांव में पता तलास कर गुम लड़की कुमारी लखतीन नेताम को सुमित बाजार कोण्डागांव में काम करते हुए प्राप्त कर, पुछताछ में बतायी कि घर में सामान्य कहा सुनी के बाद घर से निकल कर सुमित बाजार में काम कर रही थी। जिसे सकुशल बरामद कर परिजनों को सौपा गया फरसगांव पुलिस द्वारा कठिन मेहनत और लगन पूर्ण कार्य से अब तक सबसे ज्यादा 08 गुम इंसान को आपरेशन तलाश के तहत वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में खोज निकाला है जिससे गुम इंसानों को पाकर परिजनों के आंखें खुशियों से नम हो गई एंव क्षेत्रवासी, थाना फरसगांव पुलिस की जन सेवक सराहनिय कार्य क्षेत्र में कॉफी प्रसंसा का विषय बना हुआ है।

## बस्तर की नई उम्मीद- पुनः प्रारंभ होगी बहुप्रतीक्षित बोधघाट सिंचाई परियोजना तीन जिलों के 269 गांवों को मिलेगा सीधा लाभ

**दंतेवाड़ा।** बस्तर अंचल के समग्र विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए प्रदेश सरकार ने बोधघाट सिंचाई परियोजना को पुनः प्रारंभ करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में यह बहुप्रतीक्षित परियोजना अब विकास की नई धारा प्रवाहित करेगी, जिससे दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिलों के ग्रामीण अंचलों में स्थायी सिंचाई एवं ऊर्जा उत्पादन की मजबूत आधारशिला रखी जाएगी। करीब 49,000 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस परियोजना से 3,78,475 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा सुनिश्चित की जाएगी, जिससे तीनों जिलों के 269 गांव सीधे लाभान्वित होंगे। यह परियोजना बस्तर अंचल के कृषि क्षेत्र को नई ऊर्जा देगी तथा क्षेत्रीय खाद्य सुरक्षा को मजबूत करेगी। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत गोदावरी और इंद्रावती नदी के जल संसाधनों का समुचित दोहन करते हुए नहर नेटवर्क, जलाशय और पंप हाउस का निर्माण होगा, जिससे किसानों को रबी और खरीफ दोनों सीजन में जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

# जिले के 156 ग्रामों में आयोजित होंगे धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर, 15 जून से होगा आगाज

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

जनजातीय ग्रामीण विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत दंतेवाड़ा जिले में 15 जून से 30 जून 2025 तक विशेष संतृप्तिकरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय बहुल ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं जैसी मूलभूत सुविधाओं को लोगों की आवश्यकता अनुसार सुगम और सशक्त बनाना है। इस संबंध में जिले के कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बताया कि इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी संबंधित विभागों को निर्देश दे दिए गए है। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण पहल है जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक आवश्यकताओं की पहचान कर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की है कि वे इन शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपने अधिकारों व सुविधाओं की जानकारी लें और योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।इसके अंतर्गत दंतेवाड़ा जिले के 156 ग्राम को इस अभियान में शामिल किया गया है। इनमें विकासखण्ड दंतेवाड़ा के 34, गीदम के 42, कटेकल्याण के 51 एवं कुआकोंडा के 29 ग्राम शामिल है। ज्ञात हो कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत दंतेवाड़ा विकासखंड अन्तर्गत जारम, पोन्दुम, मुरकी, पुलनार, मटेनार, टेकनार, केशापुर, भोगाम, तुड़पारास, कुपेर, मगनार, कमालुर, कुम्हाररास, गामावाड़ा, धुरली, भांसी, बड़े कमेली, नेरली, पाढ़ापुर, दुगेली, मोलसनार, गंजेनार, मसेनार, गदापाल, पुलनार, तोयलंका, कांवड़ गांव, ढुमाम, मेटपाल,नेटापुर, चन्देनर। गीदम विकासखण्ड अन्तर्गत कौरगांव, तुमरीगुंडा, पहुरनार, छिंदनार, मुचनार, हितामेटा, भाटपाल, कोरलापाल, उपेट, घोटपाल, कटूलनार, रोंजे, कासोली, हिरानार, मुसतलनार, गुमलनार, गुटोली, छोटे तुमनार, मोफलनार, पुंडरी, बोदली, बांगापाल, बड़ेसुरोकी, बड़े तुमनार, मुंडेर, फरसपाल, अलनार, बिंजाम, झोड़ियाबाड़म, बड़े कारली, नागुल, मड़से, बड़े पनेड़ा, महाराहाउरनार, बड़े पनेड़ा, हाउरनार, जांवगा, गुमड़ा, कौरलापाल, कोरकोटी, जोड़ातरई।

# राष्ट्रीय बालश्रम निषेध दिवस पर जागरूकता अभियान चलाया गया

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिले में बाल श्रमिक, अपशिष्ट संग्राहक और भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों का सर्वेक्षण, रेस्क्यू एवं पुनर्वास हेतु गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा जिले में बालश्रम निषेध अभियान चलाया गया। बाल अधिकार संरक्षण आयोग से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में श्रम विभाग, जिला बाल संरक्षण ईकाई, पुलिस विभाग, चाईल्ड हेल्पलाईन के संयुक्त दल द्वारा चिन्हांकित स्थानों में सघन अभियान चलाते हुए बालश्रमिक, भिक्षावृत्ति, अपशिष्ट संग्रहण में लिप्त बच्चों के पुनर्वास हेतु विभिन्न हॉटलों, रेस्टोरेंट, ढाबा, मोटर गैरेज, कपड़े की दुकान, राईस मिल, एवं अन्य चिन्हांकित स्थलों में घुम-घुम कर निरीक्षण किया गया। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में कार्य करते हुए पाये गये बच्चों के आयु पूछताछ कर प्रतिष्ठान संचालकों को नाबालिग बालकों से कार्य न लेने की समझाईश दी गई। चिन्हाकित 2 बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर परिवार में पुनर्वास किया गया एवं शिक्षा विभाग से समन्वय कर शिक्षा से जोड़ते हुये विभिन्न योजना से लाभन्वित किया जायेगा।

## विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र कन्या दुर्ग एवं बालक जगदलपुर में प्रवेश हेतु आवेदन फॉर्म जिला कार्यालय में उपलब्ध

**कांकेर।** शिक्षा सत्र 2025-26 में आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण प्रोत्साहन योजनांतर्गत प्रदेश के अनुसूचित क्षेत्र (टी.एस.पी. एरिया) में निवासरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के ऐसे छात्र-छात्राओं के विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र कन्या जिला दुर्ग तथा बालक जगदलपुर (बस्तर) में प्रवेश की कार्यवाही किया जाना है। उक्त शिक्षण केन्द्रों में प्रवेश हेतु आवेदन फार्म जिला कार्यालय में उपलब्ध हैं। आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त ने जानकारी दी है कि उक्त शिक्षण केन्द्रों में नियमानुसार निर्धारित पात्रता अनुसार प्रदेश के अनुसूचित क्षेत्रों में निवासरत कक्षा 12वीं उत्तीर्ण अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थी जिन्होंने 12वीं बोर्ड परीक्षा न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण की हो एवं विज्ञान एवं वाणिज्य विषय के साथ आगामी पढ़ाई के इच्छुक हों।

## डॉ. एम.बी. सिंह के निर्देशन में डॉ. ढालेश्वरी एवं डॉ. दीपिका सिदार द्वारा सफलतापूर्वक की गई सर्जरी

# सर्जरी द्वारा गाय के पेट से निकाली गई लगभग 80 किलो पॉलीथीन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव में एक जटिल चिकित्सा प्रक्रिया के अंतर्गत एक गाय के रूमेन (पेट) से लगभग 80 किलोग्राम पॉलीथीन सफलतापूर्वक निकाली गई। यह सर्जरी पॉलीथीन इम्पैक्शन के कारण की गई, जो कि जानवरों के लिए जानलेवा हो सकती है। यह रूमैनोटोमी सर्जरी उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एम.बी. सिंह के निर्देशन में डॉ. ढालेश्वरी एवं डॉ. दीपिका सिदार द्वारा सफलतापूर्वक की गई। सर्जरी में सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी अश्विन नेताम एवं खेमराज साहू का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। ऑपरेशन के बाद गाय विशेषज्ञों द्वारा विशेष देखरेख में है। डॉ. ढालेश्वरी ने बताया कि गाय में पॉलीथीन इम्पैक्शन तब होता है जब गायें गलती से पॉलीथीन या प्लास्टिक खा लेती हैं, जो रूमेन (पेट) में जमा होकर पाचन में रुकावट पैदा करता है। इससे गाय में भूख कम होना, जुगाली बंद होना, पेट फूला रहना, वजन घटना और कब्ज जैसी समस्याएँ होती हैं। इसका मुख्य कारण कूड़े के ढेर से चारा खाना है। निदान के लिए रूमेन की जांच और रूमेनोटोमी (सर्जरी) की जाती है। उपचार में सर्जरी से पॉलीथीन हटाकर विटामिन, फ्लूइड और रूमेन उत्तेजक दिए जाते हैं। रोकथाम के लिए पॉलीथीन कचरे का सही निपटान और पशुपालकों को जागरूक करना जरूरी है। पशुपालन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे पॉलीथीन का उपयोग न करें, कूड़ा-कचरा खुले में न फेंकें, और अपने पशुओं को खुले में कचरा खाने से रोकें।

# एनएमडीसी लिमिटेड में विभिन्न तकनीकी पदों पर होगी बंपर भर्तियां

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अधीन कार्यरत नवर सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम एनएमडीसी लिमिटेड ने दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल, बचेली (छत्तीसगढ़) एवं डोनीमलाई (बेल्लारी, कर्नाटक) स्थित लौह अयस्क खदानों में विभिन्न तकनीकी पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। एनएमडीसी लिमिटेड देश की प्रमुख खनन और खनिज अन्वेषण कंपनी है, जो लगातार लाभ अर्जित कर रही है। इसके टर्नओवर में निरंतर वृद्धि हो रही है। अब कंपनी ने अपनी खदानों में योग्य एवं प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार का अवसर देने के लिए अनेक पदों पर भर्ती निकाली है। एनएमडीसी लिमिटेड द्वारा अब बैलाडीला लौह अयस्क खदान, किरंदुल कॉम्प्लेक्स, बैलाडीला लौह अयस्क खदान, दंतेवाड़ा, छत्तीसगढ़ में बचेली कॉम्प्लेक्स तथा डोनीमलाई लौह अयस्क खदान, डोनीमलाई कॉम्प्लेक्स, बेल्लारी, कर्नाटक के लिए विभिन्न तकनीकी पदों के लिए उपयुक्त व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। इसके अनुसार बीआईओएम किरंदुल कॉम्पेलेक्स में फील्ड अटेंडेंट (ट्रेनी) 86, (आवश्यक योग्यता मिडिल पास या आईटीआई), असिस्टेंट (इलेक्ट्रॉनिक) (ट्रेनी) 49, (आईटीआई, इलेक्ट्रिकल ट्रेड) मेंटेनेंस असिस्टेंट (मैकेनिकल) (ट्रेनी) 86, (आईटीआई इन वेल्डिंग, फिटर, मशीनिस्ट, मोटर मैकेनिक,डीजल मैकेनिक, ऑटो इलेक्ट्रीशियन), इलेक्ट्रीशियन ग्रेड-3 (प्रशिक्षु) 01, ( इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा के साथ औद्योगिक, घरेलू इलेक्ट्रिकल इंस्टालेशन सर्टिफिकेट) इलेक्ट्रॉनिक्स तकनीशियन ग्रेड-3 (प्रशिक्षु) 03, (3 इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा), एचईएम मैकेनिक ग्रेड-3 (प्रशिक्षु) 39, (मैकेनिकल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा के साथ वैध भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस), एचईएम ऑपरेटर ग्रेड-3 (प्रशिक्षु) 118, (मैकेनिकल इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा के साथ वैध भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस), एमसीओ ग्रेड-3 (प्रशिक्षु) 6, (मैकेनिकल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा तथा वैध भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस), क्यूसीए ग्रेड-3 (प्रशिक्षु) 01, (योग्यता के बाद नमूना कार्य में एक वर्ष का अनुभव आवश्यक है)।

# कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने किया मगरलोड विकासखंड के विभिन्न गांव का सघन दौरा

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने मगरलोड विकासखंड के नदी किनारे बसे गांव के लोगों के जीवन को जानने विभिन्न गांव का सघन दौरा किया। इस दौरान उनके साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव भी साथ थी। कलेक्टर मिश्रा ने मारागांव-चारगांव के बीच टूटे पुल का निरीक्षण किया। इस पुल के टूट जाने से आसपास के क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा हो रही है, गांव से नगरी क्षेत्र की दूरी लगभग 26 किलोमीटर पड़ती है। अधिकारियो ने बताया कि पुल निर्माण का प्रस्ताव कृषि मंडी को गया हैए जिसका भी अवलोकन उन्होंने किया। इसके बाद कलेक्टर ने धीकुड़िया में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत बनाए जा रहे 53 आवासों का भी अवलोकन किया। उन्होंने कार्य में राजमिस्त्री एवं निर्माण सामग्री की उपलब्धता और निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने बूटीगढ़ में औषधीय के प्रमोशन को लेकर जो काम किया जा रहे हैं उनकी जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि सोलर पंप का प्रस्ताव नहीं मिला है, जिसके कारण नक्शा खसरा लंबित है। इसके साथ ही गांव के समीप एक रपटा, चेक डेम के काम डीएमएफ से स्वीकृत है। इन कामो को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए। करेली छोटी पहुंचकर कलेक्टर ने 1942 सेटलमेंट प्लान का भी अवलोकन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव में एक मिनी स्टेडियम निर्माण करने की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने शासन से चर्चा कर स्वीकृत करने की बात कही। मोहेरा में पहुंचकर कलेक्टर ने समूह द्वारा किए जाने वाले कार्य, पर्यटन को बढ़ाने के लिए क्या बेहतर किया जा सकता है और कार्य में आने वाली दिक्कतों के बारे में जानकारी ली। उन्होने निराईमाता मंदिर परिसर में सड़क बिजली पानी के बारे में भी चर्चा की। इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत मगरलोड दिव्या ठाकुर के अलावा अन्य अधिकारी और क्षेत्र के पंचायत पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# धमतरी पुलिस द्वारा किया गया सघन बाईक पेट्रोलिंग

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देश पर शहर में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा के मार्गदर्शन में डीएसपी, आरआई सहित थाना प्रभारी कोतवाली, अर्जुनी द्वारा बाईक पेट्रोलिंग की अलग अलग टीम बनाकर शहर के मकेश्वर वार्ड, स्टेशन पारा, मकई चौपाटी, दानीटोला, गोकुलपुर वार्ड, जालमपुर वार्ड, एकलव्य मैदान, इंडोर स्टेडियम, विंध्यवासिनी वार्ड, गोकुलपुर वार्ड, रामपुर वार्ड, सुनसान जगहों में घूमकर किया गया। बाईक पेट्रोलिंग और सुनसान जगहों पर बैठे नशाखोरी, अडडेबाजी करने वालों को चेतावनी दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को अपने-अपने थानें क्षेत्रों में पुलिस बलों के साथ सघन पेट्रोलिंग व चेकिंग करने, बाईक पेट्रोलिंग अभियान चलाकर असामाजिक तत्वों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिया गया है। बाईक पेट्रोलिंग द्वारा समस्त संवेदनशील क्षेत्रों एवं सूनसान स्थान में जमावड़ा लगाकर नशाखोरी करने वालों, गुटबाजी करने वालों, अनावश्यक घुमने वाले घुमंतु, असामाजिक तत्वों, चाकूबाजी करने वाले बदमाशों, संदिग्ध व्यक्तियों, संदिग्ध व्यक्तियों के वाहनों के डिक्की सहित धारदार हथियार रखकर घुमने वालों की चेकिंग कर चेतावनी दिया गया। उक्त कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा, डीएसपी मोनिका मरावी, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरी राजेश मरई, थाना प्रभारी अर्जुनी निरी चंद्रकांत साहू, उनि पुष्पकार सहित पुलिस लाईन के बल बाईक पेट्रोलिंग अभियान में शामिल रहे।

# शुचिता देशमुख को मिली पी-एच.डी. की उपाधि

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा कला संकाय अन्तर्गत हिन्दी में ''मैत्रेयी पुष्पा के उपन्यासो में आंचलिकता'' विषय पर शोध छात्रा शुचिता देशमुख पति शचीन्द्र देशमुख, रायपुर को पी-एच.डी. की उपाधि मिली। उन्होंने अपना शोध कार्य शोध निर्देशक डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल, सहा. प्राध्यापक हिन्दी, शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी, जिला-धमतरी (छ.ग.) के कुशल मार्गदर्शन में पूर्ण किया। इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एवं शोध निर्देशक डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल, शोध केंद्र संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के प्राचार्य डॉ. ए. के. मिश्रा, डॉ. आर. के. पाण्डेय विभागाध्यक्ष हिंदी, संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद, डॉ. प्रभात रंजन सहा. प्राध्यापक हिन्दी, डॉ. शैल शर्मा, अध्यक्ष, साहित्य एवं भाषा अध्ययन शाला पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, प्रो. मधुलता बारा, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, डॉ. गिरजा शंकर गौतम सहा. प्राध्यापक हिंदी पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, डॉ. विभाषा, डॉ. ऋचा शुक्ला, तरुण बैनर्जी, सहा. प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, अंकित कुमार बोधवानी सहा. प्राध्यापक वाणिज्य, डीगेश्वर अटल सहा. प्राध्यापक भूगोल शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी, डॉ. चुन्नीलाल, डॉ. नम्रता, डॉ. चोवाराम यदु, डॉ. वर्षा रानी सिन्हा, डॉ. बसंती सेनापति, डॉ. अंजलि खलको, दीपक कुमार, तारकेश्वर, रंजिता, शिरोमणि, मनोज सहित शोध केंद्र के सभी शोधार्थियों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# अखिल भारतीय मानिकपूरी समाज ने धूमधाम से मनाया कबीर जयंती



पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय मानिकपूरी समाज शाखा भंवरपुर द्वारा कबीर जयंती के अवसर पर कबीर साहेब के तैल चित्र के समक्ष पूजा अर्चना एवं चौका आरती कर धुम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवकी पुरुषोत्तम दीवान छत्तीसगढ़िया कृषि सभापति जिला पंचायत महासमुंद एवं अध्यक्षता समाज प्रमुख धनदास मानिकपूरी ने की। मुख्य अतिथि देवकी ने अपने उद्बबोधन मे कहा कि कबीर साहेब की प्रेरणास्पद दोहे आज भी सम सामयिक एवं प्रासंगिक है। पैसे के पीछे भागने वालो के लिए कहा है, सांई इतना दीजिये जामे कुटुंब समाय,मै भी भूखा ना रहुं साधु भूखा न जाय। समारोह में ग्रंथ वाचक लहाराम कर्ष चिपरीकोना, भोज प्रधान उपाध्यक्ष, सोमनाथ पटेल कोषाध्यक्ष भाजपा मंडल भंवरपुर, फ्रीतबाई, अनिता बाई, पदमाबाई, गीतादास, पकलूदास चंदा, महेश, घनश्याम मानिकपूरी एवं बडी संख्या मे समाज जन उपस्थित थे।

# संत कबीर की जयंती में शामिल हुए विधायक इन्द्र साव

## संत कबीरदास समाज सुधारक और युग-प्रवर्तक थे : विधायक इन्द्र साव





पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

संत कबीर दास की जयंती पर विधायक इन्द्र साव ने शहर और ग्रामीण अंचलों में हुए कबीर प्राकट्य महोत्सव में शामिल हो कर लोगों को बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि संत कबीर साहेब केवल एक महान आध्यात्मिक संत ही नहीं बल्कि समाज सुधारक और युग-प्रवर्तक भी थे। साव ने लोगो से उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात कर सामाजिक एकता और सदभाव बनाएं रखने का आह्वान भी किया। नगर के हथनीपारा, मुंशी इस्माइल वार्ड, ग्राम सिंगारपुर, दामाखेड़ा और सिमगा में आयोजित कबीर जयंती के अवसर क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव शामिल हुए और उपस्थित समस्त कबीर पंथियों को इस पावन दिवस की बधाई देते हुए कहा कि सत्य, अहिंसा, दया, करुणा, परोपकार और सामाजिक समरसता का उनका संदेश प्रासंगिक है। वे अपनी साधना के धनी, विश्वासों के राजा और अनुभूतियों के साहूकार थे। जो मार्ग उन्होंने दूसरों को दिखाया वे उसी पर चले थे और वही उनका मुक्ति मार्ग था। कबीर का जीवन दर्शन सद्विचारों की ऐसी गंगा है जिसमें डूबकी लगाकर मनुष्य का जीवन सदाचारों से महक उठता है। कबीर की वाणी कोसों दूर जन-मन तक जाती थी इसलिए वे महान संप्रेषक थे। विधायक साव ने कहा कि संत कबीर साहेब अपने अमूल्य दोहों के माध्यम से उन्होंने समाज में एकता, प्रेम और सदभाव का संदेश दिया उन्होंने अपने विचारों ने पूरी दुनिया को प्रेरित किया। उनके विचारों की अलख जगाए रखने हम सभी को समाज में सदभाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करने की जरूरत है। कबीर ऐसे महान चिंतक, समाज सुधारक एवं संप्रेषक थे जिन्होंने युगों-युगों की संचेतना को जागृत कर दिया। मतों-मतांतरों के भेद, रूढ़ियों और कर्मकांडों के कट्टर विरोधी कबीर मानवीय संवेदनाओं की कोमल वाणी थे। उन्होंने समस्त मानव समाज से संत कबीर दास के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात कर सामाजिक एकता और सदभाव को और अधिक सशक्त बनाएं जाने की अपील करते हुए उपस्थित लोगों संत कबीर दास जी के प्राकट्य दिवस की बधाई दी।

# पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर सख्त कार्यवाही लगातार जारी

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान में यातायात शाखा बलौदाबाजार भाटापारा एवं सिमगा में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 26 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा इन सभी 26 प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 26 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक 10,000-10,000 अर्थदंड का आदेश दिया गया है। इस प्रकार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की संपूर्ण कार्यवाही में माननीय न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 26 वाहन चालकों को कुल 2,60,000 का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी के प्रकरण में फरार आरोपी गोपाल बंजारे गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



मुखबिर की सूचना पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा कृषि उपज मंडी के पास घेराबंदी कर आरोपी आकाश कुर्रे को अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया गया था तथा प्रकरण में आरोपी से 34 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त किया गया था। प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 384/2025 धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा प्रकरण में शामिल अन्य आरोपी के संबंध में लगातार छानबीन किया जा रहा था। इसी बीच परिस्थितिजन्य साक्ष्यों, तकनीकी विश्लेषण एवं आरोपी से विस्तृत पूछताछ के आधार पर आरोपी के साथ अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने में सहयोग करने वाले आरोपी गोपाल बंजारे को हिरासत में लिया गया है, जो की पूर्व में गिरफ्तार आरोपी आकाश कुर्रे का रिश्ते में साला लगता है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी से विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसमें आरोपी द्वारा पूर्व में गिरफ्तार आरोपी आकाश कुर्रे के साथ अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समस्त प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 45 बल्क लीटर महुआ शराब सहित 1100 किग्रा महुआ लाहन जब्त



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं परिवहन पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में गस्त के दौरान कसडोल क्षेत्र में आबकारी विभाग की टीम द्वारा 45 बल्क लीटर महुआ शराब सहित 1100 किग्रा महुआ लाहन जब्त की गई। आरोपी देवप्रसाद यादव पिता कंशराम उम्र 35 वर्ष, चौकी बया अंतर्गत ग्राम सैयहाभाठा के कब्जे से 20.00 बल्क लीटर हाथभठ्ठी महुआ शराब एवं 600 कि.ग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। इसी तरह आरोपी वासुदेव यादव पिता नरेश यादव उम्र 32 वर्ष चौकी बया अंतर्गत ग्राम सैयहाभाठा से 25.00 बल्क लीटर हाथभठ्ठी महुआ शराब एवं 500 कि.ग्राम महुआ लाहन कुल 45.00 बल्क लीटर महुआ शराब व 1100 कि.ग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। आरोपी के विरूध्द छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2)(1)(च) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी जलेश कुमार सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# महापौर की नाराजगी, मेयर इन काउंसिल सदस्य को दिखा सकते हैं बाहर का रास्ता

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



समूचे देश में भाजपा के न खाऊंगा, न खाने दूंगा की तर्ज पर अधिकारी, कर्मचारी, यहां तक भाजपा से जुड़े नेताओं द्वारा पार्टी समर्पित कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस बात को भाजपा समर्थित सभी राज्य की सरकारें यहां तक जिला पंचायत, जनपद पंचायत, निगम, नगर पंचायत में भी निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ पूरा कार्य किया जा रहा है। इसी तर्ज पर चलते हुए नगर निगम के महापौर जगदीश रामू रोहरा भी अक्षरशः चलते नजर आ रहे हैं किंतु देखा जा रहा है कि इनकी ईमानदार छवि को खराब करने के उद्देश्य से एक एमआईसी मेंबर द्वारा उनके विरूद्ध कार्य किया जा रहा है जिसकी जानकारी महापौर को होने पर उन्होंने उक्त एमआईसी सदस्य को स्पष्ट रूप से कहा है कि यहां किसी भी तरह भ्रष्टाचार के बीज नहीं बोने दूंगा, अपनी आदतें सुधार लो। इसके बाद भी यह सदस्य अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है जिसके चलते महापौर की नाराजगी बढ़ते जा रही है और हो सकता है महापौर उक्त सदस्य को अपनी टीम से बाहर का रास्ता दिखा दें। सत्ता से लेकर संगठन तक सभी के द्वारा प्रधानमंत्री के वाक्य एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन और जीरो टालरेंस की समूचे देश प्रदेश में तूती बोल रही है। इसी वजह से केंद्र शासन की सरकार जिसका नेतृत्व मोदी कर रहे है, उसमें 11 साल की अवधि में कहीं भी भ्रष्टाचार का मामला गुंजित, प्रचारित नहीं हुआ है। यही हाल प्रदेश की सरकार में भी देखा जा रहा है और जितने भी भाजपा समर्थित संस्थाओं में निर्वाचित सदस्य हैं, उनके द्वारा भी यही मंत्री अख्तियार कर सत्ता, संगठन को चलाया जा रहा है। नगर निगम के चुनाव में भाजपा को भारी बहुमतों के साथ विजयश्री हासिल हुई। महापौर पद के लिये रामू रोहरा ने जीत हासिल की। उसके बाद उन्होंने पदभार संभालते ही निगम के मुख्य द्वार पर मत्था टेककर वचन दिया था कि शहर के नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को तुरंत दूर किया जायेगा, शहर को सुंदर बनाया जायेगा और पूरी ईमानदारी, निष्ठा के साथ कार्य किया जायेगा। किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और इसे लेकर वे पूरी तरह सजगता, कुशलता के साथ कार्य कर रहे हैं। लेकिन संगठन से ही जुड़े निगम के एक एमआईसी सदस्य द्वारा उनके इस प्रयास को असफल करने की कोशिश जोरशोर से की जा रही है जिससे भाजपा की छवि भी धूमिल हो रही है। बताया जाता है कि उक्त एमआईसी सदस्य द्वारा पूर्ववर्ती कांग्रेसी शहरी सरकार के समय हुए भ्रष्टाचार को दबाये जाने को लेकर उक्त सदस्य पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। यही नहीं इनके द्वारा पारदर्शिता को बलाये ताक रखते हुए नियम विरूद्ध कार्यों को स्वीकृति दिलाने की कवायद की जा रही है जबकि शहर विकास के लिये मेयर इन काउंसिल के सदस्यों की राय से ही समूचे शहर का विकास अब तक होता आया है। अल्पावधि में महापौर रामू रोहरा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री साय से सड़कों के रखरखाव तथा नई सड़कों के निर्माण के लिये भारी राशि स्वीकृत कराई है। इसी तरह उन्होंने खेल प्रेमियों के साथ साथ शहर को सुंदर बनाने की भी मुहिम चला रखी है और तो और उनके द्वारा बरसाती पानी जो कि राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ साथ निचली बस्तियों के घरों में घुस जाता है, उस स्थिति को दूर करने के लिये मुस्तैदी के साथ जुटे हुए हैं। स्वयं स्थल पर जाकर कार्यों का जायजा लेते हैं और कमियां नजर आने पर संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हैं। इनकी इस प्रक्रिया से शहर पूरी तरह वाकिफ है। नागरिकों का कहना है कि यह पहला महापौर है जिसने चुनाव जीतने के बाद से ही शहर के वार्डों में जाकर वहां के निवासियों की समस्याओं को दूर करने के लिये प्रयास उच्च स्तर पर किये जा रहे हैं। कुछ व्यक्तियों ने कहा कि सारी सुविधाएं महापौर के पास होने के बावजूद वे स्कूटी से शहर के स्लम क्षेत्र, मुख्य मार्ग इत्यादि में जाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं और उनको मिलने वाली समस्याओं, शिकायतों को लेकर वे पूरी तरह सक्रियता के साथ उसके निराकरण का प्रयास कर रहे है। निगम में जबसे भाजपा की शहरी सरकार बैठी है, इसमें एक एमआईसी सदस्य द्वारा जो कृत्य किया जा रहा है, उससे भाजपा की छवि खराब हो रही है। साथ ही महापौर के ईमानदारी के प्रयास को भी ग्रहण लगने की संभावना को देखते हुए महापौर रोहरा ने उक्त सदस्य को अपने चेंबर बुलाकर स्पष्ट तौर पर समझाईश दी कि वे ऐसा न करें। इसके बाद भी उक्त सदस्य की कार्यशैली में बदलाव नहीं आया है जिससे ऐसा माना जा रहा है कि विपक्ष के कुछ लोगों के साथ मिलकर उक्त एमआईसी सदस्य अच्छे खासे महापौर के कार्यकाल को विवादों के घेरे में लाना चाहते हैं। जब इस बात की जानकारी भाजपा के नेताओं को हुई तो उन्होंने भी इस पर अपनी नाराजगी जताई है। इन्होंने कहा है कि जिस पार्टी ने उक्त सदस्य को एमआईसी जैसे महत्वपूर्ण पद में स्थान दिया है तो उक्त सदस्य को पार्टी की रीति नीति के अनुसार चलना पड़ेगा, अन्यथा उनकी कार्यशैली में यदि बदलाव नहीं होता है तो महापौर चाहेंगे तो उक्त सदस्य को उसकी एमआईसी सदस्यता भी समाप्त की जा सकती है। ऐसे निरंकुश सदस्य को चाहिये कि वे पूरी ईमानदारी के साथ अपने वरिष्ठ नेताओं के नक्शे कदम पर चलते हुए पार्टी के हित में काम करें।

# अव्युक्ता ने शिमला में कत्थक नृत्य में शानदार प्रस्तुति से पाया पहला स्थान



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलीराम चंद्राकर पब्लिक स्कूल कुरूद की कक्षा पांचवी की होनहार छात्रा अव्युक्ता साहू ने परिवार के साथ शिमला प्रवास के दौरान नृत्य धाम कला समिति द्वारा आयोजित इंटरनेशन कल्चरल हार्मोनी हिमशिखर शिमला कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कत्थक क्लासिक नृत्य विधा के अंतर्गत युगल और एकल नृत्य प्रस्तुति करते हुए सबका दिल जीता। इनके पिताजी के के साहू शासकीय विद्यालय सेजेस चर्रा में व्याख्याता है वहीं माताजी पूनम साहू माध्यमिक शाला खैरा में शिक्षक है। बचपन से ही विभिन्न विधाओं में हमेशा से आगे रही अव्युक्ता बेटी ने इस बार इस आयोजन में पूरी लगन, तन्मयता और उत्साह के साथ भाग ली। उन्होंने इसके लिए निरंतर अभ्यास किया था। अपनी शानदार प्रस्तुति से उन्होंने प्रथम पुरस्कार हासिल करते हुए न केवल विद्यालय का बल्कि अपने परिवार और नगर का गौरव बढ़ाया है। पूर्व में भी अनेक राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपने कला का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी है। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक विश्वनाथ चंद्राकर, उपप्रबंधक योगेश चंद्राकर, प्राचार्य के मंजीता ठाकुर, शिक्षक स्टॉफ् नगर के गणमान्य जनों, शुभचिंतकों आदि ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# विकसित भारत का अमृत काल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल बेमिसाल

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महामंत्री ने बालोद में मोदी सरकार की उपलब्धियां पर प्रदर्शनी का लोकार्पण किया

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com




जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ग्राम जुंगेरा स्तिथ भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा उपस्थित रहे। आयोजित प्रेस वार्ता की शुरुआत जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों और संवाददाताओं का परिचय देकर की गई। इस दौरान रामू रोहरा ने मोदी सरकार के 11 वर्षो की नीतियों, योजनाओं और ऐतिहासिक उपलब्धियों का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है और आज देश आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि की दिशा में आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है। यह 11 वर्षो की यात्रा 140 करोड़ देशवासियों के परिश्रम और प्रधानमंत्री के संकल्प के साथ संभव हो सकी है।

**ऑपरेशन सिंदूर भारत के साहस और संकल्प का प्रतीक**-रामू रोहरा ने कहा की 11 साल का यह सफर केवल सरकार की योजनाओं का नहीं, बल्कि एक नए भारत के आत्मविश्वास, नवाचार और विकास का प्रतीक है। पहले 'यह नहीं हो सकता' की सोच थी, अब 'यह जरूर होगा' का विश्वास है। उन्होंने कांग्रेस के 70 वर्षो के शासनकाल की तुलना में मोदी सरकार के 11 वर्षो की उपलब्धियों को उजागर करते हुए कहा कि आज देश में भ्रष्टाचार की जगह विकास की चर्चा होती है। अब योजनाओं का लाभ सीधे जनता के खातों में पहुँचता है और देश चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने केंद्र सरकार की 11 वर्ष के दौरान की प्रमुख उपलब्धियाँ गिनाते हुए धारा 370 की समाप्ति, तीन तलाक पर प्रतिबंध, जीएसटी लागू, पीएम गरीब कल्याण योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम किसान सम्मान निधि और जल जीवन मिशन बताया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत के साहस और संकल्प का प्रतीक है

**जनकल्याणकारी योजनाओं की रखी गई एक प्रदर्शनी**-जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्षो ने देश को अंधकार से उजाले, निराशा से आशा और भ्रष्टाचार से सुशासन तक पहुँचाया है। इस अवसर पर मोदी सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की एक प्रदर्शनी रखी गई। जिसे दीप प्रज्वलित कर प्रदेश भाजपा महामंत्री रामू रोहरा एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा सहित जिले के वरिष्ठ नेताओं ने आरंभ किया। इस दौरान वरिष्ठ नेता यशवंत जैन, निवर्तमान जिला अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत पवार, प्रदेश प्रवक्ता देव लाल ठाकुर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अभिषेक शुक्ला, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, सह संयोजिका ललिता पीमन साहू, जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया साथ ही जिले एवं मंडल के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

## नगर कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने सौपा ज्ञापन, जल्द ही कार्यवाही करने की मांग



पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

अघोषित बिजली कटौती से आम ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। दिन में दो से चार घंटे तक की बिजली गुल रहती है। सबसे बुरा हाल उतई ग्रामीण फीडर का है। बिजली गायब रहने से कई काम काज ठप पड़े हैं। ग्रामीणों के अनुसार शिकायत है बिजली सप्लाई बिना कोई सूचना के ही कटौती की जा रही है। बिजली की सप्लाई न मिलने से कई व्यापारी व कई बिजली उपभोक्ता परेशान है। हर समय बिना कोई सूचना के कई घंटों बिजली गुल रहती है। दिन में दो से चार घंटे की अघोषित कटौती से कई नगरवासियों, दुकानदारों व कोचिंग संस्थानों के बिजली उपभोक्ताओं को दिक्कत महसूस होती रहती है। नगरवासियों का कहना है कि बिजली विभाग रोस्टर के अनुसार बिजली सप्लाई नहीं कर रहा है। एक तरफ गर्मी तो दूसरी तरफ बिजली से संबंधित कई काम काज लोगों का बिजली कटौती से जीना दुश्वार कर दिया है। ऐसे में बिजली का न होना मुसीबत बढ़ा देता है। यही नहीं कभी-कभी सुबह के समय बिजली गुल रहने से पानी की विकट समस्या खड़ी हो गई है। नगरवासियों ने मांग की है कि बिजली की समस्या का समाधान कर ग्रामीणों को राहत पहुंचाई जाए। इस हेतु नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में बिजली विभाग उतई को ज्ञापन सौपा गया है और बिजली आपूर्ति सुविधा में सुधार का निवेदन किया है सुविधा सुचारू रूप से नहीं की गई तो फिर उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन की होगी। ज्ञापन सौपने वालो में उतई नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बहादुर सिंह नेताम, वार्ड 9 के पार्षद द्वारिका साहू,राकेश साहू पार्षद वार्ड क्र 03, रमशिला नेताम वार्ड क्र 01, डॉ प्रहलाद वर्मा (पूर्व पार्षद), ऋषि साहू (पूर्व एल्डरमैन), सुरता सिंह गढ़े (पूर्व पार्षद),योगेश मांडले, टीकम डोनडे मुकेश साहू तोरण ठाकुर शुभम बमभोले तिलक साहू पुष्पेंद्र साहू कुलेश्वर साहू गौरव वाहने आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत किसानों को दी गई जानकारी

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com







विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत ग्राम बेल्हारी में कृषि विज्ञान केंद्र पाहंदा (अ) दुर्ग के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉक्टर ललिता रामटेके ने मिट्टी परीक्षण के महत्व, धान की कतार बुवाई, बीज उपचार, स्वस्थ बीज की पहचान, कृषि में उपयोग होने वाले कृषि उपकरण, टपक सिंचाई पद्धति, मशरूम उत्पादन तथा कृषक महिलाओं से फल एवं सब्जियों के तुड़ाई के बाद भण्डारण व प्रसंस्करण के विषय पर चर्चा की गई। साथ ही बीज उपचार का भी जीवन प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जनप्रतिनिधि लखेश्वर साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष बीएस वर्मा व समिति प्रबंधक उपस्थित थे। इन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी एवं रथ की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया। कार्यक्रम में उपस्थित कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा राज्य शासन एवं केंद्र शासन द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी गई। कार्यक्रम में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सहित 50 से अधिक किसानों ने भाग लिया।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर की कड़ी कार्रवाई

## जांच शिविर 14 एवं 15 जून को

■ शैक्षणिक संस्थानों के चालक/परिचालकों का होगा स्वास्थ्य परीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com




सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों चालकों पर परिवहन विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए उनके चालक लायसेंस को निलंबन किया गया है। यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले चालकों पर यातायात विभाग, पुलिस विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए परिवहन विभाग को मोटरयान अधिनियम में उल्लेखित प्रावधानों के अध्ययधीन यातायात नियमों का उल्लंघन पर कड़ी कार्यवाही की गई है। साथ ही उनके चालक लायसेंस को आगामी 03 माह के लिए निंलबित किया गया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के अनुसार प्रमुख रूप से दुर्घटनावश मृत्यु 02, नशे में गाड़ी चलाना 53, तेज़ गति 68, लाल बत्ती पार करना 09, मोबाइल फोन का इस्तेमाल 35, बिना हेलमेट 15 और अन्य 27 चालक शामिल है। इसी प्रकार शिक्षण सत्र प्रारंभ होने के पूर्व निर्धारित 14 बिन्दुओं पर जिला के शैक्षणिक संस्थानों के स्कूल बसों को निरीक्षण/परीक्षण एवं चालक/परिचालकों को स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जांच शिविर 14 एवं 15 जून 2025 को प्रातः 8 बजे से सेक्टर 06 भिलाई में आयोजित की गई है। जांच शिविर में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी दुर्ग, यातायात पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में किया जाएगा। जिससे क्षैणिक कार्य एवं स्कूली छात्र-छात्राओं का सुरक्षित आवागमन हो सके।

# गुरु बिन ज्ञान नहीं: शिक्षक विहीन स्कूलों को मिला नया जीवन

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

गुरू बिन ज्ञान नहीं रे, यह कहावत वर्षो से सुनते आ रहे हैं। गुरू ही लोगों को सही ज्ञान और मार्गदर्शन देता है। बच्चों को सही दिशा व उच्च स्थान में पहुंचाने में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, लेकिन इसका असली अर्थ तब समझ आता है जब स्कूल में शिक्षक हों। दुर्ग जिले के प्राथमिक स्कूलों बच्चे थे, पर शिक्षक नहीं थे। शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और समावेशी बनाने के लिए शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया गया है। शिक्षक विहीन शालाओं में शिक्षकों की पदस्थापना कर दी गई है। अब बच्चों को स्कूल खुलने का इंतजार है। अब वह नए जोश और उमंग से स्कूल में आएंगे और क्यों न आए क्योकि अब उन्हें नये शिक्षक मिलने वाला है। जहां सालों से कोई शिक्षक नही था वहां अब बच्चों और शिक्षकों की आवाज गूंजेगी। हम बात कर रहे हैं शिक्षक विहीन शालाओं की दुर्ग जिले के शासकीय प्राथमिक शाला अगार में बच्चों की दर्ज संख्या 85 है जहां एक भी शिक्षक कार्यरत नही थे, परंतु काउंसिलिंग के बाद अब वहां 3 शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। इसी प्रकार शासकीय प्राथमिक शाला ढौर में दर्ज संख्या 42 और शिक्षक की संख्या निरंक काउसलिंग उपरांत 2 शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला खपरी बरहा में दर्ज संख्या 25 अब 2 शिक्षक पदस्थ हैं। पहले स्कूल तो था पर गुरुजी नहीं थे। शासकीय प्राथमिक शाला अगार में 85 बच्चे पंजीकृत हैं, लेकिन एक समय था जब वहां एक भी शिक्षक नहीं थे।

# शिक्षा विभाग में बड़ा एक्शन, विकासखंड शिक्षा अधिकारी भारद्वाज निलंबित

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

शिक्षा विभाग में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी, डौण्डी जिला बालोद जयसिंह भारद्वाज को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह निर्णय जिला स्तरीय युक्तियुक्तकरण समिति, बालोद की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है, जिसमें युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में की गई गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि हुई है।

जांच में सामने आई मुख्य गड़बड़ियां- रीता गरेवाल, शिक्षक विज्ञान टी संवर्ग, शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला डौण्डी की नियुक्ति संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग में हुई है, जिनका कार्यभार ग्रहण तिथि 12 जुलाई 2022 है। संबंधित कर्मचारी परिवीक्षा अवधि में है। परिवीक्षा अवधि में होने के बावजूद उक्त शिक्षिका को अतिशेष की श्रेणी में गणना किया गया है। नूतन कुमार साहू शिक्षक विषय गणित पूर्व माध्यमिक शाला कुमुड़कट्टा संस्था में एक ही गणित विषय का शिक्षक कार्यरत होने के बावजूद अतिशेष की श्रेणी में गणना किया गया है। पूर्व माध्यमिक शाला साल्हे में कला विषय में मती लेखनी साहू कनिष्ठ को अतिशेष की श्रेणी में गणना किया जाना था, किन्तु उनके स्थान पर मती परमिला ठाकुर शिक्षक विषय कला को गलत ढंग से अतिशेष चिन्हांकित गया है। पूर्व माध्यमिक शाला धुरवाटोला में विषय कला में भूपत कुमार धनेन्द्र को अतिशेष की श्रेणी में गणना किया जाना था, किन्तु उनके स्थान पर रविन्द्र कुमार बड़तिया शिक्षक विषय गणित को गलत ढंग से अतिशेष चिन्हांकित किया गया है। पूर्व माध्यमिक शाला पूत्तरवाही विषय कला में संजय जायसवाल कनिष्ठ को अतिशेष की श्रेणी में गणना किया जाना था, किन्तु उनके स्थान पर मोतिम सिन्हा शिक्षक विषय कला को गलत ढंग से अतिशेष चिन्हांकित गया है। इन सभी मामलों में जयसिंह भारद्वाज की ओर से घोर लापरवाही और अनियमितता सामने आई है, जो कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 का स्पष्ट उल्लंघन है।

# नगपुरा दिव्यांगजन शिविर में 49 का पंजीयन

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com





जिले में निवासरत ऐसे दिव्यांगजन जिन्होंने अभी तक दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बनवाया हो तथा ऐसे दिव्यांजन जिसका प्रमाण पत्र बना हुआ है किन्तु उक्त प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त हो चुकी है, के लिये उनकी सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग दुर्ग एवं जिला चिकित्सालय दुर्ग के समन्वय से 12 जून 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नगपुरा विकासखण्ड दुर्ग में दिव्यांगजन प्रमाणीकरण/ चिन्हांकन/ मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त आयोजित शिविर में आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र से कुल 49 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया। पंजीकृत दिव्यांगजनों का जिला चिकित्सालय दुर्ग के चिकित्सक अस्थिबाधित विशेषज्ञ डॉ. आर.के. नायक, नेत्र बाधित विशेषज्ञ डॉ. बी.एन. वाहने तथा श्रवण बाधित विशेषज्ञ डॉ. रेणु तिवारी द्वारा परीक्षण कराया गया। जिसमें से 18 दिव्यांगजन पात्र पाये गये 28 लोगों को मशीन से परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय दुर्ग रेफर किया गया है तथा 03 दिव्यांगजन अपात्र पाये गये। शिविर में सु प्रिया साहू सदस्य जिला पंचायत दुर्ग, मती कुलेश्वरी देवांगन अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग, मती सरोज रीगरी सरपंच ग्राम पंचायत नगपुरा, ललिता सरपंच ग्राम पंचायत पीपरछेड़ी उपस्थित रही। समाज कल्याण विभाग दुर्ग के शिविर प्रभारी जंतराम ठाकुर, विनय तिवारी व अन्य कर्मचारीगण तथा पंचगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

# नेशनल हाइवे में 4 गांवों के ग्रामीणों का चक्काजाम, कोपेडीह, आलीखुंटा, आरगांव, बोदेला मार्ग जर्जर

## पीडब्ल्यूडी विभाग को जगाने किया धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



अंचल के चार गांव के सैकड़ो लोगों ने नेशनल हाईवे में कोपेडीह के समीप बुधवार को चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम से दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। क्षेत्र के कोपेडीह आलीखुंटा, आरगांव व बोदेला रोड जर्जर होने के बाद भी हालिया वर्ष के बजट में मार्ग उन्नयन हेतु डामरीकरण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति नहीं होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त था। ग्रामीणों का गुस्सा 11 जून को चक्काजाम में तब्दील हो गया। उल्लेखनीय है कि नेशनल हाईवे रायपुर से नागपुर मार्ग में राजनांदगाँव समीप स्थित कोपेडीह, आलीखुटा, आरगांव, बोदेला पहुंच मार्ग 05 किमी जर्जर हो गया है। 2023-24 के बजट में शामिल होने के बाद भी रोड को नही बनाया गया है। ग्रामवासीयो एवं स्कूली बच्चो को आवागमन करने में बहुत परेशानी होती है। उक्त मार्ग के मजबूतीकरण एवं डामरीकरन करने के लिए विगत 10 वर्षो से ग्रामवासियो के द्वारा मांग किया जा रहा है। चक्काजाम दरम्यान संबोधित करते हुए जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू ने कहा कि गर्मी सीजन में ग्रामीणों को पेयजल एवं बिजली के लिए जूझना पड़ा है। जल्द इस जर्जर सड़क में गंभीर दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है। साहू ने चेतावनी देते हुए कहा कि एक सप्ताह के भीतर इस सड़क के डामरीकरण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति नहीं मिलती है तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। इस दौरान पीडब्ल्यूडी विभाग का पुतला दहन भी किया गया। इस अवसर पर लीकेश गंधर्व सरपंच आरगांव, बीर सिंग् चंद्रवंशी सरपंच कोपेडीह, सरपंच बोदेला, भुनेश्वरी साहू सरपँच तुमडीबोड़, सरिता साहू सदस्य जनपद पंचायत डोंगरगांव, गौतम वर्मा, इंद्रसेन साहू बोदेला, भोलाराम साहू, नैनेश्वर पटेल, पेवाराम साहू, खेमलाल चंद्रवंशी, धनसिंग चंद्रवंशी नरेश कुमार आदि बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल थे।

## नगर निगम के बधिया करण किए जाने की खुली पोल

# आवारा कुत्ते ने मासूम को नोंच नोंचकर किया घायल, भिलाई-3 के गांधी नगर वार्ड में डराने वाला मामला

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

महज ढाई साल के एक मासूम को आवारा कुत्ते ने नोंच नोंचकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है।

डराने वाला यह मामला भिलाई-3 के गांधी नगर वार्ड में पेश आया है। कुत्ते के काटने से घायल मासूम शिवांश की हालत देखकर उसके पिता विनोद धुरी और माता रीता धुरी का रो रोकर बुरा हाल है। इस घटना ने नगर निगम भिलाई - चरोदा के आवारा कुत्तों के बधिया करण को लेकर किए जा रहे दावे की पोल खोलकर रख दी है। गांधी नगर भिलाई-3 निवासी विनोद धुरी का ढाई वर्षीय बेटा शिवांश बुधवार को शाम को घर के पास गली में खिलौने वाली तीन चकिया गाड़ी चलाकर खेल रहा था। इसी दौरान एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला बोल दिया।







कुत्ते के अचानक हमला बोलने से शिवांश अपनी खिलौना वाली गाड़ी से गिर पड़ा। उसके गिरते ही कुत्ता उसे नोंचने लगा। मासूम के चिल्लाकर रोने की आवाज सुनकर पड़ोस में रहने वाला एक शख्स डंडा लेकर आया और कुत्ते को भगाया। लेकिन तब तक कुत्ता शिवांश को नोंच नोंचकर गंभीर रूप से घायल कर चुका था। कुत्ते ने शिवांश के शरीर के कई हिस्से में काटा है। जिससे उसके कपड़े खून से सन गए। कुत्ते के काटने से मासूम बेटे की दयनीय हालत देखकर पिता विनोद और उसकी मां रीता धुरी अपने आंसू नहीं रोक सके। तुरंत उसे स्थानीय निजी अस्पताल में ले जाया गया। वहां से उपचार के बाद बच्चे को घर लेकर आ गए।

इस घटना के बाद से मासूम शिवांश बेहद डरा हुआ है। घर के बाहर किसी कुत्ते के भौंकने की आवाज सुनकर वह सहम जा रहा है। उसकी ऐसी हालत देखकर उसके माता पिता के साथ साथ पड़ोसियों में भी नगर निगम के आवारा कुत्तों की धरपकड़ और बधिया करण के प्रति कायम उदासीनता को लेकर जमकर नाराजगी देखी जा रही है।

### निगम प्रशासन की लापरवाही उजागर

गांधी नगर वार्ड के पूर्व पार्षद लावेश मदनकर ने कहा है कि मासूम शिवांश धुरी के साथ हुई घटना ने नगर निगम प्रशासन की लापरवाही को उजागर किया है। उन्होंने बताया कि अप्रैल महीने में आयोजित सुशासन शिविर में उनके द्वारा आवारा मवेशी, सुअर और आदमखोर कुत्तों को शहर से मुक्त किए जाने की मांग रखते हुए आवेदन दिया था। जिसका जवाब नगर निगम की ओर से उन्हें 25 अप्रैल को दिया गया है। निगम प्रशासन ने जवाबी पत्र में आवश्यकतानुसार काउकेचर से मवेशियों को हटाने और आवारा कुत्तों के बधिया करण किए जाने की जानकारी देकर एक तरह से पल्ला झाड़ लिया। अगर आवारा कुत्तों का बधिया करण हो रहा है तो फिर उनकी संख्या लगातार कैसे बढ़ रही है। आखिर शिवांश के साथ जो हुआ उसकी जिम्मेदारी कौन

# बेरोजगारों को व्यवसाय शुरू करने दिया जाएगा ऋण, आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले के बेरोजगारों को खुद का व्यवसाय शुरू करने जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्या. दुर्ग द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया है, जिसमें अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग अंतर्गत बैंक प्रवर्तित अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना का लाभ दिया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत छोटे-छोटे व्यवसायियों को अंत्योदय स्वरोजगार योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगारों को बैंक के माध्यम से ऋण प्रदाय कर उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार किया जा सकेगा।

**फॉर्म न0. आईएनसी–26**
[कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसार]
**केंद्रीय सरकार के समक्ष**
**क्षेत्रीय निदेशक, उत्तर–पश्चिमी क्षेत्र, अहमदाबाद**
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप–धारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उप–नियम (5) के खंड (ए) के मामलें में
तथा
**मारूति क्लीन कोल एंड पावर लिमिटेड,** जिसका पंजीकृत कार्यालय प्रथम तल, हरिभूमि कॉम्प्लेक्स, जीएसटी भवन के बगल में, टिकरा पारा, धमतरी रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत, 492001 में है के मामलें में
.........**याचिकाकर्ता/आवेदक कंपनी**
एतद्द्वारा सामान्य जनता को सूचित किया जाता है कि कंपनी अपने पंजीकृत कार्यालय को **"छत्तीसगढ़"** से **"दिल्ली की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र"** में स्थानान्तरित करने के सक्षम बनाने हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अन्तर्गत **गुरूवार, 15 मई, 2025** को आयोजित कंपनी की असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुकूल, केंद्रीय सरकार, के समक्ष कंपनी की संस्था बहि नियमावली में परिवर्तन करने की याचिका प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है।
यदि किसी व्यक्ति का हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है तो **वह निवेशक शिकायत फॉर्म फाइल कर एमसीए–21 पोर्टल** (www.mca.gov.in) **में शिकायत दर्ज कर सकता है** या शपथ पत्र द्वारा समर्थित उसके हित की प्रकृति एवं विरोध का आधार बताते हुए, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के अन्दर क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी पश्चिमी क्षेत्र, जीएचबी ऑफिस कॉम्प्लेक्स, रूपल पार्क के सामने, अंकुर क्रॉस रोड के पास, नारनपुरा, अहमदाबाद–380013, गुजरात को पंजीकृत डाक द्वारा सूचित करें, और एक प्रतिलिपि आवेदक कंपनी के निम्नलिखित पंजीकृत कार्यालय पर भेजी जानी चाहिए:
**"प्रथम तल, हरिभूमि कॉम्प्लेक्स, जीएसटी भवन के बगल में, टिकरा पारा, धमतरी रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत, 492001"**
**कृते और बोर्ड की ओर से**
**मारूति क्लीन कोल एंड पावर लिमिटेड**
**हस्ता/–**
**स्थानः रायपुर** **संजीत कुमार पटेल**
**तिथिः 13.06.2025** **कंपनी सचिव**

## संपादकीय

### मोदी सरकार महत्वपूर्ण 11 साल

**मोदी सरकार** ने पिछले 11 साल में साहसी सुधारों से शासन का विमर्श बदल दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस पद पर 11 साल बीतने का अवसर भारत की राजनीतिक एवं विकास यात्रा में महत्वपूर्ण अध्याय है। पिछले दशक में मोदी सरकार ने व्यापक बदलाव किए हैं जिनमें आर्थिक, सामाजिक और वैचारिक बदलाव शामिल हैं। इससे शासन-प्रशासन का नया युग शुरू हुआ है जो प्रदर्शन, जवाबदेही और राष्ट्रीय गौरव पर आधारित है। भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने भी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों पर जोर दिया है जिनमें मोदी सरकार की सामाजिक-आर्थिक से लेकर राजनीतिक उपलब्धियां शामिल हैं। मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक रूप से दसवी अर्थव्यवस्था से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। कल्याणकारी योजनाओं से गरीबों को लक्षित किया गया जिनमें जन धन, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना और आवासीय पहलें शामिल हैं। इनसे लगभग 25 करोड़ लोग गरीब गरीबी रेखा से बाहर निकले जिसे सरकार विकास का 'गरीब कल्याण' माडल बताती है। मातृत्व अवकाश के विस्तार, 'लक्ष्मी दीदी' जैसे स्वयंसेवा समूहों के उभार तथा महिलाओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में तेज प्रगति के लक्षण महिला-नीत विकास में दिखाई दिए हैं। इन क्षेत्रों में जमीनी उद्यमिता से लेकर अंतरिक्ष खोज तक शामिल हैं। सरकार का दावा है कि उसने भारतीय राजनीति को पहचान आधारित तुष्टीकरण से बदल कर परिमाणोन्मुख माडल में बदल दिया है जहां लफ्फाजी के बजाय 'रिपोर्ट कार्ड' सार्वजनिक नेतृत्व को परिभाषित करते हैं। मोदी के कार्यकाल का एक सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण समय कोविड-19 वैश्विक महामारी थी जिसके दौरान भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा मुफ्त टीकाकरण अभियान चलाया तथा 220 करोड़ से अधिक टीके लगाए गए। इसके साथ ही 'वैक्सीन मैत्री' तथा 'आपरेशन गंगा' जैसी त्वरित आपात कार्रवाइयों के माध्यम से भारत विश्व स्तर पर जिम्मेदार देश के रूप में उभरा। जम्मू कश्मीर में सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 समाप्त करने की घोषणा भारत के आंतरिक एकीकरण प्रयासों में मील का पत्थर है। इस कदम के बाद स्थानीय चुनावों में मतदाताओं की रिकार्ड सहभागिता सामने आई जिसे क्षेत्र का गहरा लोकतांत्रिक सामान्यीकरण बताया जा रहा है।

मोदी सरकार में तेज ढांचागत विकास भी एक प्रमुख आयाम है। काफी समय से लंबित चिनाब पुल का निर्माण अंततः पूरा हुआ और इस साल उसका उद्घाटन किया गया। पिछले वर्षों के अन्य उल्लेखनीय सुधारों में तीन तलाक समाप्त करना, नागरिकता संशोधन कानून तथा वक्फ़ कानूनों में संशोधन हैं। सरकार के अनुसार इन सबका उद्देश्य लंबे समय से व्याप्त सामाजिक असंतुलन को ठीक करना है। मोदी सरकार ने अपना लक्ष्य बनाया है कि वह वर्ष 2047 तक भारत को 'विकसित भारत' बनाएगी जो देश की स्वतंत्रता की शताब्दी होगी। सरकार इस उद्देश्य से 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के सिद्धान्त से निर्देशित है। हालांकि, मोदी के आलोचक लोकतांत्रिक पिछले वर्षों में स्वतंत्रताओं की कमी तथा सत्ता के केन्द्रीकरण की ओर इशारा करते हैं, पर विरोधी भी यह तथ्य स्वीकार करते हैं कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने व्यापक परिवर्तन आए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के 11 सालों ने न केवल भारत में शासन-प्रशासन को पुनः परिभाषित किया है, बल्कि नागरिकों की उनके नेताओं से उम्मीदें भी बढ़ा दी हैं। चाहे इसे परिवर्तन की राजनीति के रूप में देखा जाए अथवा विपक्षी इसे ध्रुवीकरण कहें, पर इस युग में असंदिग्ध रूप से देश की राजनीतिक और विकास सोच में अंतर आया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगभग तीस साल बाद केन्द्र में पहली संपूर्ण बहुमत वाली गैर-कांग्रेस सरकार बनाई थी। इस सरकार ने पिछले 11 साल में कांग्रेस तथा कांग्रेस समर्थित अन्य खिचड़ी सरकारों की तुलना में अभूतपूर्व और असाधारण परिवर्तन किए। तकनीक का प्रयोग कर सरकार ने अनेक योजनाओं में सब्सिडी सीधे लाभार्थी समूहों के खाते में भेजी जिससे जमीनी स्तर पर भ्रष्टाचार पर बड़े स्तर पर लगाम लगी। मोदी सरकार ने देश की जनता व खासकर नौजवानों में भविष्य के प्रति आशा और विश्वास पैदा किया है।

# व्यापक मुफ्त खाद्यान्न योजना

भारत सरकार लगातार 800 मिलियन से अधिक लोगों को मुफ्त खाद्यान्न प्रदान कर रही है। इस योजना की समीक्षा कर तत्काल सुधार की आवश्यकता है ताकि इसका दुरुपयोग रोका जा सके।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



पिछले साल अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंधों पर भारतीय शोध परिषद-आईसीआरआईईआर ने 'भारत में सार्वजनिक वितरण प्रणाली का तार्किकीकरण' शीर्षक से एक अध्ययन रिपोर्ट जारी की थी। इसमें कहा गया था कि 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना'-पीएमजीकेवाई से लगभग 20 मिलियन टन अनाज चोरी हो जाता है जिससे हर साल केन्द्र सरकार को लगभग 70,000 करोड़ रुपये का घाटा होता है। पीएमजीकेवाई के अंतर्गत केन्द्र सरकार भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई और अन्य राज्य एजेंसियों को किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर किसानों से अनाज खरीदने तथा लगभग 820 मिलियन लोगों को उसके मुफ्त वितरण की व्यवस्था करने को कहती है। यह कार्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली-पीडीएस के अंतर्गत सस्ते गल्ले की दूकानों के नेटवर्क द्वारा किया जाता है। इसके पूरे खर्च की प्रतिपूर्ति एफसीआई व अन्य राज्य एजेंसियों को सब्सिडी के रूप में की जाती है जिसमें किसानों को भुगतान किए एमएसपी के साथ ही हैंडलिंग एवं वितरण पर आने वाला खर्च-एचडीसी आता है।

हालांकि, पीएमजीकेवाई 1 जनवरी, 2023 से लागू है, पर उसके पहले भी केन्द्र 820 मिलियन लोगों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून या एनएफएसए के अंतर्गत गेंहू, चावल व मोटे अनाज अत्यधिक सस्ते 2, 3 व 1 रुपये किलो के दाम पर देती थी। इसके साथ ही अप्रैल, 2020 से प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलो अनाज 820 मिलियन लाभार्थियों को पीएमजीकेवाई के अंतर्गत 'मुफ्त' दिया जाता है ताकि वे कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रभाव से उबर सकें।

1 जनवरी, 2023 से उनको पीएमजीकेवाई के अंतर्गत मुफ्त राशन दिया जा रहा है। पीडीएस से चोरी के बारे में अनेक जमीनी रिपोर्टें सामने आई हैं। नवीनतम खुलासा उत्तर प्रदेश के बरेली, आगरा और मेरठ डिवीजनों से सामने आया है जहां 2015 से 2018 के बीच एनएफएसए के अंतर्गत 2, 3 व 1 रुपये किलो पर दिया जाने वाला गेंहूं, चावल व मोटा अनाज 'अयोग्य व्यक्तियों' को दिया जा रहा था जिससे असली लाभार्थी इससे वंचित रह जाते थे। पिछले साल पश्चिम बंगाल से भारी घोटाले की खबरें आई थीं जहां पीडीएस से वितरण के लिए आए चावल को निजी स्वामित्व वाली चावल मिलों को पहुंचा दिया जाता था जो इसे पालिश करने के बाद खुले बाजार में भारी मुनाफा लेकर बेच देते थे। इस व्यापक चोरी का अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि प्रवर्तन निदेशालय-ईडी इस मामले की जांच कर रही है और उसके अनुमान से यह घोटाला लगभग 9,000 से 10,000 करोड़ रुपये का है।

यह चोरी लगभग एक दशक से जारी थी। 2016 में पंजाब के अनाज गोदामों से भारी मात्रा में अनाज गायब होने की खबरें आई थीं जिससे राज्य में अनाज खरीद कार्यक्रम में शामिल बैंकों से भारी घोटाले की आशंका पैदा हुई थी। भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई के निर्देश पर बैंकों को ऐसे नुकसान से बचने के प्रयास किए गए थे जो लगभग 12,000 करोड़ रुपये का था। इसके कारण केन्द्र सरकार ने इस नुकसान की भरपाई 'खाद्य सब्सिडी' बजट से करने से इनकार कर दिया था। चोरी के ऐसे असंख्य मामले थे जो जनता की नजर से छिपे रहे। कुल मिला कर इन घोटालों से सरकार के खजाने को भारी नुकसान पहुंचा। इसलिए जब केन्द्र के खाद्य सब्सिडी बिल का विस्तार 2024-25 तक करने का निर्णय हुआ तो इसके बड़े हिस्से की चोरी का संदेह भी पैदा हुआ। इसका मुख्य कारण खाद्य सब्सिडी लागू करने का तरीका था।

इस योजना के अंतर्गत सब्सिडी से कीमत शून्य करने का निर्णय हुआ, जबकि 2013 से दिसंबर, 2022 तक मूल्य को बहुत कम 2, 3 व 1 रुपये किलो पर रखा जाता था। इसकी तुलना सप्लाई पर आने वाले खर्च से की जानी चाहिए जो वर्तमान समय में गेंहू के लिए प्रति किलो 27 रुपये तथा चावल के लिए प्रति किलो 39 रुपये है। इस प्रकार सप्लाई श्रृंखला में लगभग 55 मिलियन टन अनाज को पीडीएस से वितरण के लिए रखने का अर्थ और इसकी कीमत शून्य करने का अर्थ संदिग्ध लोगों को अवैध तरीके से मुनाफा कमाने के लिए चोरी के खुले आमंत्रण की तरह है।

मूल रूप से सस्ता अनाज भारत के गरीबों के लिए है। भारत की जनसंख्या में गरीबों की संख्या 15-20 प्रतिशत से अधिक नहीं है, लेकिन इसके बावजूद वर्तमान समय में लाभार्थियों की संख्या जनसंख्या का 59 प्रतिशत है। शांता कुमार कमेटी, 2015 के अनुसार पीडीएस से लाभार्थियों की संख्या 40 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही नीति आयोग ने अनुमान लगाया है कि 2015 से लगभग 250 मिलिय लोग गरीबी से बाहर आ चुके हैं। इसे देखते हुए लाभार्थियों की संख्या में समुचित कमी होनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जहां लाखों 'अवैध' लोग इससे बाहर जाने से इनकार कर रहे हैं, वहीं सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र सरकार को निर्देश दिए हैं कि वह लाभार्थियों की सूची को 2021 की जनगणना के अनुसार अद्यतन करे क्योंकि वर्तमान सूची 2011 की जनगणना के आधार पर है। इस आधार पर अतिरिक्त 100 मिलियन लोगों को मुफ्त राशन देना होगा।

यदि सूची से कोई नाम न हटाए जांए तो इस योजना का विस्तार 920 मिलियन लोगों तक हो जाएगा। 2013 में लागू एनएफएसए कानून के अनुसार लाभार्थियों को गेंहूं, चावल व मोटे अनाजों के लिए 2, 3 व 1 रुपये किलो का भुगतान करना होता था। इसने दरों को तीन साल के लिए तय कर दिया था। इस प्रकार 2016 से दाम बढ़ाने पर कोई विधिक बाधा नहीं थी। लेकिन इसके बावजूद दाम बढ़ाना तो दूर, मोदी सरकार ने कीमतें घटा कर शून्य कर दीं। इस प्रकार भ्रष्ट राजनेताओं-अधिकारियों और स्थानीय राशन व्यापारियों-मिलों के बीच शून्य मूल्य वाली पीडीएस सप्लाई व उच्च बाजार मूल्यों के बीच 'भारी अंतर' को हड़पने का प्रयास जारी रहता है। वे मोदी सरकार द्वारा लागू सर्वोत्तम तकनीकी हस्तक्षेपों को भी धता बता देते हैं। इनमें राशन दूकानों पर पीओएस मशीनें लगाना, खरीद से लेकर वितरण तक सप्लाई श्रृंखला का डिजिटलीकरण, आधार कार्ड के आधार पर लाभार्थियों की वैधता, आदि शामिल हैं। खरीद के मोर्चे पर भी ऐसे तथ्य सामने आए हैं जहां छोटे और गरीब किसान अपना उत्पाद राज्य एजेंसियों को नहीं बेच पाते हैं, जबकि उनको पोर्टलों पर पंजीकरण कराना होता है। इससे वे एमएसपी तथा खरीद की गारंटी से वंचित रह जाते हैं, जबकि अधिकारियों की मिलीभगत से संदिग्ध व्यापारी इसका लाभ उठाते हैं।

चोरी को वास्तव में तभी रोका जा सकता है जब सरकार डीबीटी तरीके से सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजे। उदाहरण के लिए, गेंहूं की सप्लाई पर प्रति किलो आने वाले 27 रुपये खर्च को देखते हुए वह लाभार्थी के खाते में योजना के अंतर्गत पांच किलो राशन के लिए प्रति माह 135 रुपये भेज सकती है। इस पैसे से उपभोक्ता अपनी आवश्यकतानुसार बाजार से खरीद कर सकते हैं, जिसके लिए वे वर्तमान समय में पीडीएस पर निर्भर रहते हैं। इससे पीडीएस दूकानदार सामान्य खुदरा विक्रेताओं की तरह काम कर सकेंगे। इस व्यवस्था में राज्य एजेंसियों को लाभार्थियों में वितरण के लिए अनाज नहीं खरीदना पड़ेगा। इसी प्रकार किसान भी अपने उत्पाद उसी प्रकार बाजार में बेच सकेंगे जिस प्रकार कोई अन्य वस्तु बाजार-संचालित ढांचे में बेची जाती है। इसके लिए तीन केन्द्रीय कृषि कानूनों को पुनर्जीवित किया जाना चाहिए जो किसानों को अपने उत्पाद बेचने के लिए ज्यादा विकल्प देंगे तथा उनको इनकी अच्छी कीमत मिलेगी।

इस प्रकार व्यवस्था में मुफ्त मिलने वाला अनाज न होने पर उसकी चोरी की संभावना भी समाप्त होगी। इसके साथ ही फर्जी लाभार्थियों के नाम पर राशन हड़पने का खेल बंद हो जाएगा। इससे सरकार अवांछित लोगों को सूची से हटा कर सब्सिडी को बेहतर ढंग से लक्षित कर सकेगी। इससे किसानों से खरीद की 'गारंटी' से मुक्ति मिलेगी तथा सब्सिडी की वर्तमान विसंगतियों से मुक्ति मिलेगी। संक्षेप में कहा जाए तो रकार योजना के पुनर्गठन से इसके दुरुपयोग व चोरी को रोक सकेगी तथा प्रतियोगिता व क्षमता आधारित बाजारों का विकास होगा और किसानों के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित होगा।

# सड़कें जिन्होंने भारत के विकास की दिशा बदल दी!

**नितिन गडकरी**
(लेखक, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रीहैं)



जब नरेंद्र मोदी ने 2014 में भारत के प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाला, उसी क्षण से भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने बुनियादी ढांचे के विकास को हर चीज से ऊपर रखा। इस दिशा में, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय बुनियादी ढांचे के विकास का केंद्र बिंदु बन गया। मोदी के नेतृत्व में, इस मंत्रालय ने न केवल देश के आर्थिक विकास को गति दी है, बल्कि 2014 से इन 11 वर्षों में इसे एक नया आयाम भी दिया है।

राजमार्गों के निर्माण - पूर्ण और आगामी दोनों - ने देश के विकास की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कुशल राजमार्ग, जलमार्ग और रेलवे रसद लागत को कम कर सकते हैं और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे सकते हैं। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विश्वगुरु बनाने का सपना देखते हैं। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। इस सपने को पूरा करने के लिए हमें निर्यात बढ़ाने की जरूरत है, जिससे कृषि, सेवा और औद्योगिक क्षेत्रों में वृद्धि होगी। पिछले 11 वर्षों में बनाई गई सड़कों ने हमारी रसद लागत को 16 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी कर दिया है और अगले साल हम इसे और घटाकर 9 फीसदी करने का लक्ष्य रखते हैं। इससे हमारा निर्यात बढ़ेगा, हम अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे और भारत को विश्वगुरु बनने की दिशा में और अधिक मजबूती से आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय देश भर में 25 नए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवे बना रहा है। बंदरगाहों को जोड़ने और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 3,000 किलोमीटर से अधिक राजमार्ग भी बनाए जा रहे हैं। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार के प्रयास भी आकार ले रहे हैं। 22,000 करोड़ रुपये की लागत से पूरी हुई बौद्ध सर्किट परियोजना ने दक्षिण एशिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, चीन, सिंगापुर और जापान से भगवान बुद्ध की जन्मस्थली पर आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

इसके साथ ही, चार धाम स्थलों - बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री - पर जाने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या तीन गुनी हो गई है। केदारनाथ को जोड़ने के लिए 12,000 करोड़ रुपये की लागत से रोपवे का निर्माण किया जा रहा है। उत्तराखंड में कैलाश मानसरोवर को पिथौरागढ़ से जोड़ने वाली सड़क का लगभग 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है। भारत में, विशेष रूप से राष्ट्रीय राजधानी में, 'उड़ने वाली बसों' का सपना सच होने की कगार पर है। इसमें हवाई बसें, फ्लैश-चार्जिंग इलेक्ट्रिक बसें और पहाड़ी क्षेत्रों के लिए डबल-डेकर उड़ने वाली बसें शामिल हैं। दिल्ली के धौला कुआं से मानेसर तक स्काईवे सिस्टम पर आधारित हवाई बस सेवा लगभग अपने अंतिम चरण में है। मुझे विश्वास है कि यह प्रयोग इस विशेष मार्ग पर लगातार यातायात की भीड़ को हल करने में महत्वपूर्ण होगा।

नागपुर में जल्द ही पहली फ्लैश-चार्जिंग इलेक्ट्रिक बस शुरू होगी। इसमें 135 सीटें, एक्जीक्यूटिव क्लास, सामने टीवी स्क्रीन और एयर होस्टेस जैसी बस होस्ट होंगी। इस बस की अधिकतम गति 120 किलोमीटर प्रति घंटा होगी और यह अपनी यात्रा फिर से शुरू करने से पहले हर 40 किलोमीटर पर सिर्फ़ 30 सेकंड के लिए पूरी तरह चार्ज होने के लिए रुकेगी। ऐसा काम सिर्फ़ दफ़्तर में बैठकर डीपीआर तैयार करने से नहीं हो सकता - इसके लिए पूरे दिल से प्रयास की ज़रूरत होती है!

सड़क निर्माण पर आईआईएम-बैंगलोर द्वारा हाल ही में किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) निर्माण पर खर्च किए गए हर 1 से भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 3.21 की वृद्धि हुई है, जो 3.2 गुना का गुणक प्रभाव है। नतीजतन, घरेलू उत्पादन में 9 प्रतिशत और कार की बिक्री में 10.4 फीसदी की वृद्धि हुई है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा किए गए काम ने न केवल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाया है, बल्कि कई रोज़गार के अवसर भी पैदा किए हैं। यहां कुछ ध्यान देने योग्य आंकड़े दिए गए हैं: 2014 में, भारत में केवल 91,000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग थे। 2024 तक, यह नेटवर्क लगभग 60 फीसदी बढ़कर 1.46 लाख किलोमीटर हो गया है। सड़क निर्माण की दैनिक गति 12 किलोमीटर प्रतिदिन से बढ़कर 28-30 किलोमीटर प्रतिदिन हो गई है। महत्वाकांक्षी 5.35 लाख करोड़ की भारतमाला परियोजना के तहत, आर्थिक गलियारों, अंतरराष्ट्रीय सीमा सड़कों और सीमा क्षेत्र कनेक्टिविटी सहित 65,000 किलोमीटर सड़कें बनाने का लक्ष्य है। यह योजना भारत की रसद लागत को और कम करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

'गति शक्ति' और मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी पहल सड़क, रेलवे, वायु, जलमार्ग और बंदरगाहों को एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म में एकीकृत करती है, जिससे समय पर परियोजना पूरी करने में मदद मिली है। हमारे मंत्रालय ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से सड़क विकास परियोजनाओं को लागू करना भी शुरू कर दिया है, जिसने महत्वपूर्ण निजी निवेश को आकर्षित किया है। इस मॉडल के तहत, 12 लाख करोड़ से अधिक की सड़क परियोजनाएँ शुरू की गई हैं।

2014 में शुरू हुई यह यात्रा केवल सड़कों के बारे में नहीं है, एक तरह से, यह भारत की प्रगति की जीवन रेखा बन गई है। राजमार्ग नेटवर्क के विस्तार ने न केवल यात्रा को आसान बनाया है बल्कि घरेलू व्यापार, उद्योग, पर्यटन और सुरक्षा को भी बढ़ाया है।

हमारी सरकार पहले दिन से ही समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े हर व्यक्ति तक समावेशी विकास पहुंचाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। हम इस लक्ष्य को जल्द से जल्द हासिल करने के लिए आने वाले वर्षों में इस काम को और भी तेजी से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

अब हमारे पास विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण और 2047 तक अपने राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को संयुक्त राज्य अमेरिका से भी बेहतर बनाने का एक स्पष्ट दृष्टिकोण है, ताकि भारत एक आर्थिक महाशक्ति बन सके। अमेरिका के पास अच्छी सड़कें इसलिए नहीं हैं क्योंकि वह अमीर है; अमेरिका इसलिए अमीर है क्योंकि उसके पास अच्छी सड़कें हैं। दिल्ली में परिवहन भवन में मेरे कार्यालय और इससे पहले महाराष्ट्र में जब मैं मंत्री था, तब प्रदर्शित पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी का यह कथन संयोग से नहीं है। मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों से यह हमारा मार्गदर्शक मंत्र रहा है।

हम भविष्य में इस काम को और भी तेजी से आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। आने वाले वर्षों में भारत का सड़क बुनियादी ढांचा संयुक्त राज्य अमेरिका से भी बेहतर होगा - यह कोई सपना नहीं है, बल्कि एक हकीकत बन रहा है। गुणवत्ता, गति, पारदर्शिता और पर्यावरण अनुकूल नीतियों का संतुलन बनाए रखकर भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई जाएगी।

## आप की बात

### बिहार में चुनाव

**बिहार** का विधानसभा चुनावी दंगल इस वर्ष के अंत में होगा जिसके लिए राजनीतिक दलों ने अपनी बिसात बिछानी शुरू कर दी है। इस विधानसभा चुनाव में मुकाबला त्रिकोणीय एवं चौकोणीय या बहुकोणीय होने वाला है। एक तरफ एनडीए गठबंधन है तो दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन है। प्रशांत किशोर की जन स्वराज पार्टी एवं बहुजन समाज पार्टी के द्वारा भी कार्यकर्ता सम्मेलन किए जा रहे हैं। प्रशांत किशोर ने पूरा फोकस बिहार चुनाव पर लगा दिया है और उन्होंने सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का इरादा जताया है। एक समय बिहार में बहुजन समाज पार्टी-बसपा के पांच विधायक भी जीत कर आए हैं। इस बार भी बसपा ने बिना किसी गठबंधन के अपने दम पर चुनाव लड़ने का निर्णय किया है, लेकिन अभी यह नहीं कहा जा सकता है कि वह सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। देखना यह भी दिलचस्प होगा कि लोक जनशक्ति पार्टी-लोजपा एनडीए के घटक दल के रूप में चुनाव लड़ेगी अथवा ज्यादा संख्या में अपने उम्मीदवार उतारेगी। चिराग पासवान अपनी ताकत आजमाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि जदयू बार-बार दुहरा रही है कि नीतीश कुमार ही एनडीए के मुख्यमंत्री उम्मीदवार हैं। इससे बिहार में चुनाव और दिलचस्प हो गया है।

- **वीरेन्द्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### ट्रंप की कुटिलता

**अमेरिका** संभवतः भारत के बढ़ते हुए प्रभाव को रोकने के कुटिल प्रयास शुरू कर चुका है। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान भारत-अमेरिका संबंधों में बेहतरी की जो उम्मीदें बनी थीं वे अब कमजोर पड़ती नजर आ रही हैं। ट्रंप के हालिया रवैये से स्पष्ट है कि वह पाकिस्तान को एक रणनीतिक सहयोगी के रूप में देख रहे हैं। पहलगाम हमले के बाद भारत की सैन्य कार्रवाई पर ट्रंप की असहज प्रतिक्रिया ने यह जता दिया कि वे भारत की सुरक्षा चिंताओं को गंभीरता से नहीं ले रहे। इसके बजाय वे व्यापार के बहाने इस संघर्ष को रोकने का श्रेय लेना चाहते हैं और पाकिस्तान की प्रशंसा करने से भी नहीं चूकते। ट्रंप का एक और कदम भारत के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने धार्मिक स्वतंत्रता आयोग में शेख हमजा यूसुफ और इस्माइल रोयर जैसे विवादास्पद मुस्लिम नेताओं को शामिल किया जो कट्टरपंथी माने जाते हैं। ऐसा लगता है कि ट्रंप का बिजनेस परिवार पाकिस्तान की दयनीय हालत को देखते हुए उससे लाभ उठाना चाहता है। कुछ समय पहले पाकिस्तान ने एक बिटक्वाइन कंपनी में निवेश किया है जिसमें ट्रंप परिवार की काफी हिस्सेदारी है। ट्रंप भारत पर दबाव डालने के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल कर सकते हैं।

- **सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### पाकिस्तानी जासूस

**पहलगाम** हत्याकांड ने एक बार फिर उजागर कर दिया कि भारत की आंतरिक सुरक्षा को केवल बाहरी नहीं, बल्कि देश में पाकिस्तानी जासूसों से भी गहरा खतरा है। जासूसों की हालिया पकड़धकड़ से स्पष्ट हो गया है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई भारत में अपने नेटवर्क को मजबूत करने के लिए विभिन्न हथकंडों का उपयोग कर रही है। वह लोगों को धन का लालच देती है जिससे आर्थिक रूप से कमजोर या लालची लोगों को जासूसी के लिए तैयार किया जाता है। वह सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर जैसे जसबीर सिंह और ज्योति मल्होत्रा के फॉलोअर्स बढ़ाने में मदद करती है और फिर उन्हें भारत-विरोधी प्रचार के लिए इस्तेमाल करती है। आईएसआई का बेहद खतरनाक तरीका हनी ट्रैप है जिसके माध्यम से वास्तविक या आभासी पाकिस्तानी लड़कियों के माध्यम से लोगों को अपने चंगुल में लिया जाता है। इसके साथ ही कट्टरपंथ और जिहाद का इस्तेमाल कर भारतीय मुस्लिम नौजवानों को बहकाया जाता है। थानों में लापता पाकिस्तानी नागरिक रजिस्टर की मौजूदगी से स्पष्ट है कि पाकिस्तानी नागरिक पर्यटक या व्यवसायी बनकर भारत आते हैं, लेकिन फिर भूमिगत हो जाते हैं। यह गंभीर खतरे का संकेत है।

- **विभूति बुपक्या**, खाचरौद

### अमेरिका में अराजकता

**डोनाल्ड ट्रंप** का दूसरा कार्यकाल उम्मीद से विपरीत जा रहा है। राष्ट्रपति के विवादित फैसले अमेरिका में अराजकता पैदा कर रहें हैं। अमेरिका में इस समय गहरा आंतरिक संकट है जिसका केंद्र बिंदु है ट्रंप की सख्त अप्रवासी नीति। लॉस एंजेलिस में शुरू हुए दंगे अब न्यूयॉर्क समेत कई शहरों में फैल चुके हैं जिससे देश गृहयुद्ध जैसे हालात की ओर बढ़ता दिख रहा है। ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से ही उनकी अमेरिका को महान बनाने की नीति विवादों में रही है लेकिन मौजूदा स्थिति उनकी अब तक की सबसे बड़ी नाकामी के रूप में देखी जा रही है। नेशनल गार्ड की भारी तैनाती और पुलिस की फायरिंग के बावजूद लॉस एंजेलिस के हाईवे, पैरामाउंट और कॉम्पटन जैसे इलाकों में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही। मेक्सिकन अप्रवासी अमेरिका की कुल विदेशी आबादी का 23 प्रतिशत हैं। वे ट्रंप की डिपोर्टेशन नीति से बेहद आक्रोशित हैं। अप्रवासियों की गिरफ्तारी और उन पर क्रिमिनल केस दर्ज करने की धमकी ने जनता में भय और आक्रोश को जन्म दिया है। यह संकट ट्रंप की साख की परीक्षा है जिसमें वे विफल रहे हैं।

- **अमृतलाल मारू**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# जल संकट एक दिन की समस्या नहीं है, इसे हल करने सतत प्रयास आवश्यक : अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारत सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के निदेशक (सीएनओ) अमित कुमार अग्रवाल तीन दिवसीय दौरे पर बेमेतरा पहुंचे। उनके साथ जल शक्ति अभियान से जुड़े वैज्ञानिक सर्वोदय बारीक भी उपस्थित रहे। दौरे के पहले दिन अग्रवाल ने जल शक्ति अभियान के अंतर्गत जिला जल शक्ति केंद्र में अंतरविभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक का शुभारंभ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद्र अग्रवाल द्वारा स्वागत भाषण से हुआ। विभिन्न विभागों द्वारा जल संरक्षण एवं भूजल स्तर सुधार हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी गई। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता चंद्रशेखर शिवहरे ने छोटे-बड़े जलाशयों, चेक डैम, कुओं और अन्य संरचनाओं की विस्तृत जानकारी दी।लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के गौड़ ने शुद्ध पेयजल और वर्षा जल संचयन कार्यों की जानकारी साझा की। नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि नये प्राइवेट निर्माणों में वर्षा जल संचयन प्रणाली अनिवार्य की जा रही है। कृषि उप संचालक मोरध्वज डड़सेना ने बताया कि पिछले वर्ष औसत से कम वर्षा हुई, जिससे जल संकट उत्पन्न हुआ है। किसानों को कम पानी वाली फसलें जैसे गेहूं, चना, दलहन-तिलहन अपनाने प्रेरित किया गया है। संचालक अमित कुमार अग्रवाल ने कहा कि जल संकट एक दिन की समस्या नहीं है, इसे हल करने सतत प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि जन सहभागिता ही समाधान है– अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें, जागरूकता अभियान चलाएं। हर शासकीय कार्यालय, पंचायत भवन व आवासीय निर्माणों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य किया जाए। वृक्षारोपण एक आवश्यक पूरक है। जल संरक्षण के साथ बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण हो। उन्होंने कहा कि किसानों को माइक्रो-इरिगेशन प्रणाली अपनाने व जल प्रबंधन में प्रशिक्षित करें। अग्रवाल ने विद्यालयों, कॉलेजों, संस्थाओं में जल जागरूकता कार्यक्रम चलाने पर बल दिया। उन्होंने इस वर्ष की थीम जल संचय, जन भागीदारी : जन जागरूकता की ओर को दोहराते हुए कहा कि यह केवल प्रशासनिक नहीं, जनांदोलन का विषय बनना चाहिए। प्रचार अभियान की जानकारी देते हुए डड़सेना ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत प्रचार रथों के माध्यम से जिले के सभी चार विकासखण्डों की 78 ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण जागरूकता फैलाई जा रही है। अंत में अग्रवाल ने कहा कि यह अभियान कागजों तक सीमित न रहे, इसे हर नागरिक की जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। तभी हम आने वाली पीढ़ियों को जल संकट से बचा सकेंगे। जल है तो कल है।

# युक्तियुक्तकरण के खिलाफ बीईओ ऑफिस का घेराव

## कांग्रेस ने रैली निकालकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ✓ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव द्वारा युक्तियुक्तकरण के खिलाफ अपनी चिंता और विरोध जताते हुए प्रतीकात्मक रैली निकालकर बीईओ कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने राज्य सरकार, शिक्षा विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उपरांत राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश कांग्रेस के आव्हान् पर कांग्रेसी स्थानीय पुराना बस स्टैण्ड में एकत्रित होकर नुक्कड़ सभा का आयोजन भी किया। सभा मे वक्ताओं ने युक्तियुक्तकरण को शिक्षकों, बच्चों और आमजनता के विरूद्ध बताते हुए इस नीति की जमकर आलोचना की। वक्ताओं ने कहा कि इस नीति के नाम पर भाजपा सरकार ने कई महत्वपूर्ण सरकारी सेवाओं को प्रभावित किया है, जो आम जनता के लिए फायदेमंद थी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की यह नीति न सिर्फ कर्मचारियों के हितों को नजरअंदाज करने वाली है, वरन् यह सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच को घटाने का काम करेगी। सभा पश्चात् कांग्रेसियों ने पैदल मार्च करते हुए बीईओ कार्यालय पहुंचे। बीईओ कार्यालय घेराव कर नायब तहसीलदार झरना राजपूत को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेस ने कहा कि युक्तियुक्तकरण नीति की प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी है तथा कर्मचारियों के रोजगार सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकता है। इस नीति को लागू करने से पहले कर्मचारियों, नागरिकों और विशेषज्ञों से व्यापक विचार विमर्श नहीं किया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान आंदोलन प्रभारी रमेश खण्डेलवाल, गणेश साहू, संध्या साहू, बिरेन्द्र बोरकर, टिकेश साहू, सुयश नाहटा, बलीराम साहू, संजय संचेती, डॉ. नरेन्द्र साहू, रोशन यदु, सतीश वैष्णव, अखिलेश नखत, श्रुति शुक्ला, गीता सलामे, पुष्पदेवी यदु, वैशाली बोरकर, लोकेश सिन्हा, प्रियंक जैन, राकेश साहू, रितेश राजपूत, अमित ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

# जिला बेमेतरा मोतियाबिंद मुक्त के बाद मरीजों के जांच और सत्यापन किया गया



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मोतियाबिंद दृष्टिहीनता मुक्त राज्य के तहत जिला बेमेतरा द्वारा प्रस्तुत मोतियाबिंद दृष्टिहीनता मुक्त जिला होने के दावे के सत्यापन हेतु प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार बसोड़ के मार्गदर्शन और डॉ. भेखराम साहू जिला नोडल अधिकारी (अंधत्व नियंत्रण) निर्देशानुसार जिले के नेत्र सहायक अधिकारी की उपस्थिति में और राज्य से गठित दल डॉ. एन.सी.लांगे नेत्र रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय राजनांदगांव और 04 नेत्र सहायक अधिकारी जिला राजनांदगांव द्वारा बेमेतरा जिला के समस्त विकासखण्ड में भ्रमण कर जिला बेमेतरा के बैकलॉक 2023-24 मोतियाबिंद ऑपरेशन हुए मरीजों की जांच सत्यापन किया गया। मोतियाबिंद ऑपरेशन हुए मरीज का सत्यापन के लिए 04 दल का गठन किया गया। दल क्रमांक 01 खण्डसरा, दल क्रमांक 02 नवागढ़, दल क्रमांक 03 साजा एव दल क्रमांक 04 बेरला विकासखण्डों में भ्रमण कर विकासखण्ड खण्डसरा में 07 ग्राम 13 मरीज, विकासखण्ड नवागढ़ में 05 ग्राम 11 मरीज, विकासखण्ड साजा में 13 ग्राम 24 मरीज एवं विकासखण्ड बेरला में 06 ग्राम 11 मरीज कुल 31 ग्राम का सत्यापन किया गया, जिसमें 59 मोतियाबिंद ऑपरेशन हुए मरीजों का राज्य से गठित नेत्र दल जांच टीम द्वारा जांच किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक नोडल अधिकारी (अंधत्व नियंत्रण) विजय कुमार देवांगन, विनोद कुमार बघेल, विनोद कुमार साहू, ओंकार चन्द्राकर, लवकुश पटेल, मुकेश टंडन, योगेन्द्र भार्गव, गुलाब चंद सिन्हा, अजीत कुमार कुर्रे नेत्र सहायक अधिकारी एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक एवं मितानिनों का विशेष सहयोग रहा।

# जिला पुलिस द्वारा गौ वंश तस्करी रोकने, गौ सेवको के साथ की बैठक



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना/चौकी स्टाफ द्वारा थाना/चौकी परिसर में गौ सेवकों के साथ बैठक कर गौ वंश तस्करी रोकने विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा किया गया। जिसमें गौ सेवकों के सहयोग से पुलिस गौ वंश की तस्करी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करेगी। तथा गौ सेवकों को बताया गया कि गौ तस्करी के संबंध में सुचना प्राप्त होने पर तत्काल पुलिस को सुचित करने एवं पुलिस का सहयोग करने, साथ ही गौ तस्करो को पकडने के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना या मारपीट जैसी कोई घटना न हो इस पर विशेष ध्यान रखने कहा गया। पुलिस आप सभी के सहयोग के लिए है बेमेतरा पुलिस आपकी अपनी पुलिस है आपको जब भी पुलिस का सहयोग की आवश्यकता हो तत्काल पुलिस का सहयोग ले सकते है।

# सीएमएचओ जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बंसोड़ ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सीएमएचओ जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक बंसोड़ जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण में पहुंचे। जहां उन्होंने एमसीएच बिल्डिंग में प्रसव कक्ष, एनआरसी, एसएनसीयू, डायलिसिस वार्ड, सोनोग्राफी सेवाएं का निरीक्षण किया, अस्पताल में डायरिया नियंत्रण भर्ती वार्ड, आईसीयू, पैथोलॉजी लैब, किचन, स्टोर रूम में दवाई आवश्यक उपकरण उपलब्धता आदि की जानकारी लेते हुए कोविड जांच, भर्ती सुविधा, वेंटिलेटर, बेड की उपलब्धता, ऑक्सीजन सप्लाई प्रबंधन की तैयारी का जायजा लिया साथ में 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस की तैयारी हेतु ब्लड बैंक का निरीक्षण कर आवश्यक तैयारी हेतु दिशा निर्देश दिया, इस अवसर पर डॉक्टर स्टॉफ की उपस्थिति, सफाई व्यवस्था के साथ मरीजों के लिए पेयजल व्यवस्था की भी जानकारी लिए, अंत में सिविल सर्जन डॉ लोकेश साहू, अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ स्वाति यदु के साथ बैठक लेकर व्यवस्था के साथ आवश्यक बिस्तर तैयारी मास्क, सेनेटाइजर, पीपीई किट, कोविड जांच किट, दवाई आदि उपलब्धता के निर्देश दिए।

# कुसुमकसा में खलारी रोड पर देवधरा नाला में एक विशाल कट बांध बनाकर किसानों के खेत में लिफ्ट इरिगेशन के माध्यम से पानी पहुंचाने की योजना





पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

ग्राम कुसुमकसा में खलारी रोड पर देवधरा नाला में एक विशाल कट बांध बनाकर किसानों के खेत में लिफ्ट इरिगेशन के माध्यम से पानी पहुंचाने की योजना है। इस योजना से ग्राम कुसुमकसा के सैकड़ों किसानों के 300 एकड़ खेत सिंचित होगा। किसान इस योजना के माध्यम से बेहतर किसानी कर पाएंगे। इस योजना के लिए राज्य के विष्णु देव साय सरकार ने 450 लाख रुपए की राशि का बजट में प्रावधान म रखे हैं। योजना को बेहतर बनाने के लिए भाजपा नेता एवं पूर्व जनपद सदस्य कुसुमकसा संजय बैस ने अधिकारियों और किसानों के लिफ्ट इरीगेशन बनने के लिए प्रस्तावित स्थान का निरीक्षण किया और जल्दी क्रियान्वयन करने के लिए चर्चा भी किए। इस योजना के पूर्ण होने के होने से कृषि कार्य के गुणवत्ता में सुधार आएगी तथा किसानों को उन्नत किसानी के साथ चिंतामुक्त किसानी करने के रास्ता साफहो जाएगा। कुसुमकसा के किसानों के इस मांग को बजट में शामिल करने के लिए संजय बैस ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का धन्यवाद दिए है। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र के किसान भाइयों ने विगत कई वर्षो से इस योजना का मांग कर रहे थे। राज्य सरकार इस योजना को लागू कर किसानों को बड़ी सौगात दिए है तथा इस लिफ्ट इरीगेशन के बनने से किसान भाइयों के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही ग्रामीणों की हर मांग पूरी हो रही है। गत दिनों ग्राम चिखली से जुनवानी तक रोड बनने की जो मांग पूरी हुई है वह बहुत बड़ी उपलब्धि है। बरसों पुरानी मांग भाजपा सरकार ने पूरी कर दी, जो दूरी 30 किलोमीटर की थी अब वह सिमट कर मात्र 4 किलोमीटर की रह गई है। उपरोक्त स्थल पर उपस्थित किसानों ने कहा कि हम लोग हमारे जन नेता संजय बैस का धन्यवाद देते हैं कि उनके प्रयास से सरकार ने 450 लाख रुपए की राशि इस योजना के लिए स्वीकृत किए हैं। भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव के समय ग्रामीणों से जो वायदा किया था वह पूरा कर दिखाया। वास्तव में भाजपा बहुत पुरानी हमारी मांग को तत्परता के साथ पूरी कर रहा है जिससे हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में हमें भरपूर लाभ होगा। कृषि कार्य के लिए पानी की समस्या दूर होगी तथा हम लोग चिंता मुक्त किसानी कर पाएंगे। समय पर पानी की कमी पूरी हो जाने के कारण हमारे फसल की गुणवत्ता में भी सुधार आएगी। इस अवसर पर सरपंच वेद बाई पिस्दा उप सरपंच नितिन जैन, संतोष जैन, पंकज जेठवानी, सुगरा बेगम, खेमीन निर्मलकर, दीपक यादव, पूर्व सरपंच शिव राम सिंदरामे, राजू सिन्हा, जगन्नाथ सिवाना, कन्हैया भैंसारे, गोविंद सिन्हा हरि ठाकुर सहित सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# ठेका श्रमिक की मौत को लेकर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी दल्ली राजहरा के मंडल अध्यक्ष रामेश्वर साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि विगत दिनों भारतीय जनता पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल राजहरा थाना में जाकर नगर पुलिस अधीक्षक और थाना प्रभारी से मुलाकात किया और उन्हें 02 अप्रैल को दल्ली यंत्रीकृत खदान के निर्माणाधीन पैलेट प्लांट में एक ठेका श्रमिक श्रवण चौहान की मौत से संबंधित जानकारी हेतु ज्ञापन सौंपा। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि बीएसपी प्रबंधन और जगन्नाथ स्टील प्राईवेट लिमिटेड के अधिकारियों की लापरवाही से लगभग 06 मीटर की ऊंचाई से ठेका श्रमिक श्रवण चौहान की गिरकर मौत हो गई है लेकिन आजतक ने तो बीएसपी प्रबंधन ने न तो जगन्नाथ स्टील प्राईवेट लिमिटेड और न ही पुलिस प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की ठोस कार्यवाही की गई है जो कि चिंता का विषय है। जबकि हम सभी आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में निवासरत है निर्माणाधीन पैलेट प्लांट में भी अधिकतम ठेका श्रमिक आदिवासी हैं और कंपनी द्वारा इन गरीब आदिवासियों को जानबूझकर मौत के मुंह धकेला जा रहा है, जोकि जांच का विषय है। मगर जिन जिम्मेदार लोगों को इस पर जांच कर कार्यवाही करनी है वो सब मौन साधे हुए हैं जो चिंता का विषय है। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने आगे कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने लिखित रूप से सीईओ जगन्नाथ स्टील प्राईवेट लिमिटेड, महाप्रबंधक प्रभारी दल्ली यंत्रीकृत खदान बीएसपी, प्रोजेक्ट मैनेजर पैलेट प्लांट बीएसपी से मृतक श्रवण चौहान की प्रबंधन की जानबूझकर किए गये लापरवाही से दुर्घटना में जान जाने से संबंधित जानकारी मांगी गई। तब प्रतिनिधिमंडल को ऐसी जानकारी मिली है कि मृतक श्रवण चौहान को कोई सुरक्षा ट्रेनिंग नहीं दिया गया था और न ही उसका हाईट पास बनाया गया था उसे बिना किसी सुरक्षा के मापदंडों की जानकारी दिए दबाव पूर्वक कार्य कराया जा रहा था, ऐसी जानकारी भी मिली है कि मृतक श्रवण चौहान से साथ जहां दुर्घटना हुई है वह क्षेत्र माइनिंग लीज क्षेत्र के अंदर आता है और जानकारी मिली है कि उसे जानबूझकर माइनिंग लीज क्षेत्र से बाहर करने के लिए अभी वर्तमान में लीज क्षेत्र से कुछ छेड़छाड़ किया गया है और तो और प्रबंधन द्वारा फैक्ट्री एक्ट के प्रदेश के जिम्मेदार अधिकारियों को भी इसकी जानकारी नहीं दिया गया है और तो और जो राशि मृतक श्रवण चौहान के परिवार को मुआवजा के रूप में दिया जाना था उसके लिए भी शासकीय नियमों का पालन नहीं किया गया है जोकि इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले श्रवण चौहान की मौत की निष्पक्ष जांच पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। प्रतिनिधि मंडल में शामिल भाजपा के सौरभ लूनिया ने बताया कि दल्ली यंत्रीकृत खदान में निर्माणाधीन पैलेट प्लांट पर पूरी तरह से बीएसपी का अधिकार है और पैलेट प्लांट प्रोजेक्ट को बनाने के लिए बकायदा बीएसपी के अधिकारी को प्रोजेक्ट मैनेजर पैलेट प्लांट बनाया गया है और आजतक पैलेट प्लांट में सारा काम इन्ही की निगरानी में हो रहा है जब सारा काम प्रोजेक्ट मैनेजर की निगरानी में हो रहा है तो फिर प्रोजेक्ट मैनेजर की जिम्मेदारी है कि पैलेट प्लांट में सुरक्षा के मापदंडों का पालन हो, श्रमिकों को सुरक्षा ट्रेनिंग दी गई है कि नहीं, श्रमिकों का हाईट पास बनाया गया है कि नहीं, यहां तो ऐसा लग रहा है कि प्रोजेक्ट मैनेजर सिर्फ उच्च प्रबंधन को अंधेरे में रखकर जगन्नाथ स्टील प्राईवेट लिमिटेड को फायदा पहुंचाने में लगे हुए हैं और जिसका परिणाम है कि पैलेट प्लांट में आए दिन दुर्घटना हो रही है और गरीब आदिवासी ठेका श्रमिकों की सुनवाई करने वाला कोई नहीं है। यहां एक बात और महत्वपूर्ण है कि जब पैलेट प्लांट में हो रहे सारे निर्माण कार्य की जिम्मेदारी प्रोजेक्ट मैनेजर की है तो फिर प्रबंधन की लापरवाही से जान गंवाने वाले मृतक श्रवण चौहान की मौत के जिम्मेदार लोगों में प्रोजेक्ट मैनेजर का नाम भी होना चाहिए और पुलिस द्वारा जो प्राथमिकी अपराध दर्ज किया गया है, उसमें प्रोजेक्ट मैनेजर का नाम भी शामिल किया जाना चाहिए। सौरभ लूनिया ने कहा कि पुलिस प्रशासन अपना कार्य ईमानदारी से करें और जिम्मेदार अधिकारियों पर अपराध पंजीबद्ध करें अन्यथा भाजपा गरीब आदिवासी ठेका श्रमिको को न्याय दिलाने के लिए हर तरह की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं।

# रेंगाखार में लगा विशेष स्वास्थ्य शिविर, 116 गर्भवती महिलाओं की हुई सोनोग्राफी जांच







पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

सुदूर वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं अब ग्रामीणों की चौखट तक पहुँचने लगी हैं। इसी क्रम में कवर्धा जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेंगाखार में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य था–गर्भवती महिलाओं और अन्य रोगियों को विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान करना।

## 116 गर्भवती महिलाओं की हुई मुफ्त सोनोग्राफी

उक्त शिविर में कुल 253 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें से 116 गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी जांच विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में की गई। इन महिलाओं का सीबीसी (रक्त जांच), ब्लड प्रेशर, वजन और सामान्य स्क्रीनिंग भी की गई। सभी जांच अत्याधुनिक उपकरणों एवं समर्पित मेडिकल टीम के माध्यम से की गईं।

## विशेषज्ञों की रही उपस्थिति

शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनामिका पटेल और डॉ. पूजा राज ने गर्भवती महिलाओं की गहन जांच कर स्वास्थ्य परामर्श दिया। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जूही सोनवानी ने बच्चों से संबंधित बीमारियों का उपचार किया, वहीं मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. मधुसूदन डोंगरे ने सामान्य रोगों से पीड़ित मरीजों को देखा।

## शिविर का संचालन बीएमओ के नेतृत्व में हुआ

शिविर का संचालन बीएमओ डॉ. पुरुषोत्तम राजपूत के नेतृत्व में हुआ, जबकि सिविल सर्जन डॉ. केशव ध्रुव और सीएमएचओ डॉ. बी.एल. राज ने निगरानी व निरीक्षण की जिम्मेदारी निभाई। इसके अलावा पीएचसी इंचार्ज वीरेंद्र पालाके और विकासखंड के चिकित्सक डॉ. जे.पी. वर्मा सहित जिला अस्पताल एवं सेक्टर स्टाफ ने भी समर्पित सहयोग प्रदान किया।

## वनांचल से पहुँचीं माताएं, मिला स्वास्थ्य का भरोसा

शिविर में आने वाले मरीज केवल रेंगाखार तक सीमित नहीं थे। बोकरखार, महलीघाट, आमा पानी, झलमला, बोडलपानी और शीतलपानी जैसे दूरस्थ गांवों से उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर 102 महतारी एंबुलेंस और पुलिस विभाग के सहयोग से लाया गया। यह पहल इस बात का प्रमाण है कि शासन अब वनांचल की माताओं को बेहतर स्वास्थ्य देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## सीधा संवाद और स्वास्थ्य जागरूकता

शिविर की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि चिकित्सकों ने गर्भवती महिलाओं से सीधा संवाद कर उनकी शारीरिक व मानसिक समस्याओं को समझा और उन्हें पोषण, टीकाकरण, प्रसव पूर्व देखभाल और सरकारी योजनाओं जैसे जननी सुरक्षा योजना, मातृ वंदना योजना की विस्तृत जानकारी दी।

## हर माँ और हर शिशु तक पहुँचे स्वास्थ्य सेवा

वनांचल में ऐसे शिविरों के निरंतर आयोजन से यह स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ सरकार विशेष रूप से मातृ और शिशु स्वास्थ्य पर केंद्रित है। यह केवल एक शिविर नहीं बल्कि एक संदेश है– कि अब कोई भी महिला, चाहे वह कितनी भी दूर क्यों न हो, स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित नहीं रहेगी।

## नवाचार और मानवता की मिसाल

यह शिविर स्वास्थ्य सेवा वितरण का एक मॉडल बनकर उभरा है, जिसमें सरकारी तंत्र, विशेषज्ञ चिकित्सक, प्रशासन और स्थानीय सहयोग एकजुट होकर ग्रामीण स्वास्थ्य को नया आयाम दे रहे हैं। रेंगाखार में आयोजित यह शिविर केवल एक स्वास्थ्य परीक्षण नहीं, बल्कि विश्वास, पहुंच और संवेदना का प्रतीक बना। जिस प्रकार सरकार द्वारा लगातार इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, उससे यह आशा बलवती होती है कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ का वनांचल क्षेत्र भी स्वास्थ्य के हर पैमाने पर सशक्त और सुरक्षित होगा।

# कलेक्टर उइके ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के संबंध में ली प्रेसवार्ता

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कुल 334 ग्राम का चयन

■ अभियान अंतर्गत 17 मंत्रालयों के 25 योजनाओं से हितग्राहियों को संतृप्त किया जायेगा

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर बीएस उइके ने धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के संबंध में अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रें स लेकर मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारम्भ 02 अक्टूबर 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था।

उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के सर्वांगीण विकास तथा अंतिम व्यक्ति को पात्रता अनुसार व्यक्तिगत लाभों से संतृप्त किया जाना है। जिले में यह अभियान 15 जून से 30 जून 2025 तक चलेगा। इसके अंतर्गत राष्ट्रव्यापी जागरूकता सह लाभ





संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसकी तैयारी जिले कर ली गई है। कलेक्टर उइके ने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कुल 334 ग्राम का चयन किया गया है। जिसमें विकासखंड-गरियाबंद अंतर्गत 126 ग्राम, मैनपुर अंतर्गत 144 ग्राम, छुरा अंतर्गत 50 ग्राम, फिंगेश्वर अंतर्गत 05 ग्राम एवं देवभोग अंतर्गत 09 ग्राम चयनित किया गया है। इन ग्रामों के ग्राम पंचायत मुख्यालयों में कुल 31 संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसके लिए जिला अधिकारियों को शिविर हेतु नोडल अधिकारी बनाया गया है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत 17 मंत्रालयों के 25 योजनाओं से हितग्राहियों को संतृप्त किया जायेगा।

जिसमें आवास, संपर्क सड़के, जल आपूर्ति, विद्युतीकरण, नई सौर उर्जा योजना और ऑफ ग्रिड सोलर, मोबाईल चिकित्सा इकाइयां आयुष्मान कार्ड, एलपीजी कनेक्शन आगंनबाड़ी केन्द्र स्थापना, छात्रावास निर्माण, पोषण वाटिकाएं, भारत नेट, स्किल इंडिया मिशन, वन धन केन्द्र, डिजिटल पहल, सतत् कृषि को बढ़ावा, मत्स्य पालन सहायता, पशुपालन, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, स्वदेश दर्शन, प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना, ट्राईबल मल्टीपरपज मार्केटिंग सेंटर निर्माण, छात्रावास - आश्रम शाला अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालयों में अधोसंरचना विकास, सिकलसेल रोग के सक्षमता केन्द्र और परामर्श सहायता, वन अधिकार अधिनियम एवं सामुदायिक वन अधिकार प्रबंधन गतिविधियों हेतु सहायता, प्रकोष्ठ की स्थापना इत्यादि गतिविधियां शामिल है। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, जिला जनसम्पर्क अधिकारी हेमनाथ सिदार सहित प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बेरला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा बीईओ कार्यालय का घेराव

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेरला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा युक्ति युक्तकरण के विरोध में बीईओ कार्यालय का प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार घेराव किया गया इस घेराव में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा भी शामिल हुए इस दौरान बेरला कांग्रेस कमेटी के द्वारा एक ज्ञापन भी सौपा गया जिसमें स्कूल के युक्ति युक्तकरण का विरोध किया गया बेरला कांग्रेस कमेटी के द्वारा रैली के माध्यम से बीईओ कार्यालय पहुंचे वहां कार्यालय का घेराव किया गया एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया इस दौरान पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार एक नए स्कूल तो खोल नहीं सक रही है ऊपर से खुले हुए स्कूलों को बंद करने का काम भाजपा शासन में किया जा रहा है युक्ति युक्तकरण के नाम पर शिक्षा के अधिकार का खुला उल्लंघन भाजपा सरकार के द्वारा किया जा रहा है युक्ति युक्तकरण के नाम पर जहां प्रदेश सरकार 10000 से अधिक स्कूलों को बंद करने जा रही है वही लगभग इन स्कूलों में काम करने वाले लगभग 50000 शिक्षकों की भर्ती भी अब छत्तीसगढ़ प्रदेश में नहीं होगी पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा युक्ति युक्तकरण से जहां शिक्षक प्रभावित होंगे वही बंद होने वाली शालाओं में काम करने वाले स्वीपर के पद भी समाप्त होंगे इन स्कूलों में कार्यरत रसोईया के पद भी समाप्त होंगे इन स्कूलों में मध्यान भोजन संचालन करने वाली महिला स्वास्थ सहायता समूह के हाथों से काम छिनने जा रहा है अगर देखा जाए तो युक्ति युक्ति कारण भाजपा सरकार की ग्रामीण अंचलों में खोले गए स्कूल को बंद करके लोगों को फिर से आदम युग में ले जाने की शुरुआत भी कहा जा सकता है पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने आरोप लगाया कि युक्ति युक्त कारण के नाम पर बीईओ कार्यालय द्वारा शिक्षकों की गलत सूची तैयार की गई थी कई स्कूलों में सीनियर शिक्षकों को अतिशेष दिखाया गया है जबकि जूनियर को यथावत रखा गया है विकलांग शिक्षकों को भी युक्ति युक्तकरण सूची में दिखाया गया है युक्ति युक्तकरण के नाम पर महिला शिक्षकों के साथ बहुत ही गलत किया गया है उन्हें उनकी शालाओ से हटकर दूरस्थ स्कूलों में पदस्थापना दी जा रही है प्रदेश की साय सरकार और उसके जनप्रतिनिधि छत्तीसगढ़ में शिक्षा को बढ़ावा नहीं देना चाहते भाजपा की साया सरकार का पूरा ध्यान प्रदेश को शराब के नशे में डुबोने में लगे हुए है शिक्षा के मंदिरों को बंद करके नई शराब दुकान खोलना यही बीजेपी की पहचान है बी ई ओ कार्यालय का घेराव करने वालों में ललित विश्वकर्मा महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेरला माधुरी रवि परगनिहा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला शुभम वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला चंद्र प्रकाश साहू अध्यक्ष नगर पंचायत कुसमी कविता साहू राजेश दुबे अर्जुन देवांगन रास बिहारी कुर्रे भारत भूषण साहू सुमित राजपूत टिकेंद्र परगनिहा राजेश चंदेल राम सिंह गायकवाड सदस्य जनपद पंचायत बेरला हिरा देव लाल वर्मा अर्चना देशलहरे नेहा सुराना नवाज खान चंद्र प्रकाश परगनिहा चेतन बंजारे चंद्रशेखर परगनिहा पी आर सिन्हा आशीष परगनिहा भुवनेश्वरी चतुर्वेदी अनिल सेन हेमराज जगराखन चैतराम साहू टिकेश वर्मा इंदर चंद जैन राजू साहू मोनल सिन्हा उमाशंकर पाटिल राकेश सोनी अजय पांडे घनश्याम देवांगन नरोत्तम देशलहरे गौरीशंकर शर्मा अनिल सेन सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जन उपस्थित रहे।

# संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम का आयोजन, मुख्य अतिथि जांगड़े समेत स्वास्थ्य मंत्री और पूर्व मंत्री रेणुका सिंह होंगी शामिल

■ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने कार्यक्रम है आयोजित

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल पूर्ण होने पर पूरे देश में भाजपा संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम आयोजित कर जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है इस क्रम में पहले ही भाजपा ने पदाधिकारियो के नामों की घोषणा कर चुकी है और अब इसी को जमीनीस्तर पर लागू करने के लिए 13जून 2025 दिन शुक्रवार को दोपहर 2बजे से एसईसीएल तानसेन भवन, जीएम



काम्प्लेक्स चिरमिरी में नरेन्द्र मोदी के शानदार 11 वर्ष के कार्यकाल के जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन-तक पहुचाने के लिए संकल्प से सिद्धी तक का कार्यक्रम आयोजित है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जांजगीर-चांपा की सांसद कमलेश जांगड़े, छत्तीसगढ़ सरकार में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, भरतपुर विधायक एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री रेणुका सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष चम्पा देवी पावले, चिरमिरी नगर निगम के राम नरेश राय महापौर एवं सभापति संतोष सिंह तथा कार्यक्रम के जिला संयोजक जमुना पांडे, चिरमिरी मंडल अध्यक्ष पुरूषोत्तम सोनकर की उपस्थिति में सम्पन्न होगा वही शाम 05 बजे सांसद कमलेश जागडे और पूर्व जिलाध्यक्ष सूरजपुर बाबूलाल अग्रवाल एसई सीएल जीएम कॉम्प्लेक्स श्यामली रेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता लेंगे। उक्त कार्यक्रम को लेकर चिरमिरी मंडल में निवासरत सभी भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश जिला एवं मंडल पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य सभी मोर्चो प्रकोष्ठ के प्रदेश जिला एवं मंडल पदाधिकारी सभी सम्मानित पार्षद गण सभी शक्ति केन्द्रों के संयोजक सह-संयोजक सभी शक्ति केन्द्रों के प्रभारी एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता को जिला और भाजपा मंडल चिरमिरी की ओर से आमंत्रित किया गया है।

# सहायक विकास विस्तार अधिकारी की भर्ती परीक्षा 15 जून को

## कलेक्टर ने केन्द्राध्यक्ष एवं ऑबजर्वर की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी की भर्ती परीक्षा 15 जून 2025 दिन रविवार को आयोजित की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर बीएस उइके ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष एवं ऑब्जर्वर की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि परीक्षा में जिनकी ड्यूटी लगाई गई है वो जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करें। परीक्षा के कार्यो में कोई भी चूक या लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए परीक्षा केंद्रों का



भौतिक सत्यापन कराकर सुनिश्चित कर लिया जाये। इस दौरान मास्टर ट्रेनर सीएल तारक ने पॉवर पाईट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से केन्द्र अध्यक्ष एवं ऑबजर्वर को आवश्यक जानकारी दी। इस दौरान अपर कलेक्टर नवीन भगत, शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय के प्राचार्य तलवरे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों हेतु निम्नानुसार दिशा-निर्देश जारी किया जाता है। परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी एक घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित हो, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सकें एवं परीक्षा केन्द्र में जाने हेतु अनुमति दी जा सके। परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिवस पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भली-भांति परिचित हो जाये। परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् किसी भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

# पॉलिटेक्निक गरियाबंद में 'कैरियर इन डिप्लोमा इंजिनियरिंग' विषय पर कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

शासकीय पॉलिटेक्निक गरियाबंद में 06 जून को कैरियर इन डिप्लोमा इंजिनियरिंग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ अपने अभिभावकों के साथ शामिल हुए।

संस्था के प्राचार्य के. रॉय ने कार्यक्रम के महत्व पर विस्तारपूर्वक से बतलाते हुए कहा कि आज के युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में कैरियर की अपार संभावनाएं है। आज का युग कौशल का युग है सभी युवाओं में कौशल का होना आवश्यक है। 10 वीं उत्तीर्ण कोई भी विद्यार्थी पीपीटी परीक्षा दिलाकर पॉलिटेक्निक संस्था में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं और यदि 12 वीं (गणित) या आईटीआई (द्विवर्षीय) कोर्स किये है तो सीधे पॉलिटेक्निक इंजीनियरिंग के द्वितीय वर्ष में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता चंद्रेश कुमार देवांगन, ब्रजेन्द्र कुमार एवं राहुल साहू ने मैकेनिकल, माइनिंग एवं सिविल इंजीनियरिंग के महत्त्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्लेसमेन्ट अधिकारी डॉ. एस.एस. गौतम ने बताया की पॉलिटेक्निक गरियाबंद से कौशल प्राप्त कर यहाँ के छात्र- छात्राएँ देश के कोने-कोने में सरकारी एवं पब्लिक सेक्टर के विभिन्न कंपनियों में बड़े पद एवं अच्छे पैकेज के साथ कार्य कर रहे है।

कार्यक्रम का संचालन प्रवेश प्रभारी मोरध्वज सिंह ठाकुर ने किया कार्यक्रम में संस्था के अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थीगण भी उपस्थित रहे।

# 'नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सेमीनार में डॉक्टर गुलाबचंद को बुद्ध आइकान अवार्ड'

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

तथागत भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी स्थित बुद्धिस्ट विश्वविद्यालय लुम्बिनी रूपनदेही नेपाल में 24 मई 2025 को आयोजित एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शोध सेमीनार में शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर गुलाबचंद भारद्वाज को साउथ एशिया एलाइंस फॉर डेवलपमेंट इनिशिएटिव -(SAADI) (विकास पहल के लिए दक्षिण एशियाई संगठन) द्वारा बुद्ध चिन्ह उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्धि पुरस्कार 2025 प्रदान किया गया है! यह पुरस्कार शिक्षा संस्कृति और साहित्य में उन्हें महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया है! विश्वविद्यालयीन परीक्षा में व्यस्त रहने एवं कुछ दिन पूर्व दार्जिलिंग एवं नेपाल की यात्रा में रहने के कारण उसने अपना प्रस्तुति ऑनलाइन किया था! डॉक्टर जी. सी. भारद्वाज ने अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम की सफलता के लिए संयोजक




निमराजे एस. एस.को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की है! उनके इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. सी. बी. खुटे, रमेंद्र लहरे, संजीव सिंह, पूना राम नवरत्न अश्वनी केशरवानी, बसंत यादव, शंकर कर्ष और परीक्षा कार्य में संलग्न अध्यापक भूधर प्रसाद पटेल, विजय कुमार साहू, रामेश्वर कश्यप और अमन कुमार केशरवानी ने हर्ष व्यक्त कर हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की है!

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

■ नागरिकों को दी गई कानूनी जानकारी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा संचालित स्टेट प्लान ऑफ एक्शन कैलेंडर 2025 के अनुसार माह जून 2025 विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर माननीय अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन में व निधि शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा, पुलिस अधीक्षक विभाग, जिला बाल संरक्षण विभाग, समाज कल्याण विभाग, श्रम पदाधिकारी विभाग, आदिवासी विकास विभाग, पुलिस इकाई विभाग, चाईल्ड हेल्प लाईन विभाग, लीगल एड डिफेंस कौंसिल विभाग की उपस्थिति में बाल श्रम निषेध दिवस पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण में सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर बाल श्रम रोकने के संबंध में शपथ लेकर अपने अपने विचार व्यक्त किये जिससे बाल श्रम के कारण कोई भी बच्चा विकलांग व शिक्षा से वंचित ना हो, यदि कोई बालश्रम कराता है तो उस व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किया जावेगा। बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के अधिकार मित्रों के द्वारा ग्राम-कोबिया (नट बस्ती), मैदा मिल मटका, सुखवानी गुड़ फैक्ट्री चोरभट्ठी, बायपास रोड चोरभट्ठी मार्ग व राइस मिल गुनरबोड़ बेमेतरा में विधिक जागरूक्ता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में अधिकार मित्रों ने उपस्थित लोगों को बताया की 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को काम करवाना कानूनी अपराध है, इस उम्र में बच्चे को पढ़ाई हेतु स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करना चाहिए, बाल श्रम का मुख्य कारण है गरीबी, जिसके कारण बच्चों से बाल मजदूरी करायी जाती है, इसी बाल श्रम को रोकने और खत्म करने के लिए 12 जून को बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस का प्रारंभ सन् 2002 में 14 वर्ष से कम उम्र वाले बच्चों को बाल मजदूरी से निकाल कर शिक्षा दिलाने का उद्देश्य है। बाल श्रम से बच्चों का शोषण न हो बाल श्रम का एक रूप भिक्षावृत्ति जैसी समस्या को रोकने हेतु प्रोत्साहित किया गया। बच्चे ही देश का भविष्य है अतः हमें बाल श्रम को रोकने के प्रति लोगो को जागरूक कराने की आवश्यकता है। साथ ही नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित नियमों की जानकारी एवं कानूनी संदेश दिया गया है। इसके अलावा तालुका विधिक सेवा समिति साजा के ग्राम परपोडी में बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, साथ ही लीगल एड क्लीनिक कुसमी एवं प्रतापपुर के अधिकार मित्र द्वारा ग्राम कुसमी एवं छिरहा व प्रतापपुर मे विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

# पंच ने शासकीय भूमि पर किया अतिक्रमण कलेक्टर से हुई सिकायत

## सुशासन तिहार मे भी हुई थी शिकायत पर कार्यवाही कुछ केवल सुशासन तिहार का पीटे थे ढिंढोरा

पायनियर संवाददाता < बम्हनीडीह
www.dailypioneer.com



बम्हनीडीह विकास खण्ड के ग्राम पंचायत कपिस्दा के वार्ड क्र. 14 की वर्तमान पंच पुष्पा तम्बोली पति सत्यनाराण तम्बोली द्वारा ग्राम पंचायत कपिस्दा पटवारी हल्का नं. 07 की खसरा नं. 208 / 1 शासकीय गौचर घास भूमि में अवैध रूप से बेजा कब्जा कर मकान बनाकर निवास कर रह रहें है जबकि पंचायती राज अधिनियम की धारा 36 (1) के तहत कोई भी पंचायत के सदस्यों एवं प्रतिनिधियों द्वारा किसी भी शासकीय भूमि में अवैध रूप से बेजा कब्जा नहीं किया जा सकता। पर यहां तो ग्राम पंचायत कपिस्दा में पंच पुष्पा तम्बोली पति सत्यनाराण तम्बोली द्वारा खुले आम पंचायती राज अधिनियम की धारा 36 (1) की अवेहलना कर के बेजा कब्जा कर आलिशान महल बना कर शासन को ढेंगा दिखा रही है। सुशासन तिहार में भी हुई थी शिकायत पर कार्यवाही कुछ नहीं

ग्राम पंचायत कपिस्दा के पंच के द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर मकान बना कर निवास करने की शिकायत सुशासन तिहार में भी ग्रामीणो ने की थी पर आज तक उस शिकायत में कोई कार्यवाही नहीं की गई जिसे लेकर अब लोगों के बीच आक्रोश पनप रहा है लोगों का कहना है कि पंच के खिलाफ छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाई गई सुशासन तिहार में सभी ग्रामवासियों द्वारा आवेदन क्रमांक 25543 687600009 के माध्यम से शिकायत किया गया था। जिसमें तहसीलदार द्वारा प्रकरण क्र. 202505062400020 दर्ज कर बेदखली कर उचित कार्यवाही किए जाने की बात कही गई थी लेकिन आज तक पंच के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण बेजा कब्जाधारी पंच का मनोबल और बड़ गया है।

**ग्राम पंचायत कपिस्दा के और पंचों द्वारा भी किया गया है शासकीय भूमि पर कब्जा** -बम्हनीडीह तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत कपिस्दा के ग्रामीणो ने बताया की पंच पुष्पा तम्बोली पति सत्यनाराण तम्बोली के साथ ही और भी पंचों ने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर खेत मकान बना कर कब्जा कर के बैठे हैं पर इनके खिलाफशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं होने से इन बेजा कब्जा धारी पंचों के हौसले बुलंद हैं जिसे देख कर अब ग्रामीण भी शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर रहे हैं जिससे आने वाले समय में ग्राम पंचायत कपिस्दा में शासकीय भूमि नहीं बच पायेगी।

## गांव में जमीन कब्जा करने वाली आवेदिका दुबारा आवेदन लगाई थीं, आयोग ने प्रकरण नस्ती बद्ध किया

# राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी ने बालोद जिले में 5वीं सुनवाई करते हुए भगोड़े पति व सास का पासपोर्ट निरस्त करने आयोग ने दिया निर्देश

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य माहिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य ओजस्वी मंडावी व लक्ष्मी वर्मा ने गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर जनसुनवाई की।

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में प्रदेश स्तर पर 323वीं व बालोद जिला की 5वीं सुनवाई हुई। बालोद जिले में आयोजित जन सुनवाई में कुल 16 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान विधायक संगीता सिन्हा एवं कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, अपर






कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक उपस्थित थे। सुनवाई के दौरान प्रकरण में उपस्थित आवेदिका ने पूर्व में भी उन्हीं पक्षकारों के खिलाफसामाजिक बहिष्कार का प्रकरण प्रस्तुत किया था। जिसे आपसी सहमती से नस्तीबद्ध किया जा चुका है। उसी आशय का दुबारा आवेदन दिया है। जिसमें उभय पक्षों के मध्य तहसील न्यायालय में प्रकरण चल रहा है और 5 मई 2025 को गांव में सामाजिक बहिष्कार नहीं किया गया है इस पर सभी पक्षों ने हस्ताक्षर किए है। अतः प्रकरण नस्ती बद्ध किया जाता है।

अन्य प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि पूर्व में उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी तब उसने आवेदन दिया था। लेकिन अब उसे कोई शिकायत नहीं है। इस स्तर पर प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाता है। अन्य प्रकरण में आवेदिका ने राजी नामा की दस्तावेज की फोटोकापी 30 जनवरी 2025 को उभय पक्ष के मध्य इरकारनामा हो गया है वह अपना प्रकरण वापस लेना चाहती है। अतः प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाता है।

अन्य प्रकरण में आवेदिका ने अनावेदक क्रमांक 2 के पालतु श्वान ने काट दिया था, रिपोर्ट थाना बालोद में नहीं लिखे थे। घटना के 3 से साढ़े 3 माह बाद 4 अप्रैल 2025 को एफआईआर 156 दर्ज किया गया इस प्रकरण में अभी चालान पेश नहीं हुआ है। अनावेदक क्रं. 02 अभियुक्त के तौर पर न्यायालय प्रस्तुत हो रहा है। अतः आवेदक को समझाईस दिया जाता है कि वह न्यायालय में अपने अधिवक्ता के नाम से अनावेदक क्रमांक 02 को सजा दिलाने का प्रकिया कर सकता है। इस स्तर पर प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाता है।

**पांच वर्ष पुराने प्रकरण को किया गया नस्तीबद्ध**-अन्य प्रकरण में आवेदिका प्रधानपाठिका और अनावेदक बीईओ डौंडी जिला बालोद हैं। आवेदिका का कथन है कि अनावेदक उनके स्कूल में आये दिन निरीक्षण करते है, उन्हें नोटिस देते है। दिसम्बर 2024 का वेतन रोक दिये है और दो दिन का वेतन भी काटा है। अनावेदक का कथन है कि आवेदिका रायपुर से 150 किमी. से आना जाना करती है। मुख्यालय में नहीं रहती है जिससे स्कूल का काम प्रभावित होता है। उभयपक्षों को विस्तार से सुनने के बाद दोनो समझाईश दिया गया दस्तावेज के साथ कितने बार औचक निरीक्षण किया कितनी बार नोटिस दिया गया। अनावेदक यह भी स्पष्ट करें कि जिस अवधि में आवेदिका के स्कूल का निरीक्षण किया गया है उन 06 माह में अन्य स्कूल में निरीक्षण किया गया है। एक माह के भीतर उभय पक्ष अपने दस्तावेज आयोग में प्रस्तुत करें। उसके पश्चात् आवश्यकता अनुसार आयोग की ओर से औचक निरीक्षण अथवा उचित कार्यवाही किया जायेगा। प्रकरण आगामी सुनवाई रायपुर में होगी। वही एक अन्य आवेदिका ने न्यायालय में भरण पोषण लगा रखा है। अतः वह न्यायालय से कार्यवाही चाहती है। अतः प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाता है। आवेदिका अपने प्रकरण में रूचि नहीं ले रही है। सूचना मिलने के बाद भी उपस्थित नहीं हो रही है, प्रकरण पांच वर्ष पुराना होने के कारण प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाता है।

**आवेदिका ने अपना प्रकरण लिया वापस**-इसी तरह अनावेदक मांक 1 उपस्थित पिछली दो सुनवाई में दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया था लेकिन आवेदक ने अब तक कोई भी दस्तावेज नहीं प्रस्तुत किया। अनावेदक स्वयं बोरेन ने शपथ पत्र पूर्व ही प्रस्तुत कर दिया विविध न्यायालय के 100 पत्रों का दस्तावेज प्रस्तुत किया है, जिस यह स्पष्ट है कि उभय पक्षों के मध्य वाद विचाराधीन है। अतः आयोग के द्वारा पुनः उन्हीं प्रकरणों को सुना जाना औचित्य नहीं है। अतः प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाता है। अन्य प्रकरण में आवेदक उपस्थित अनावेदक अनुपस्थित। 6 माह का मातृत्व अवकाश बाबत् आयोग में प्रस्तुत किया था, जिसमें अनावेदक 90 दिन का अवकाश स्वीकृत कर रहे थे। लेकिन आयोग में प्रकरण दर्ज करने के मध्य अनावेदक पक्ष के द्वारा आवेदिका को 180 दिन का मातृत्व अवकाश दिया गया है। जिसके कारण आवेदिका अपना प्रकरण वापस लेना चाहती है। इस स्तर पर प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाता है।

# 3 माह का चावल एकमुश्त लेने मे सर्वर डाऊन, बार बार का तौल 6 बार का फिंगर व लाईट बंद वितरण मे सबसे बड़ी दिक्कत

## तीन माह के एकमुश्त चावल वितरण मे साफ्टवेयर के अनुसार जून माह राशन लेना चुके तो जुलाई माह मे कोई गुंजाइश नही



### 100 के तुलना मे मात्र 57 हतग्राहियों को हो पा रहा है वितरण

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

खाद्य विभाग के द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जून जुलाई व अगस्त 3 माह का चावल एक साथ वितरित किया जा रहा है। वहीं राशन कार्ड हित्रग्राही शासन के इस घोषणा के बाद एक साथ चावल ग्रहण करने हेतु तत्पर नजर आ रहे है, जिसके चलते सार्वजनिक वितरण प्रणाली के राशन दुकानों मे भारी भीड भी देखी जा रही है।

### सार्वजनिक वितरण केन्द्र क्रमांक 441002001 मे कुल 2235 राशनकार्ड हितग्राहियों के इस माह का पूर्ण वितरण चुनौती

गौरतलब है कि 5 जून से चावल का वितरण 3 माह का एक साथ किया जा रहा है जो कि 2 दिन के अवकाश को छोडकर पिछले 3 दिनों मे सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक के वितरण मे 40, 57, 54 व 12 जून को 1 बजे तक मात्र 12 राशनकार्ड हित्रग्राहीयो को चावल का वितरण हो पाया था। जबकि बचे शेष 18 दिनों मे 110 प्रति राशनकार्ड हितग्राहियों के हिसाब से चावल का वितरण किया जाना अतिअवश्यक है।

### बार बार का सर्वर प्राब्लम व 6 बार का फिंगर व तीन बार का तौल वितरण के लेटलतीफी

गौरतलब है कि इस बार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत एक साथ तीन माह का चावल वितरण किया जाना निर्धारित है, जो कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी हथनीपारा महावीर वार्ड व सुभाष वार्ड के राशन कार्ड हित्रग्राही है, परंतु बार बार के सर्वर डाऊन, 6 बार के फिंगर, तौलाई, व गर्मी मे लाईट का बंद हो जाना निर्धारित समय मे वितरण के प्रक्रिया को प्रभावित कर रहे है।

### सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सिस्टम मे फिलहाल जून का चावल सिर्फ जून मे ही प्रदाय होगा

मिली जानकारी के अनुसार फिलहाल साफ्टवेयर मे मौजूद सिस्टम जून माह का राशन इसी माह तक उठाया जाना अनिवार्य बताया जा रहा है। नहीं उठाने पर अगला माह इस जून माह का राशन उपलब्ध नही होगा। परंतु स्थिति परिस्थिति वश छूटे हुये राशनकार्ड हितग्राहियों के सुविधा को ध्यान मे रखते हुये जून माह का वितरण जुलाई माह मे बढ़ाने हेतु उच्च स्तर पर प्रशासन को अवगत करायें जाने कि बात भी कही जा रही है। वहीं राशनकार्ड हितग्राहियों द्वारा भी वितरण केन्द्र से एकमुश्त 3 माह का चावल ले जाने हेतु भी कटिबद्ध होना बताया गया।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली केन्द्रों मे बहुत सर्वर से जुडे समस्याओं का निदान कर लिया जायेगा व तय समय मे सभी राशनकार्ड हितग्राहियों का चावल का वितरण कर लिया जायेगा।

**खाद्य अधिकारी लक्ष्मण कश्यप**

# अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, रावन सीमेंट वर्क्स, सी एस आर द्वारा भारी मोटर वाहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ






पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, रावन सीमेंट वर्क्स, सीएसआर द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की सतत आजीविका पहल के अंतर्गत ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से भारी मोटर वाहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सयंत्र प्रमुख नूगुरी केशव एवं मानव संसाधन प्रमुख करण मिस्त्री के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान एडमिन/ सिक्योरिटी/ सीएसआर प्रमुख संजीव मिश्रा, लाजिस्टिक प्रमुख अमिया पात्रो ने हरि झंडी दिखाकर कार्यक्रम की शुरुआत की तथा लाजिस्टिक अधिकारी प्रकाश जेना की गरिमामयी उपस्थिति रही। एक्सीलेंस ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट से प्रशिक्षक नीलेश साहू, मनीष बेहरा, मुरलीधर गोडेश्वर तथा अरुण कुमार सोनी शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय तथा टीम से सुरेन्द्र यादव, द्वारिका वर्मा, ताराचंद वर्मा, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, रमा वर्मा, टोपेश्वर मानिकपुरी तथा नीरा वर्मा की भूमिका रही। इस प्रशिक्षण का मुख्य उददेश्य ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना हैए ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें।

# संकल्प से सिद्धि पखवाड़ा मण्डल कार्यशालाओं हेतु वक्ताओं की नियुक्ति



पायनियर संवाददाता मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार, भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष चंपादेवी पावले द्वारा संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत आयोजित होने वाली मण्डल स्तरीय कार्यशालाओं के सफल संचालन एवं समन्वय हेतु मण्डलवार वक्ताओं की नियुक्ति की गई है। इस हेतु नागपुर मण्डल संजय सिंह जिला उपाध्यक्ष, केल्हारी मुकेश जायसवाल जिला कोषाध्यक्ष जनकपुर विरेन्द्र सिंह राणा जिला महामंत्री कुवारपुर सरजू यादव जिला मंत्री कोटाडोल जमुना पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष हसदेव जर्नादन साहू जिला उपाध्यक्ष मनेन्द्रगढ़ रामलखन सिंह जिला महामंत्री चिरमिरी कविता दीवानजिला महामंत्री (महिला मोर्चा) व खड़गवा द्वारिका जायसवाल पूर्व मण्डल अध्यक्ष, चिरमिरी को जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चंपादेवी पावले ने सभी नियुक्त वक्ताओं से आग्रह किया है कि वे संबंधित मण्डलों में समयबद्ध कार्यशालाओं का आयोजन सुनिश्चित करें तथा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत पार्टी की योजनाओं, उपलब्धियों और संगठन की विचारधारा को जमीनी स्तर तक पहुंचाएं। भारतीय जनता पार्टी का यह अभियान केंद्र सरकार के 11 वर्षों की सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 11 साल देश के नागरिकों के सपनों का प्रतिबिंब है : सांसद चौधरी

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com




देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल की उपलब्धि को लेकर महासमुंद के सांसद रूप कुमारी चौधरी ने कहा कि मोदी है तो मुमकिन है यह महज नारा नहीं बल्कि एक जमीनी सच्चाई है उन्होंने कहा कि देश के हर नागरिक के सपनों का प्रतिबिंब है सन 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए मेहनत किया जा रहा है जिसमें आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं के लिए युवाओं किसानों के लिए कार्य किया जा रहे हैं उन्होंने बताया सिंदूर अभियान सशक्त और निर्भीक भारत होने का एक पहचान है देश के विकास के लिए आर्थिक रूप से मजबूत बनाने एवं 23600 करोड रुपए रक्षा क्षेत्र के लिए के लिए राशि पहुंच गया है छत्तीसगढ़ के मामले में नक्सली क्षेत्र बस्तर अब मुक्त होने वाला है देश के 96 जिले में नक्सली चपेट में था अब वहां 70त्न की कमी आ गई है विकास दर 11वीं स्थान से ऊपर होकर चौथे स्थान पर पहुंच गया है डिजिटल के क्षेत्र में 40% लोग अब डिजिटल का उपयोग कर रहे हैं धन जन योजना के तहत 55 करोड़ से अधिक खाता खोले गए हैं प्रधानमंत्री आवास में 4 करोड़ से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री आवास दिया गया है शौचालय बनने के बाद अब लोग स्वच्छता की प्रति जागरूक होने लगे हैं 7.5 लाख तक टैक्स में भी फ्री कर दिया गया है। चेनाब ब्रिज विश्व का सबसे ब्रिज का उदघाटन भी नरेंद्र मोदी के द्वारा किया गया है। बिना गांव के विकास की बात नहीं कर सकते इसलिए अब 99% गांव भी कनेक्टिविटी में जुड़ गए हैं। कोरोना के समय भी भारत में कोई इंसान भूखा नहीं मारा क्योंकि सबको 5 किलो अनाज मुक्त में दिया जा रहा था। वैक्सीन भी न केवल भारतीयो को दिया गया है बल्कि विदेशों में भी इसे आपूर्ति की गई है। देश में कृषि के लिए 112 बड़ी परियोजनाएं राज्यों में चल रही है। संस्कृत के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय काम हुआ है। नारी वंदना की भी उन्होंने चर्चा करते हुए कहा कि अब 33% विधानसभा लोकसभा में आरक्षण दिया गया है। महिलाओं को सक्षम बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर का भी प्रभार महिलाओं को दिया गया था। महासमुंद के सांसद रूप कुमारी चौधरी ने बताया कि 3 लाख लखपति दीदी बनाकर महिलाओं को सशक्त किया गया है। गर्भवती महिलाओं स्तन पान करने वाले माताओं के लिए भी राशि बढ़ा दी गई है सांसद चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार देश की राजनीति में पॉलिटिक्स ऑफ़ परफॉर्मेंस लेकर आई है।मोदी जी के नेतृत्व में अब सरकार का मतलब रेस्पॉन्सिव गवर्नमेंट, रिस्पांसिबल गवर्नमेंट, अकाउंटेबल गवर्नमेंट, रिफॉर्म परफॉर्म ट्रांसफॉर्म गवर्नमेंट, पब्लिक पार्टिसिपेशन वाली सरकार है।2014 से पहले के भारत में भ्रष्टाचार, घोटालों और तुष्टिकरण की ही बात सामने आती थी, लेकिन अब विकास, अविष्कार और नवाचार की बातें हो रही हैं। पहले सरकारी योजनाओं के पैसे लोगों तक नहीं पहुँचते थे, बिचौलिये खा जाते थे लेकिन डायरेक्ट बेनिफिट के माध्यम से सीधे जनता के अकाउंट में पैसे पहुँच रहे हैं। पहले इलाज के लिए सोचना पड़ता था अब आयुष्मान भारत योजना से अस्पतालों में मुफ्त इलाज होता है। पहले हम इंपोर्ट पर आश्रित थे, आज मेक इन इंडिया की ताकत से एक्सपोर्ट में लीड कर रहे हैं। रक्षा क्षेत्र में भी भारत आत्मनिर्भर बन रहा है, भारत मेड इन इंडिया, पाकिस्तान में टेस्टेड और दुनिया में ट्रस्टेड बन गया है।कांग्रेस के राज में इंदिरा से लेकर मनमोहन तक सिर्फ गरीबी हटाओ के नारे दिए जाते थे, लेकिन अब आंकड़े बताते हैं कि मोदी सरकार में 27 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं।इन 11 सालों में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाना, तीन तलाक खत्म करना, जीएसटी लागु करना, वक्फ बिल जैसे सख्त निर्णय लिए गये है। इस अवसर पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहु साजा विधायक ईश्वर साहु जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, जिला भाजपा अध्यक्ष सहित पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा संध्या परगनिहा, प्रज्ञा निर्वाणी नीतु कोठरी ललिता साहु हर्षवर्धन तिवारी नरेंद्र वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# 5 नवीन पीडीएस दुकान संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नगर पालिका बलौदाबाजार अंतर्गत स्वामी विवेकानन्द वार्ड, राजीव गांधी वार्ड, गुरु नानक देव वार्ड, चंद्रशेखर आजाद वार्ड एवं रानी लक्ष्मी बाई वार्ड में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन किया जाना है। दुकान हेतु लैम्प्स, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति,वन सुरक्षा समिति, महिला स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायतों अन्य सहकारी समितियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। समस्त दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा कक्ष क्रमांक 80 में कार्यालय समय पर जमा कर सकते है।

# बी.ए., बी.एस.सी. एवं प्रथम सेमेस्टर में नियमित प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 6 जून से

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में सत्र 2025-26 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत उच्च शिक्षा विभाग एवं पं. रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के निर्देशानुसार बी.ए., बी.एस.सी. एवं बी.एस.सी. (गृहविज्ञान) प्रथम सेमेस्टर में नियमित प्रवेश हेतु 06 जून से विश्वविद्यालय के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये है। महाविद्यालयीन विद्यार्थियों हेतु प्रवेश प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई है। प्राचार्य डॉ. वासु वर्मा ने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रमों में नियमित प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन आवेदन विश्वविद्यालय के पोर्टल के माध्यम से कर सकते है। प्रथम चरण में महाविद्यालय द्वारा 26 जून को प्रथम सेमेस्टर में प्राप्तांको के माध्यम से प्रथम मेरिट सूची कॉलेज के सूचना पटल एवं वेबसाइट में भी उपलब्ध रहेगी, जहां से विद्यार्थी अपना नाम देख सकते है। मेरिट सूची में नाम आने पर संबंधित विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन फार्म की हार्ड कॉपी और जरूरी दस्तावेजों जैसे- कक्षा 10वीं, 12वीं की अंकसूची की छायाप्रति, जाति, निवास एवं आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ कॉलेज में आकर निर्धारित शुल्क जमा कर प्रवेश प्राप्त कर सकते है। डॉ. कल्पना उपाध्याय प्राध्यापक अर्थशास्त्र ने बताया कि महाविद्यालय में बी.ए. प्रथम सेमेस्टर में 200, बी.एस.सी. बायो में 60, बी.एस.सी. में गणित 60 एवं बी.एस.सी (गृहविज्ञान) में 60 सीट स्वीकृत है। छात्राओं के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ एन.सी.सी, एनएसएस., रेडक्रास, क्रीड़ा गतिविधियां आदि की सुविधा भी उपलब्ध है।

# मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के लिए टेलीमानस हेल्पलाइन नंबर जारी

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने एवं जरूरतमंदों को सहज सहायता उपलब्ध कराने स्वास्थ्य विभाग द्वारा टेलीमानस



हेल्पलाइन नंबर 14416 का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। यह हेल्पलाइन निःशुल्क, गोपनीय एवं 24×7 उपलब्ध है। आज के समय में अनिद्रा, अकेलापन, चिंता, अवसाद, परीक्षा का तनाव, नशे की आदत जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इन्हें नज़र अंदाज़ करना गंभीर परिणाम ला सकता है। ऐसे में टेलीमानस सेवा के माध्यम से व्यक्ति प्रशिक्षित काउंसलर, मनोचिकित्सक एवं मनोवैज्ञानिक से सीधे बात कर सकते हैं। टेलीमानस 14416 हेल्पलाइन पर कॉल कर आम नागरिक बिना किसी झिझक के विशेषज्ञों से परामर्श ले सकते हैं। यह सेवा विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं नशामुक्ति की चाह रखने वाले व्यक्तियों के लिए अत्यंत उपयोगी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशवंत ध्रुव, सिविल सर्जन डॉ लोकेश साहू ने आमजन से अपील की है कि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर संकोच न करें और किसी भी प्रकार की मानसिक परेशानी की स्थिति में टेलीमानस 14416 पर कॉल कर सहायता प्राप्त करें,इसके साथ स्पर्श क्लीनिक कक्ष क्रमांक 25 जिला अस्पताल बेमेतरा में ओपीडी समय पर सीधे भी संपर्क किया जा सकता है। साथ ही इस जानकारी को अपने परिवार, मित्रों और समुदाय के लोगों तक पहुंचाएं। स्वस्थ मन, सुखी जीवन की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

# मिडिल स्कूल भोथीडीह में हुआ समर कैंप का आयोजन

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शास. पूर्व माध्य. शाला भोथीडीह में समर कैंप का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें बच्चों को चित्रकला, नृत्यकला, ग्राफ की सहायता से मानचित्र बनाना, लेखनी सुधार, कविता, कहानी लेखन, समाचार वाचन करना सीखाया गया। ग्राम भोथीडीह के लोक कलाकार गीतकार व गायक ललित जानसन ने विद्यालय के बच्चों को छत्तीसगढ़ी लोकगाथा,लोकगीत तथा छत्तीसगढ़ी वाद्य यंत्रों के बारे में विस्तार से समझाया व यह भी बताया कि लोकसंगीत के क्षेत्र में भी हम अपना भविष्य बना सकते हैं। प्रति दिवस बच्चों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था भी विद्यालय द्वारा किया गया। गांव के सरपंच ने कहा कि इस तरह का आयोजन भविष्य में भी होता रहे इसके लिए ग्राम पंचायत भविष्य में भौतिक संसाधनों की व्यवस्था भी करेगा। पांच दिवसीय समर कैंप के समापन अवसर पर गांव के सरपंच चंद्रिका मानकचंद, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कुमदास जोशी, उपसरपंच मोहन, पंच पिंकू मांडले व प्रभारी शिक्षक अमीन कुमार बंजारे उपस्थित रहे।

# दाऊलाल प्रदेश किसान कांग्रेस के महामंत्री, राजेश बने प्रदेश उपाध्यक्ष





पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com

किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह के निर्देशानुसार प्रदेश प्रभारी मनोज नाचर एवं राममोहन बऊरा के अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कांग्रेस नेता दाऊलाल चंद्राकर को छग किसान कांग्रेस के महामंत्री प्रशासनिक एवं राजेश जैन को उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके अलावा जिले में अधिवक्ता शिव बघेल एवं नूरूल रिजवी को महामंत्री, ईश्वर सिंह यादव को सचिव बनाया गया है। उक्त नियुक्तियों पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने स्वीकृति प्रदान की है। नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री दाऊलाल चंद्राकर ने बताया कि गत दिनों राजीव भवन रायपुर में सभी पदाधिकारियों की बैठक कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी जरिता लैतफलांग की अध्यक्षता में हुई जिसमें किसानों को रबी फसल का दाम नही मिलने, डीएपी खाद की कृत्रिम अभाव पैदा कर नैनों यूरिया की बिक्री बढ़ाने पर चिंता जाहिर करते हुए गांवों में हो रही विद्युत कटौती पर नाराजी जाहिर करते हुए व्यापक चर्चा किया गया और संघर्ष की रणनीति बनाई गई।

# 50 साल पुराने दोस्त मिले, मित्रता की बेल फिर हुई हरी

### 1975-78 बैच के पुराने विद्यार्तियों का हुआ समागम, बगीचा मित्रों का



पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

शहर के मेन हिंदी स्कूल के 1975 से 1978 बैच के प्राइमरी स्कूल और फिर से 1988 तक के दौर में स्कूली शिक्षा साथ लेने वाले साथियों का समागम हुआ। इसे बगीचा मित्रों का नाम दिया गया था। भाटापारा ग्रीन्स में मंगलवार को इस रियूनियन कार्यक्रम में 30-40 वर्षो से बिछड़े मित्र फिर से एक बार मिलन हुआ। जब वे मिले के तो किसी के बाल सफेद हो चुके थे किसी के थे नहीं। उछलने कूदने वाले ये बच्चे अब बड़ा संभल कर चल रहे थे। हालांकि उनसमें चंचलता उतनी ही देखने को मिली। पुरानी यादों को ताजा किया। साइकिल चलाई, बाटी खेली, साइकिल के टायर दौड़ाए, रेन डांस किया तथा मीना बाज़ार की तरह गिलास गिराने निशाने बाजी में हाथ आजमाए। सबने अपने संस्मरण सुनाए। यादों को दोहराया। किसी ने गाया गाया किसी ने मिमिक्री की। किसी ने शेरो-शायरी से समां बांधा। मुख्य आयोजनकर्ता राजेश नामदेव और आलोक मोदी ने इसे मूर्त रुप देकर रियूनियन कार्यक्रम किया। इस मित्रों के बगीचे में रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, सरगुजा आदि से पुराने सहपाठी जुटे। पहले सभी साथियों ने अपना परिचय दिया। साथ ही अपने कार्यक्षेत्र और परिवार का संक्षिप्त विवरण दिया। रायपुर से आए जॉन राजेश पॉल ने अपनी यादों का भावुक संबोधन दिया, तो सब की आंखें नम हो गई। बिलासपुर से आए सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी राजेश रावत ने दोस्तों को वो दवा बताई, जो उम्र के हर मोड़ पर जिंदगी को नई ऊर्जा से भर दे। अनिल मल और नितीश अग्रवाल ने अपने शायरियों से दोस्ती का महत्व बताया। इस कार्यक्रम में भाटापारा ग्रीन्स के अमरजीत सलूजा का प्रमुख सहयोग रहा। लंच के बाद सभी मित्रों ने पुराने अंदाज में नाचकर खुशियों का इजहार किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जॉन राजेश पॉल, राजेश नामदेव, आलोक मोदी, राजेश सिंह, राजेश शर्मा, राधे वल्लभ चांडक, मनीष केशरवानी, शिव गुप्ता, सुनील दुबे, अनिल मल, राजेश रावत, प्रखर यादव, लल्ला पांडे, अमरजीत सलूजा, नितिश अग्रवाल, कमल सेठी, माधो दास, गुरुमुख केशवानी, सुनील थारानी, दुर्गेश शुक्ला, जगदीश पटेल, दिनेश सोनी, अरुण छाबडा, जयराम काछेला, दुर्गा साहू, जयराम, शत्रुहन साहू, राजेश झंवर, तरूण मूंधडा, रमेश मंधान, शंकर शर्मा, सुधीर मिश्रा, अनिल जायसवाल, रूपेश मिश्रा, सुनील मंधान, सीटू जैन, भूषण देवांगन, संजय अग्रवाल, दिलीप गोलछा, वासु, विश्वास गोवर्धन, मनोहर सबलानी, राजेश बखशी, राजबख्शीश सोलंकी आदि शामिल हुए। पांचवीं के 1978 बैच के अ और ब वर्ग के समूह फोटो के नीचे बैठक सभी यादगार तस्वीर उतरवाई। मोदी ने बताया कि जॉनी भाई की सलाह से मैंने कुछ सालों पहले इस ग्रुप का गठन किया था। अंत में सभी मित्रों ने एक दूसरे जल्दी ही फिर मिलने के वादा कर नम आंखों से विदा ली।

### गुरुदेव मित्रों को शद्धांजलि

सभी ने अपने गुरुदेव दुर्गा प्रसाद तिवारी, शर्मा, पीजी दांडेकर समेत दिवंगत गुरुओं तथा मित्र दलजीत सिंह राणा, संतोष गुप्ता, अशोक आडवाणी और गिंदू मंधान आदि को दो मिनट का मौन रखकर आदरांजलि व पुष्पांजलि दी। यह पहला आयोजन उनको समर्पित किया।

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली
जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक धरणी नाग पिता सत्यानाग जाति............... निवासी तोषगांव तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम तोषगांव दिनांक 28/04/2022 को आवेदक के माताजी रयबारी की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 16/06/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 03/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक 03.06.2025

मुहर

**तहसीलदार
सरायपाली**

# स्वस्फूर्त संकल्प को सिद्धि के धरातल पर साकार करने का बीड़ा उठाया गरिमा ने

■ भूमिपूजन समारोह के बाद गरिमा ने कहा : प्रदेश की सभी बच्चियाँ, चाहे वह दिव्यांग हो या अंध-मूक-बधिर, सभी को शिक्षित होना चाहिए, यही लक्ष्य उनकी इस प्रेरणा का उत्स है





पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

यह एक स्थापित सत्य है कि बेटी जब शिक्षित होती है तो वह अकेली नहीं, अपितु दो परिवार और कुल शिक्षित होते हैं। लेकिन एक बेटी ने शिक्षित होकर दो नहीं, बल्कि अपने भाई के साथ मिलकर कई परिवारों की बेटियों को शिक्षित करने का एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करके आत्मकेंद्रित और भौतिकवादी होते जा रहे हमारे सामाजिक सरोकारों को एक रचनात्मक दिशा दी है। अपने स्वस्फूर्त संकल्प को सिद्धि के धरातल पर साकार करने वाली राजधानी के व्यवसायी उमेश अग्रवाल की बिटिया विधि-स्नातक गरिमा अग्रवाल और बेटे गौरव अग्रवाल ने दिव्यांग बेटियों के हॉस्टल एवं शिक्षा हेतु मुक्तहस्त से अविस्मरणीय दान किया है। गरिमा ने लगभग 30 बच्चियों के लिए कन्या छात्रावास की व्यवस्था करने का बीड़ा उठाया है और उनके भाई गौरव अग्रवाल इस पवित्र संकल्प की पूर्ति में अपनी बहन के साथ कदम-से-कदम मिलाकर चल रहे हैं। भाई-बहन के इस संवेदनक्षम संकल्प की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। गरिमा और गौरव ने राजधानी के बजाज कॉलोनी (न्यू राजेन्द्र नगर) में संचालित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में कन्या छात्रावास के निर्माण का सारा खर्च वहन करने का निर्णय लेकर इस दिशा में सार्थक पहल की। इस विद्यालय में दिव्यांग बेटियों को पढ़ाने की व्यवस्था थी लेकिन बहुत-से गरीब परिवारों की बच्चियाँ आवास की सुविधा न होने के चलते शिक्षा से वंचित थीं। विदित रहे, अर्पण दिव्यांग स्कूल में ब्वॉय'ज हॉस्टल तो है लेकिन गर्ल्स हॉस्टल नहीं होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र की दिव्यांग बच्चियाँ शिक्षा से वंचित हो रही थीं क्योंकि इन परिवारों की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वे शहर में अपनी बच्चियों की पढ़ाई का खर्च बिना आवासीय सुविधा के उठा सकें। दिव्यांग बच्चियों की पढ़ाई के प्रति ललक और शिक्षा से वंचित रह जाने की पीड़ा ने तब एक स्वस्फूर्त संकल्प को जन्म दिया और गरिमा अग्रवाल ने बेटियों की शिक्षा के लिए प्रशंसनीय कार्य कर कन्या छात्रावास के निर्माण का पूरा खर्च उठाकर अविस्मरणीय कार्य किया। इससे यह स्पष्ट है कि एक 23 साल की लॉ ग्रेजुएट गरिमा के मन में यह भाव एक बेटी होने के नाते ही आया और गरिमा ने अपने नाम के अनुरूप बेटियों के लिए गरिमापूर्ण कार्य किया। इस कन्या छात्रावास के लिए हुए भूमिपूजन समारोह के बाद गरिमा ने बताया कि प्रदेश की सभी बच्चियाँ, चाहे वह दिव्यांग हो या अंध-मूक-बधिर, सभी को शिक्षित होना चाहिए, उनका यही लक्ष्य इस प्रेरणा का उत्स है। विद्यालय के प्राचार्य कमलेश मिश्रा ने बताया कि इस दिशा में सरकार की सुविधा के साथ-साथ अर्पण दिव्यांग पब्लिक में निःशुल्क शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराके अलग-अलग विधाओं में प्रशिक्षित कर उन्हें स्वाभिमानपूर्वक आजीविका के योग्य तैयार किया जाता है। समारोह के दौरान पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, अर्पण कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, स्कूल की को-ऑर्डिनेटर सीमा छाबड़ा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## विधायक साहू ने मानसून के पूर्व नालों को कब्जा मुक्त करवाकर सफाई करवाने, नालों का सीमांकन करवाने दिए आवश्यक निर्देश





पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त विश्वदीप, रायपुर ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि मैकमिलन साहू, जोन 9 जोन अध्यक्ष गोपेश कुमार साहू, एमआईसी सदस्य खेम कुमार सेन, वार्ड पार्षद सावित्री धीवर, देवदत्त द्विवेदी, मोहन कुमार साहू, जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता पद्माकर श्रीवास सहित अन्य सम्बंधित जोन अधिकारियों की उपस्थिति में रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रायपुर नगर निगम जोन क्रमांक 9 के अंतर्गत आने वाले कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड नम्बर 7, पण्डित मोतीलाल नेहरू वार्ड नम्बर 8, डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर वार्ड नम्बर 11 के क्षेत्र में विभिन्न नालों का निरीक्षण किया। रायपुर ग्रामीण विधायक और आयुक्त ने जोन 9 क्षेत्र के अंतर्गत दलदल सिवनी और अन्य स्थानों पर नालों का निरीक्षण कर स्थल समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। रायपुर ग्रामीण विधायक ने अधिकारियों को रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के तहत रायपुर नगर निगम जोन 9 के अंतर्गत वार्डों के नालों का शीघ्र सीमांकन पटवारी से करवाने और सभी नालों को कब्जों से मुक्त करवाने अभियान चलाने के आवश्यक निर्देश दिए। ग्रामीण विधायक और आयुक्त ने सम्बंधित जोन अधिकारियों को मानसून के पूर्व नालों को कब्जों से मुक्त करवाकर अच्छी तरह सुव्यवस्थित सफाई करवाने के निर्देश दिए है, ताकि मानसून में तेज बारिश के दौरान जलभराव की समस्या ना आये।

ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने जोन 9 के क्षेत्र में रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में गन्दे पानी की सुगम निकासी करवाने व्यवहारिक आवश्यकता के अनुरूप नालों में सुधार और मरम्मत कार्य शीघ्र करवाने और नए नालों का निर्माण करवाए जाने आवश्यक सक्षम स्वीकृति शीघ्र लेने सर्वे करवाकर प्रस्ताव देने के निर्देश दिए है।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 2.397 किलोग्राम गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com




जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पांडातराई थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 2 किलो 397 ग्राम गांजा जब्त किया गया है, जिसकी बाजार कीमत लगभग 23,000 रुपये आंकी गई है। ग्राम रैतापारा में दो संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा सफेद प्लास्टिक बोरी में गांजा लेकर ग्राहक की तलाश की जा रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान होली राम चंद्रवंशी (57 वर्ष, रैतापारा) और भुखन दास मानिकपुरी (35 वर्ष, चरखुरा कला) के रूप में हुई है। तलाशी में बरामद गांजा को विधिवत सीलबंद कर जब्त किया गया और दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, निरीक्षक मनीष मिश्रा, साइबर सेल प्रभारी एएसआई संजीव तिवारी, एएसआई रघुवंश पाटिल, प्रधान आरक्षक चुम्मन साहू, अभिनव तिवारी, आरक्षक लेखा चंद्रवंशी एवं सहायक आरक्षक नरेन्द्र चंद्रवंशी की सराहनीय भूमिका रही। कबीरधाम पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी, बिक्री या भंडारण को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे अपराधों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## शराबियों और नशेड़ियों का अडडा बनता जा रहा कृष्ण कुंजः प्रशासनिक उपेक्षा से उजड़ता हरित सपना

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com




पूर्ववर्ती सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना के तहत प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में हरियाली को बढ़ावा देने एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से लाखों रुपये की लागत से कृष्ण कुंज की स्थापना की गई थी। इसका उद्देश्य न केवल प्राकृतिक संतुलन बनाए रखना था, बल्कि आम नागरिकों को शांति और आध्यात्मिकता से जुड़ने का एक स्थान उपलब्ध कराना भी था। सकरी नदी के किनारे बसा यह कृष्ण कुंज, जिसे बड़ी उम्मीदों और सरकारी निवेश के साथ विकसित किया गया था, आज प्रशासनिक उपेक्षा और लापरवाही के कारण शराबियों, गांजा पीने वालों और असामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुका है। वन विभाग के जिम्मे इसकी देखरेख की जिम्मेदारी थी, लेकिन सरकार बदलते ही न तो विभाग ने इस ओर ध्यान दिया, और न ही किसी प्रकार की निगरानी या सुधारात्मक कार्रवाई की गई। कृष्ण कुंज में रोपे गए अनेक दुर्लभ प्रजातियों के पौधे, जो भविष्य में इस क्षेत्र को हराभरा और पर्यावरण के लिहाज से समृद्ध बना सकते थे, अब देखरेख के अभाव में सूखने की कगार पर हैं। वहीं, आसपास के स्थानीय लोगों का कहना है कि रात होते ही यह स्थल नशे के सौदागरों और नशेड़ियों का गढ़ बन जाता है। कृष्ण कुंज के समीप स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर, जो धार्मिक आस्था का केंद्र है, वह भी अब असुरक्षित महसूस किया जा रहा है। मंदिर में पूजा-अर्चना करने वाले श्रद्धालु असामाजिक तत्वों की गतिविधियों के चलते भयभीत रहते हैं और अंधेरा होते ही वहाँ आना टालते हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि प्रशासन इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई करे। सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, नियमित निगरानी हो और वन विभाग को जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए बाध्य किया जाए। अन्यथा यह कृष्ण कुंज, जो कभी हरियाली और आध्यात्मिकता का प्रतीक बनने वाला था, पूर्णतः अराजकता का केंद्र बन जाएगा।

## बालिका वधु की अविका गौर और उनके मंगेतर मिलिंद चंदवानी ने कलर्स के नए रियलिटी शो 'पति पत्नी और पंगा' के लिए कहा 'हां'

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



क्या आपको बालिका वधू की छोटी आनंदी याद है - वह बाल वधू जिसने उस समय हमारा दिल चुरा लिया था? अब वही अविका गौर पूरी तरह से बड़ी हो चुकी हैं और प्यार में सिर से पांव तक डूबी हुई हैं। टेलीविजन की यह चहेती कलाकार अब उस चैनल पर वापसी कर रही हैं जिसने उन्हें घर-घर का नाम बना दिया था—कलर्स। लेकिन इस बार, वह अकेली नहीं आ रही हैं। इस खास मौके पर उनके साथ हैं उनके मंगेतर और सामाजिक कार्यकर्ता मिलिंद चंदवानी। यह प्यारा जोड़ा कलर्स के बिल्कुल नए रियलिटी शो 'पति पत्नी और पंगा' में नजर आने वाला है—एक ऐसा शो जो प्यार, हंसी और रिश्तों की जादुई उलझनों का खूबसूरत उत्सव है। अभी हाल ही में जब अविका ने अपने लंबे समय से साथी मिलिंद के साथ रोका सेरेमनी की ड्रीमी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं, तो इंटरनेट पर जैसे भावनाओं की बाढ़ आ गई। फैन्स ने ÷ऑ÷ कहकर अपना प्यार जताया और अब समझ में आता है क्यों—वह तो बस एक झलक थी, असली कहानी अब सामने आ रही है। 'पति पत्नी और पंगा' उन छोटे-छोटे लम्हों को उजागर करेगा जो किसी भी रिश्ते को मजबूत बनाते हैं—एक साथ की गई कोशिशें, साझा की गई मुस्कानें, रोज़ाना की छोटी-छोटी जीतें। यह दिल को छू जाने वाला रियलिटी शो हमें हमारे पसंदीदा सेलेब्रिटी जोड़ों की ज़िंदगी में ले जाएगा, जहाँ वे एक-दूसरे के साथ मज़ेदार, भावुक और रोमांचक चुनौतियों का सामना करेंगे—और दिखाएंगे कि उनका रिश्ता कितना मजबूत है।

## स्कोडा ऑटो इंडिया के लिए 2025 होगा 'अब तक का सबसे बड़ा साल', भारत में ग्रोथ को नई रफ्तार देने की तैयारी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



साल 2025 दुनियाभर में स्कोडा ऑटो के लिए खास मायने रखता है। जहां कंपनी अपने समृद्ध 130 साल के इतिहास का जश्न मना रही है, वहीं भारत में स्कोडा ऑटो को सफलतापूर्वक 25 साल पूरे हो गए हैं। ग्राहकों के और करीब पहुंचने की रणनीति को आगे बढ़ाते हुए स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारतीय बाजार में अपनी मौजूदगी को और मजबूत बनाने के लिए कई अहम ब्रांड, प्रॉडक्ट, नेटवर्क और ग्राहक-केंद्रित पहलों की रूपरेखा तैयार की है। इस मौके पर स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, यूरोप के बाहर भारत स्कोडा ऑटो के लिए सबसे अहम ग्रोथ मार्केट है। हमारा फोकस एक ऐसा मजबूत और भविष्य के लिए तैयार ब्रांड बनाने पर है, जिसमें उद्देश्य की स्पष्टता, सोच में पारदर्शिता और काम को तेजी से अंजाम देने की क्षमता हो। हमारे प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो की आक्रामक रणनीति लगातार बदलती ग्राहकों की जरूरतों और आकांक्षाओं के अनुरूप है, जो हमारे विकास के सफर को गति दे रही है। उन्होंने आगे कहा, हम अपने ग्राहकों के और करीब आ रहे हैं, अपने नेटवर्क का रणनीतिक रूप से विस्तार कर रहे हैं और गुणवत्ता, सुरक्षा और भरोसे की अपनी विरासत को और मजबूत बना रहे हैं। बिजनेस के हर पहलू में नई ऊर्जा के साथ, 2025 हमारे लिए वह साल होगा जब हम भारत में स्कोडा ब्रांड को और सशक्त बनाकर नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। स्कोडा ऑटो इंडिया की आक्रामक प्रॉडक्ट रणनीति का मकसद 'हर किसी के लिए 'एसयूवी' पेश करना और अपनी सेडान की विरासत को और आगे ले जाना है।

## राष्ट्रीय कार्यशाला एनजीओ मीट-2025 का भव्य आयोजन मैट्स यूनिवर्सिटी में, देश की अनेक प्रसिद्ध समाजसेवी संस्थाएं लेंगी हिस्सा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मैट्स विश्वविद्यालय के सोशल वर्क विभाग द्वारा समाज सेवी संस्था भावना फाउंडेशन के सहयोग से 14 जून को एनजीओ मीट-2025 राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय कार्यशाला में छत्तीसगढ़ राज्य सहित देश की अनेक राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सामाजिक संस्थाएं और संगठन हिस्सा ले रहे हैं। इस कार्यशाला में समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली सामाजिक संस्थाओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। मैट्स विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दीनानाथ यादव ने बताया कि एनजीओ मीट-2025 का आयोजन यहाँ पंडरी स्थित विश्वविद्यालय परिसर के इम्पैक्ट सेंटर में सुबह 10 बजे से किया जाएगा। इस राष्ट्रीय कार्यशाला को कराने का उददेश्य समाज सेवी संस्थाएँ, उच्च शिक्षा संस्थान और सरकारी संगठन किस तरह एक मंच में आकर समाज सेवा की नई मिसाल पेश करें और विकसित भारत 2047 के स्वप्न को साकार करने में अपना अनमोल योगदान दे सकें। इस राष्ट्रीय कार्यशाला की थीम शिक्षार्थ से सेवार्थ तक निर्धारित की गई है। इस कार्यशाला की मुख्य अतिथि महिला सशक्तिकरण की मिसाल समाजसेवी पद्श्री फूलबासन यादव तथा विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण अधिकार आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा होंगी। इस कार्यक्रम में प्रदेश के जिन संगठनों ने भागीदारी के लिए सहमति दी है उनमें यूनिसेफ, बचपन बचाओ आंदोलन, अल्ट्राटेक फाउंडेशन, अदाणी फाउंडेशन, एसईसीएल बिलासपुर, ग्रीन आर्मी रायपुर, बैक टू नेचर सोसायटी, एलायंस बिहेवियर चेंज, संभावना फाउंडेशन, निःशक्तजन कल्याण सेवा समिति, हरियाली फाउंडेशन, पारस इंस्टीट्यूट रायपुर सहित 60 से भी अधिक प्रसिद्ध समाज सेवी संस्थाएं हिस्सा ले रही हैं। इस कार्यक्रम में मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति गजराज पगारिया, महानिदेशक प्रियेश पगारिया, कुलपति प्रो. के.पी. यादव, कुलसचिव गोकुलानंदा पंडा सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, विद्यार्थीगण, समाज सेवी संस्थाओं के पदाधिकारीगण व गणमान्य नागरिक प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

## इसुजु मोटर्स इंडिया का आई-केयर मानसून सर्विस कैंप 16 जून से, सभी अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेट्स पर उपलब्ध

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




इसुजु अपने ग्राहकों को बेमिसाल सेवा और स्वामित्व अनुभव प्रदान करने के अपने संकल्प पर कायम है और इसी संकल्प को मजबूती देने का प्रयास करते हुए, इसुजु मोटर्स इंडिया की ओर से अपने इसुजु डी-मैक्स पिक-अप और एसयूवी की रेंज के लिए देश भर में 'इसुजु आई-केयर मानसून कैंप' का आयोजन किया जाएगा। इस सर्विस कैंप का उद्देश्य ग्राहकों को आकर्षक फायदों के साथ-साथ रखरखाव के लिए एहतियाती जाँच की सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि पूरे देश में सभी ग्राहकों को इस मौसम में बिना परेशानी के शानदार ड्राइविंग का अनुभव मिल सके। 'इसूजू केयर' की पहल के तहत, 16 से 21 जून, (दोनों दिन शामिल है) के बीच देश भर में इसूजू के सभी अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेट्स पर मॉनसन कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान ग्राहक अपने वाहनों के लिए खास ऑफर्स के साथ-साथ शानदार फायदों का भी आनंद ले सकते हैं। कैंप में आने वाले ग्राहकों मुफ्त में 37 पॉइंट्स की पूरी जाँच, लेबर चार्ज पर 10 प्रतिशत की छूट, पार्ट्स पर 5 प्रतिशत की छूट, ल्यूब और फ्लूइड पर 5 प्रतिशत की छूट, रिटेल आरएसए की खरीद पर 10 प्रतिशत की छूट एवं मुफ्त 'आरईजीईएन' सुविधायें कुछ नियम एवं शर्तों सहित शामिल है। मानसून कैंप का आयोजन रायपुर इसूजू सहित अहिल्यानगर, अहमदाबाद, अंबिकापुर, बेंगलुरु, बरेली, बाड़मेर, बठिंडा, भांडुप, भोपाल, भुवनेश्वर, बीकानेर, बिलासपुर, कालीकट, छत्रपति संभाजी नगर, चेन्नई, कोयंबटूर, डिब्रूगढ़, दीमापुर, दुर्गापुर, एर्नाकुलम, गांधीधाम, गोरखपुर, गुड़गांव, गुवाहाटी, हिसार, हावड़ा, हुबली, हैदराबाद, इंदौर, ईटानगर, जयगांव, जयपुर, जालंधर, जम्मू, जोधपुर, कडप्पा, करनाल, खम्मम, कोलाहलपुर। कोलकाता, कोट्टायम, कुरनूल, लेह, लखनऊ, लुधियाना, मदुरै, मंडी, मैंगलोर, मेहसाणा, मोहाली, मैसूर, नागपुर, नासिक, नेल्लोर, नेरुल, नई दिल्ली, नोएडा, पटना, पुणे, राजमुंदरी, राजकोट, रत्नागिरी, सतारा, शिवमोग्गा, सीकर, सिलीगुड़ी, सोलापुर, श्रीनगर, सूरत, त्रिशूर, तिरुनेलवेली, तिरूपति, त्रिची, त्रिवेन्द्रम, वडोदरा, विजयवाड़ा और विशाखापत्तनम में स्थित सभी अधिकृत सर्विस आउटलेट्स पर किया जाएगा।

### जोन 8 कार्यालय में घुसकर किये गए उपद्रव के आरोपियों पर प्रशासन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा रही है

## आयुक्त विश्वदीप ने रायपुर नगर निगम कर्मचारी एकता संघ के पदाधिकारियों को किया आश्वस्त

■ कर्मचारी संघ की मांग पर आयुक्त ने कहा शीघ्र जिला प्रशासन के अधिकारियों से आवश्यक चर्चा कर निगम टीम को अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करवाई जाएगी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर नगर पालिक निगम कर्मचारी एकता संघ के अध्यक्ष प्रमोद जाधव और पदाधिकारियों ने नगर निगम रायपुर के अधिकारियों सहित रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त विश्वदीप से निगम मुख्यालय भवन के आयुक्त कक्ष में जाकर उन्हें विगत 4 जून 2025 को नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 8 कार्यालय परिसर के भीतर की गयी उपद्रव की घटना को लेकर आरोपियों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही करवाने की मांग की। इस पर आयुक्त विश्वदीप ने रायपुर नगर पालिक निगम कर्मचारी एकता संघ के सभी पदाधिकारियों और नगर निगम के अधिकारियों को आश्वस्त किया कि उक्त प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए नगर निगम जोन 8 कार्यालय में उपद्रव की घटना के आरोपियों पर नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है। रायपुर नगर पालिक निगम कर्मचारी एकता संघ की मांग पर आयुक्त ने कहा कि शीघ्र रायपुर जिला प्रशासन के अधिकारियों से चर्चा कर रायपुर नगर निगम टीम को अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करवाई जाएगी, इसके साथ ही शासकीय नजूल भूमियों के अतिक्रमण हटाने के दौरान रायपुर जिला प्रशासन के सम्बंधित अधिकारी की कार्यवाही के दौरान उपस्थिति के सम्बन्ध में आवश्यक चर्चा अधिकारियों से की जाएगी। ताकि सम्बंधित प्रशासनिक अधिकारी स्थल पर कार्यवाही के दौरान आवश्यक मार्गदर्शन रायपुर नगर निगम टीम को दे सकें। आयुक्त विश्वदीप से मिलने गए रायपुर नगर पालिक निगम कर्मचारी एकता संघ के प्रतिनिधि मण्डल में संघ के अध्यक्ष प्रमोद जाधव, उपाध्यक्ष मोहित दर्रो, श्याम सोनी, निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, जोन 8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय, अरुण ध्रुव, विवेकानंद दुबे, डॉक्टर दिव्या चंद्रवंशी, नगर निवेशक आभाश मिश्रा, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सीनियर, अंशुल शर्मा जूनियर, रायपुर नगर पालिक निगम कर्मचारी एकता संघ के सभी पदाधिकारियों, निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## भारत में म्युच्युअल फंड और स्मॉल कैप पर दांव लगाने का यही सही समय हैः गणेश मोहन, मैनेजिंग डायरेक्टर, बजाज फिन्सर्व एएमसी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



वैश्विक बाजारों में लगातार बढ़ रही अस्थिरता और भू-राजनीतिक तनावों के बीच, भारतीय निवेशकों का रुख अब तेज मुनाफे के बजाय दीर्घकालिक और स्थिर निवेश की ओर मुड़ता दिख रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय घबराहट में फैसले लेने के बजाय शांत रहते हुए अपने निवेश लक्ष्यों पर ध्यान देना सबसे समझदारी भरा कदम है। गणेश मोहन मैनेजिंग डायरेक्टर, बजाज फिनसर्व एएमसी ने बताया है सर इस दिशा में पहला बड़ा कदम होता है मजबूत बुनियादी ढांचे वाली कंपनियों में निवेश करना, और इसके लिए लार्ज-कैप इक्विटी फंड सबसे उपयुक्त विकल्प माने जा रहे हैं। ये फंड बाज़ार की चुनौतियों को झेल पाने में सक्षम, भरोसेमंद कंपनियों पर फोकस करते हैं। इनकी स्थिरता अस्थिर बाज़ार में सुरक्षा की भावना देती है। इसके साथ ही, पोर्टफोलियो का संतुलन बनाए रखने के लिए विविधता आवश्यक हो जाती है। जब एक ही पोर्टफोलियो में इक्विटी, डेब्ट और हाइब्रिड फंड शामिल होते हैं, तो समग्र जोखिम में कमी आती है और रिटर्न में स्थिरता बनी रहती है। डायनामिक एसेट एलोकेशन और मल्टी-एसेट फंड जैसे विकल्प ऐसे समय में और भी मूल्यवान हो जाते हैं क्योंकि ये बाजार की स्थिति के अनुसार अपना एसेट अलोकेशन खुद एडजस्ट कर लेते हैं। स्मॉल-कैप फंड उन निवेशकों के लिए एक रोमांचक अवसर प्रस्तुत करते हैं जो दीर्घकालिक निवेश के साथ उच्च रिटर्न की संभावना तलाश रहे हैं।

# सुकलीभांटा में स्वीकृत लाखों की सड़क चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट जिम्मेदारो के कार्यप्रणाली पर सवाल

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





सरकार द्वारा गांव गांव ग्रामीणों की सहूलियत को ध्यान में रखते लाखों की सड़क स्वीकृत दिया जाता है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की सुस्ती से वह सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है ऐसे ही देवभोग ब्लॉक के सुकलीभाटा पुराना के आश्रित ग्राम धूपकोट मार्ग पर सीसी सड़क निर्माण के लिए विधायक के अनुशंसा पर मुख्यमंत्री समग्र योजना के तहत 10 लाख से अधिक की राशि स्वीकृत किया गया बकायदा निर्माण एजेंसी को 40% राशि भी जारी किया ताकि गुणवत्तापूर्वक नियमानुसार सड़क बनाया जा सके लेकिन निर्माण एजेंसी घोर लापरवाही के चलते ना गुणवत्ता का ख्याल रखा जा रहा और ना नियम का जिसे लेकर ग्रामीणों में काफी ज्यादा आक्रोश व्याप्त है क्योंकि सड़क निर्माण से पहले सड़क की साफ सफाई करते लेवलिंग किया जाता है तत्पश्चात पालीथीन डालकर रेत गिट्टी सीमेंट मसाला का इस्तेमाल होता हैं लेकिन धूपकोट के सड़क ऐसे कोई नियम का पालन नहीं हो रहा है मनमाफिक रेती गिट्टी पर नाम मात्र का सीमेंट इस्तेमाल हो रहा है जबकि एस्टीमेट अनुसार सबसे रेत या मुर्मी से फिलिंग करना होता हैं उसके बाद पालीथीन बिछाना अनिवार्य है उसके कंक्रीट डाला जाता है और उसमें वाइब्रेटर चलाया जाना चाहिए एवं निर्धारित चौड़ाई में थर्मकुल डालना होता और जितना सड़क का निर्माण हुआ है उस पर पानी की तराई होनी चाहिए मगर अफसोस की बात ऐसे कोई नियम का पालन नहीं हो रहा है ना रेती की फिलिंग किया गया और ना पालीथिन बिछाया ना ही वाइब्रेटर मशीन चलाया जा रहा है ऐसे में यह निर्माण सड़क की मजबूती को लेकर सवाल खड़ा किया जा रहा है क्योंकि घटिया कार्य के चलते यह सड़क बरसात भर भी टिकना मुश्किल मानते है बावजूद इसके अधिकारी आंख बंद किए हैं शायद यही है यह सड़क बंदरबांट की भेंट चढ़ने का आरोप लगाया जा रहा है।

**अब तक लेवलिंग और फिलिंग नहीं-:** प्राक्कलन के अनुसार सड़क निर्माण कार्य शुरू करने से पहले सड़क की सफाई किया जाता है साथ ही पूरी तरह समतलीकरण होता है ताकि छोटे बड़े गड्ढे लेवल हो जाएं लेकिन धूपकोट पर बनाए जा रहे सीसी सड़क को अभी भी समतलीकरण नहीं हो किया है जबकि सड़क पर कई बड़े-बड़े गड्ढे हैं और निर्माण एजेंसी लेवलिंग किए बिना ही सड़क निर्माण कराने के फिराक में सरपंच सचिव लगे हुए हैं ताकि हजारों रुपए की बचत करते अपने अपने जेब पर डाला जा सके ऐसे में यह सड़क समय से पहले खराब होने की पूरी संभावना है जिसकी परवाह ना इंजीनियर को है और जिम्मेदार अधिकारी को यही वजह है ग्रामीण भी सरपंच सचिव से नाराजगी जाहिर कर रहे हैं और अधिकारियों तक मौखिक रूप से शिकायत दर्ज कर रहे हैं क्योंकि बिना लेवल किए करीब करीब 200 मीटर तो सड़क निर्माण कर दिया और बचत जगह को भी लेवल नहीं किया है और सड़क बनाया जा रहा है।

**सीईओ से जल्दी निर्माण की मांग -:** ब्लॉक के मुंगिया पंचायत के आश्रित ग्राम मुरलीगुड़ा के ग्रामीणों का कहना है कि बीच-बीच में बारिश होने पर मुरलीगुड़ा का सड़क कीचड़ से लथपथ हो जाता है जिसके चलते आवाजाही पूरी तरह बंद होता है और इससे क्षेत्रीय विधायक को अवगत कराने के बाद सड़क की स्वीकृति दिया हुआ लेकिन निर्माण एजेंसी उदासीनता बरतते आज कल में सड़क निर्माण शुरू करने की बात कहकर बताकर टाल मटोल कर रहे हैं ऐसे में बरसात के दिनों मे ग्रामीणों और भी अधिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा जिससे जनपद सीईओ को अवगत कराकर जल्द निर्माण कराने के लिए मांग किया जाएगा

# ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौपा

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



शिक्षा न्याय आंदोलन के दूसरे चरण में लोरमी मुंगेली ब्लाक के बाद 12 जून को पथरिया ब्लाक में ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौपा गया । जिसमें कई विधायक एवं पूर्व विधायको के नेतृत्व में जिला व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पथरिया के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें । गौरतलब हो कि युक्तियुक्त करण का चरण बद्ध विरोध पुरे प्रदेश में 9 जून से किया जा रहा है। इसी कडी जिले के दो ब्लाको में क्रमश 09 एवं 10 जून को आंदोलन किया गया थाए उसके उपरांत 12 जून को पथरिया में घेराव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने मंच से प्रदेश सरकार की नीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ जो खिलवाड़ प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है। वो बर्दाश्त नही किया जायेगा। पुरे प्रदेश में लगभग 10463 स्कूलो में ताला लगने का खतरा बढ गया है। साथ ही कई शिक्षको एवं स्व सहायता समुह के माध्यम से अपना जीवन यापन करने वाले महिलाएं रसोइया एवं सफाई कर्मचारी जैसे कई लोगो के सामने रोजगार की समस्या खड़ी हो जायेगी। एक तरफ अपने चुनावी प्रचार के दौरान शिक्षको की भर्ती का दम भरने वाली प्रदेश की भाजपा सरकार ने सत्ता में काबिज होते ही नई भर्ती तो दूर उल्टे कार्यरत शिक्षको पर गाज गिराने की योजना बना डाली । वही शिक्षा के मंदिर को बंद करने के साथ ही प्रदेश में 67 नये शराब दुकानो का खुलना सरकार की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खडा करता है। उन्होंने कहा कि जब से पार्टी द्वारा आदोलन की शुरूवात हुई है प्रदेश भर के पालको का साथ भी इस आंदोलन को मिला है। आज भी कई पालक हमारे इस आंदोलन का हिस्सा बन पार्टी को मजबूती प्रदान करने पहुचे है। बडी संख्या में उनके साथ जा कर ज्ञापन सौपा गया । अब प्रशासन द्वारा शिक्षको और विद्यार्थियो के साथ न्याय नही किया जाता है तो अगले चरण में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव जल्द ही किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन मे शिक्षा विभाग का ही नहीं बल्कि अन्य विभागों के कार्यप्रणाली से निराश ग्रामीणों ने भी इस मंच पर पहुँच कांग्रेस के साथ मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौपा। मंच को संबोधित करते हुए संगठन प्रभारी आलोक सिंह ने कहा कि आज पथरिया ब्लाक शिक्षा अधिकारी का घेराव किया जा रहा है।

# ग्राम झिरना की कृषि भूमि की नीलामी 18 जून को, आरंभिक राशि 22.05 लाख

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



तहसील पिपरिया अंतर्गत ग्राम झिरना स्थित 37.05 एकड़ कृषि भूमि को आगामी पांच वर्षो के लिए कृषि प्रयोजनार्थ खुली नीलामी के माध्यम से आवंटित किया जाएगा। यह नीलामी 18 जून 2025, बुधवार को प्रातः 11 बजे सामुदायिक भवन, वार्ड क्रमांक 15, नगर पंचायत पिपरिया में आयोजित की जाएगी। भूमि का स्वामित्व नर्मदा कुण्ड सर्वराकार बालागीर पिता भुवनगीर के नाम दर्ज है। नीलामी की आरंभिक राशि 22,05,000 निर्धारित की गई है। भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों को 2,00,000 की अमानत राशि 17 जून 2025 की संध्या 5 बजे तक डिमांड ड्राफ्ट के रूप में तहसील कार्यालय, पिपरिया में जमा करनी होगी। सफल बोलीदाता को कुल राशि का 10 प्रतिशत अनुबंध के साथ तथा शेष राशि चार समान वार्षिक किश्तों में चुकानी होगी। भूमि का उपयोग केवल कृषि प्रयोजन हेतु अनुमन्य होगा; अन्य किसी भी प्रयोजन पर प्रतिबंध रहेगा। नीलामी प्रक्रिया कलेक्टर, कबीरधाम के न्यायालयीन आदेशानुसार संचालित होगी और किसी भी विवाद की स्थिति में कलेक्टर का निर्णय अंतिम व बाध्यकारी होगा। नीलामी की शर्तों और दस्तावेजों का विवरण जिला कबीरधाम की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान 2.0 के तहत जिले में बना व्यापक पौधारोपण की योजना

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



"एक पेड़ मां के नाम" अभियान 2.0 के तहत जिले में व्यापक पौधारोपण की योजना बनाई गई है। इस अभियान की रूपरेखा एवं जनसहभागिता सुनिश्चित करने हेतु जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में कलेक्टर कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में जिले के विभिन्न उद्यमियों की बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर ने बताया कि इस वर्ष जिले में जनसहभागिता से 04 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें जनसहयोग और औद्योगिक सहभागिता अत्यंत आवश्यक होगी। उन्होंने कहा कि सिर्फ पौधारोपण नहीं, बल्कि उनकी सुरक्षा और देखरेख को भी समान महत्व देना होगा। कलेक्टर ने बढ़ते प्रदूषण और घटते भूजल स्तर पर चिंता जताते हुए कहा, हर उद्योग को पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के साथ कार्य करना चाहिए। वायु गुणवत्ता सूचकांक को नियंत्रित करने के लिए हरे-भरे परिवेश का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बड़े उद्यमियों से अपेक्षा की कि वे अधिकाधिक पौधारोपण कर मिसाल कायम करें। केवल पौधे न लगाएं, बल्कि उनकी सुरक्षा और संवर्धन की जिम्मेदारी भी निभाएं। जिले को हराभरा बनाने के लिए सबका सहयोग जरूरी है। यह अभियान केवल स्थानीय नहीं रहेगा, मुंगेली का वृक्षारोपण दिल्ली तक दिखना चाहिए। बैठक में शामिल उद्योग प्रतिनिधियों ने 23 हजार 500 पौधों के रोपण की सहमति दी। उन्होंने अपने-अपने परिसर के आसपास, फेंसिंग और बाउंड्रीवाल युक्त खाली स्थानों में पौधे लगाने की बात कही। साथ ही सड़क किनारे पौधारोपण हेतु मार्किंग, देखभाल के लिए निगरानी समिति के गठन तथा फलदार, छायादार और औषधीय पौधों की व्यवस्था के सुझाव भी दिए। बैठक में जिला वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित संबंधित विभाग के अधिकारी और विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# 'मोर गाँव, मोर पानी महाअभियान' कलेक्टर ने किया जल सरंक्षण

■ कार्यों का निरीक्षण, सूखे बोरेवेल्स में किया जा रहा है रिचार्ज पिट का निर्माण



मुंगेली - कलेक्टर कुन्दन कुमार ने पथरिया विकासखण्ड के ग्राम सिलतरा का दौरा कर ''मोर गांव, मोर पानी'' महाअभियान के अंतर्गत जल संचयन के लिए बनाए गए सेंडफिल्टर बोरवेल रिचार्ज पिट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर सूखे बोरवेल के समीप रिचार्ज पिट निर्माण की आवश्यकता को रेखांकित किया और कहा कि बारिश का एक-एक बूंद जल संरक्षित करना अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर ने बताया कि बारिश का पानी रिचार्ज पिट के माध्यम से जमीन के भीतर जाएगा, जिससे भू-जल स्तर को पुनः बेहतर किया जा सकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवश्यकता वाले जगहों में शतप्रतिशत रिचार्जिंग पिट बनाए जाएं और वृक्षारोपण को भी जल संरक्षण के उपाय के रूप में अपनाया जाए। जल भविष्य का सबसे महत्वपूर्ण संसाधन है, इसकी रक्षा हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सरपंचों को भी वाटर रिचार्जिंग कार्य को प्राथमिकता से करने कहा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा ''मोर गांव, मोर पानी महाभियान'' का शुरुआत किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य बरसात के पानी को ज्यादा से ज्यादा रोकना एवं भूमिगत जल स्तर को वृद्धि करना है।

# गर्मी के मौसम में गेहूं की फसल कम लागत में किसानों को ज्यादा मुनाफा

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



परंपरागत विधि की अपेक्षा उन्नत तकनीकी विधि से गेहूं की फसल से किसानों को अधिक लाभ हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप में कृषि विभाग और उद्यान विभाग के द्वारा कृषकों को उन्नत तकनीकी से खेती करने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने के साथ ही तकनीकी मार्गदर्शन देकर खेती कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में विशेष पहल किया जा रहा है। फरसाबहार विकासखण्ड के ग्राम बोखी के 60 वर्षीय कृषक गणेश राम यादव ने बताया कि वे परंपरागत देशी विधि से खेती करते थे। जिससे प्रति एकड़ 4 से 5 हजार रूपये शुद्ध आय प्राप्त होता था, इस वर्ष एसएमएसपी योजना अंतर्गत 0.400 हे. क्षेत्र में उन्नत तकनीकी विधि से गेहूं फसल किस्म जीडब्ल्यू 322 लगाया था। जिससे उन्हें 7.00 क्वि. प्रति एकड़ उपज प्राप्त हुआ। इस विधि के खेती से उन्हें शुद्ध आय 16000 रूपये प्राप्त हुआ। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी क्षेत्र फरसाबहार मती शशिप्रभा भोय ने उन्नत तकनीकी विधि से खेती करने हेतु प्रेरित करते हुए किसानों को गेंहू बीज प्रदाय किए थे। फसल प्रदर्शन को देख कर अन्य कृषकों द्वारा आगामी वर्ष में उन्नत तकनीकी विधि से खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा। किसान गणेश राम यादव भी आगामी वर्ष में गेंहू फसल की खेती उन्नत तकनीकी विधि को अपनाकर अधिक क्षेत्र में गेहूं की फसल लगाएंगे साथ ही अन्य कृषकों को भी इसी विधि से खेती करने की लिए प्रेरित करने की बात कही।

# धान का उठाव शीघ्र सुनिश्चित करें शासन को नुकसान न हो : कलेक्टर

■ हथकेरा धान संग्रहण केंद्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुन्दन कुमार ने पथरिया विकासखंड अंतर्गत हथकेरा धान संग्रहण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र में शेष बचे 50 स्टैक धान का शीघ्रता से उठाव सुनिश्चित किया जाए तथा केंद्र को पूरी तरह खाली कर लिया जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि बारिश पूर्व धान का उठाव कराना अत्यंत आवश्यक है, जिससे धान की भीगने की संभावना समाप्त हो सके और शासन को किसी प्रकार की हानि न हो। उन्होंने केंद्र प्रभारी को चेतावनी दी कि एक भी बोरा धान भीगना नहीं चाहिए, इसके लिए डेली मॉनिटरिंग अनिवार्य है। इसके साथ ही उन्होंने एसडीएम को प्रतिदिन निगरानी करने, संग्रहण केंद्र से धान के सुगम परिवहन हेतु सड़क निर्माण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि स्थानीय मिलर्स की बैठक आयोजित कर प्रत्येक मिलर्स को कम से कम 2-2 स्टैक का धान उठाव करने के लिए निर्देशित किया जाए। उन्होंने कहा कि मिलर्स की सक्रिय भागीदारी से ही समयसीमा में उठाव कार्य पूर्ण हो सकता है। जिले में धान संग्रहण कार्य को पूरी पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ सम्पन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर अपर कलेक्टर गिरधारी लाल यादव, पथरिया एसडीएम अजय शतरंज, जिला विपणन अधिकारी मनोज यादव, संग्रहण केंद्र प्रभारी और ग्राम पंचायत हथकेरा के सरपंच मौजूद रहे।

# जशपुर में कटहल मेला का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




प्रदेश में शासन द्वारा फसलों के प्रसंस्करण, नवाचार और उत्पादित फसलों के लिए विपणन के तौर-तरीकों का प्रशिक्षण देकर उनके आय में वृद्धि के साथ ही जीवनस्तर में सुधार के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके तहत जिला प्रशासन और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की तरफ से जशपुर के वशिष्ठ कम्युनिटी हॉल में कटहल मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में कटहल की उपयोगिता, अधिक उत्पादन के लिए वैज्ञानिक तकनीकों के प्रयोग, कटहल से नवाचार एवं इससे बनने वाले अन्य उत्पादों के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में अतिथियों को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कटहल का पौधा और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। मेले में प्रकृति सेवा संस्थान बिलासपुर के द्वारा तकनीकी सहयोग दिया गया है। मेले में कटहल से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। इसमें किसानों द्वारा लाए गए सबसे बड़े और सबसे लंबे कटहल को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक मती रायमुनी भगत, जशपुर नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जशपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम भगत, डीडीसी मती शांति भगत, कलेक्टर रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, बीटीसी कॉलेज बिलासपुर के डॉ. आर.के.एस. तिवारी, कृषि महाविद्यालय के डॉ. योगेन्द्र कुमार, केवीके जशपुर मती अनीता लकड़ा, डीएमएम विजय शरण प्रसाद सहित कृषि विशेषज्ञ मौजूद रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक रायमुनी भगत ने आयोजकों को बधाई दी और कहा की कटहल जशपुर के मुख्य फल उत्पाद में से एक है। किसानों के लिए यह एक आजीविका का साधन भी है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज पहले से ही कटहल का मौसम बीत जाने के बाद इसे सुखाकर सहेजा करते थे जो साल भर खराब नहीं होता था। खाद्य पदार्थों की कमी होती थी तब कटहल खाद्य सुरक्षा में सहायक का कार्य करता था। फिर भी बहुत सा अधिक उत्पादित कटहल गायों को खिला दिया करते थे। विधायक मती भगत ने कहा कि पुरातन विधियों के साथ नवीन वैज्ञानिक विधि से कटहल का प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन कर किसानों की आय में वृद्धि करना इस मेले का उद्देश्य है। जिले में बड़े पैमाने पर कटहल का उत्पादन होता है। जिससे देखते हुए किसानों की आय में वृद्धि में कटहल अहम भूमिका निभा सकता है। कटहल के प्रसंस्करण के क्षेत्र में नए नए अविष्कार हो रहे हैं। कई बीमारियों के उपचार में भी कटहल अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने महिला समूहों और किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा कर कटहल के प्रसंस्करण हेतु कुटीर उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

## शाला प्रवेश उत्सव के पूर्व शाला भवन, परिसर, अध्यापन कक्षों की साफ-सफाई कराये

# कलेक्टर उइके ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों की ली बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर बीएस उइके ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 राज्य में भी प्रभावी हो गई है। शासन की मंशा है, कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं को स्वच्छ व सुंदर वातावरण में गुणवत्तायुक्त शिक्षा दी जाये। स्कूल शिक्षा विभाग इस दिशा में भी लगातार कार्य कर रहा है। इस वर्ष भी शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन 16 जून 2025 से प्रत्येक स्तर पर किया जायेगा। इसके लिए शाला प्रवेश उत्सव की प्रारंभिक तैयारी के साथ-साथ पर्याप्त प्रचार-प्रसार भी करें। कलेक्टर उइके ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव के पूर्व शाला भवन, परिसर, अध्यापन कक्षों की साफ-सफाई एवं मरम्मत करा ले। शाला प्रवेश उत्सव का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। इस संबंध में गांवों में तथा शहरी वार्डों में मुनादी कराये। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं शाला विकास समिति एवं पालकों को विशेष रूप से आमंत्रित कर। शाला स्तर/संकुल स्तर/ब्लॉक स्तर/जिला स्तर पर शाला प्रवेश उत्सव मनाए। सत्र के प्रारंभ से ही अध्ययन-अध्यापन के लिए बेहतर माहौल तैयार हो सके, इसके लिए जिला स्तर पर आवश्यक रूप रेखा तैयार कर ले। विद्यार्थियों की उपस्थिति पंजी पहले से ही संधारित करे। कक्षा पहली के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र से बच्चों की सूची प्राप्त करें तथा प्रवेश देने की कार्यवाही करें। शाला त्यागी बच्चों को प्रेरित कर पुनः शाला की मुख्य धारा में जोड़े। शाला प्रारंभ होने से पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी शिक्षकों की लंबित प्रकरणों का निराकरण कर ले। कक्षा शिक्षक, विषय शिक्षक अध्यापन संबंधी आगामी तीन महीने का रोडमैप पहले से तैयार कर ले। स्कूलो में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करे। शाला प्रवेश उत्सव के लिए स्थानीय समुदाय, आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता, स्व-सहायता समूह, सेवानिवृत्त कर्मचारीगण एवं जनप्रतिनिधियों से सहयोग ले। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान शाला परिवार की ओर से जनप्रतिनिधि, शाला विकास समिति, पालक एवं गणमान्य नागरिकों को शाला प्रवेश उत्सव के लिए आमंत्रित करे। उन्होंने कहा कि निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, निःशुल्क गणवेश, सायकल का वितरण विद्यार्थियों को करें। नन्हें-मुन्हें नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर अभिनंदन करे। प्रवेश उत्सव के दिन न्योता भोज का आयोजन कराये।

बोर्ड परीक्षा, स्थानीय परीक्षा में मेधावी अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित कराये। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत, डीएमसी केएस नायक एवं समस्त बीईओ, प्राचार्य सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# पीएम आवास का निरीक्षण करने सिलतरा पहुंचे कलेक्टर, हितग्राहियों से की चर्चा



**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने विकासखंड पथरिया के ग्राम सिलतरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राही संतोष वर्मा और अन्य ग्रामीणों से आवास की किस्त राशि और निर्माण की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान हितग्राही संतोष वर्मा ने बताया कि उसे आवास योजना के तहत अब तक 65 हजार रूपए किस्त की राशि प्राप्त हो चुकी है। निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। वह अपने परिवार के साथ नए घर में जल्द ही रहने लगेगा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवास निर्माण में गुणवत्ता बनाए रखने और निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए बारिश के पहले पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता देने की अपील की। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि आजकल मोबाइल के कारण पढ़ाई से बच्चों का ध्यान भटक रहा है। इस पर कलेक्टर ने कहा कि डिजिटल उपकरणों का विवेकपूर्ण उपयोग जरूरी है और इसमें अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने ग्रामीणों से शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में भी चर्चा की और बताया कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर पथरिया एडीएम अजय शतरंज सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# हम सभी की साझी भागीदारी से ही पर्यावरण संरक्षण का संकल्प होगा पूरा : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

## मुख्यमंत्री फाइट अगेंस्ट ग्लोबल वार्मिंग कैंपेन कार्यक्रम में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषक सभागार में आयोजित फाइट अगेंस्ट ग्लोबल वार्मिंग कैंपेन कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा, विकास का मूलमंत्र है और यह राष्ट्र के समग्र विकास की प्रारंभिक तथा अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि निजी शिक्षण संस्थानों ने भी शिक्षा के विस्तार में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया है, उसे प्राप्त करने में हम सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। राज्य सरकार ने इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विकसित छत्तीसगढ़ का विज़न डॉक्यूमेंट तैयार किया है और इस दिशा में निरंतर प्रयासों को गति प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 25 वर्ष का छत्तीसगढ़ अपनी रजत जयंती मना रहा है और इस यात्रा में राज्य ने चहुंमुखी विकास की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में आईआईटी, आईआईएम, एम्स जैसे प्रतिष्ठित केंद्रीय संस्थान



कार्यरत हैं, जो राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की गंभीर चुनौती से जूझ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने वर्ष 2070 तक नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य तय किया है, जिसकी दिशा में देश ने तीव्र गति से कदम बढ़ाए हैं। छत्तीसगढ़ ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने की दिशा में अग्रसर है। राज्य की आकर्षक नई औद्योगिक नीति के तहत केवल ऊर्जा क्षेत्र में ही तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि राज्य में वृक्षारोपण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है और विगत वर्ष चार करोड़ पौधे रोपे गए थे। राज्य सरकार एक पेड़ माँ के नाम और पीपल फॉर पीपुल जैसे नवाचार कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें नौनिहालों में पर्यावरण चेतना का विकास करना चाहिए, जिससे वे स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित भविष्य की नींव रख सकें। उन्होंने इस अभियान में भाग ले रहे सभी शिक्षकों और आयोजकों की सराहना की और कहा कि सामाजिक भागीदारी से ही हम शुद्ध हवा, निर्मल जल और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने संघ द्वारा आने वाले वर्षों में 11 लाख पीपल के वृक्षारोपण के संकल्प की सराहना की। कार्यक्रम में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, अशासकीय विद्यालय संचालक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध राठी, सचिव मनोज पाण्डेय तथा अन्य प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ एवं छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था।

# श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं सरपंच राजकुमार भारती के तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित






पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं सरपंच राजकुमार भारती के तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर गुरुवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक ग्राम पंचायत भवन, छपोरा, रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से अपनी स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं पर चर्चा कर परामर्श प्राप्त किया। जिसमें नेत्र रोग विभाग की डॉ. नेहा वाजपेई, जनरल मेडिसिन विभाग से डॉ. अभिषेक राज स्त्री रोग विभाग की डॉ. श्रद्धा तिर्की, दंत रोग विभाग से डॉ. राम तिवारी व डॉ. कृतिका भक्ते, सहायिका करिश्मा केंवट, नर्सिंग स्टाफ गोयेन्द्री चेलक, नम्रता टंडन, अस्पताल जन संपर्क विभाग से विरेन्द्र खुटेल, सुनील वर्मा, सुनील साहू एवं सरपंच राजकुमार भारती, ग्राम महिला समूह की सक्रिय सदस्य बिंदु वर्मा तथा ग्रामवासी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिविर में निः शुल्क में बी.पी, ब्लड शुगर, नेत्र रोग, दंत रोग के मरीजों का जांच व उपचार कर परामर्श प्रदान किया गया।

# बच्चों से श्रम कराना नहीं, उन्हें सपने दिखाना हमारी जिम्मेदारी : मंत्री राजवाड़े

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बाल श्रम के प्रति सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि बच्चों से श्रम कराना न केवल अमानवीय है, बल्कि यह एक दंडनीय अपराध भी है। उन्होंने कहा कि बच्चों का स्थान किताबों, खेल के मैदान और परिवार के स्नेह में होना चाहिए, न कि कारखानों, होटलों या दुकानों में। मंत्री राजवाड़े ने कहा कि समाज के कई हिस्सों से बाल श्रम और बाल तस्करी की घटनाएं सामने आती हैं, जो चिंताजनक हैं। कुछ लोग थोड़े से लाभ के लिए बच्चों से काम करवाकर न केवल उनका बचपन छीनते हैं, बल्कि उनके भविष्य को भी अंधकार में धकेलते हैं। बच्चों से किया गया कोई भी ऐसा कार्य जो उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में बाधा उत्पन्न करे, कानून की दृष्टि में संगीन अपराध है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बाल श्रम की रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से खतरनाक या हानिकारक कार्य कराना पूरी तरह प्रतिबंधित है और ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कदम उठाए जाते हैं। लेकिन केवल सरकारी प्रयास ही पर्याप्त नहीं हैं। समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह बाल अधिकारों के संरक्षण में भागीदार बने। राजवाड़े ने आम जनता से अपील की कि यदि कहीं भी बच्चों से अवैध रूप से काम लिया जा रहा है, उनके साथ दुर्व्यवहार या हिंसा हो रही है, तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला एवं बाल विकास विभाग या स्थानीय प्रशासन को दें। उन्होंने कहा, बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा और समुचित विकास ही सशक्त राष्ट्र की नींव है। हमारी संवेदनशीलता और जागरूकता ही उन नन्हें जीवनों को एक बेहतर भविष्य दे सकती है।



# महापौर मीनल चौबे, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, आयुक्त विश्वदीप से पंडरी कपडा बाजार के व्यापारियों ने नगर निगम में की चर्चा





पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी शहर रायपुर के पंडरी कपडा बाजार के संबंधित 19 व्यापारीगण नगर निगम रायपुर मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के महापौर कक्ष में आए एवं उन्होने महापौर मीनल चौबे, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, आयुक्त विश्वदीप से चर्चा कर दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए सीलबंदी कार्यवाही के प्रकरण में परीक्षण करवाने का आग्रह किया। इस दौरान महापौर कक्ष में नगर निवेशक आभास मिश्रा, जोन 2 जोन कमिश्नर डॉ. आर.के. डोंगरे, कार्यपालन अभियंता आशुतोष सिंह की उपस्थिति रही। अधिकारियों ने जानकारी दी कि नगर निगम ने सीलबंदी की कार्यवाही नियमानुसार की है। महापौर मीनल चौबे ने कहा कि व्यापारियों द्वारा वर्ष 2025 में कराये गये नियमितिकरण में दुकान के दोनो ओर प्रवेश द्वार खोलने की अनुमति व्यापारियों को नहीं दी गई है। महापौर ने व्यापारियों से शहर में अच्छी व्यवस्था देने जनहित में सहयोग देने कहा। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने व्यापारियों से कहा कि सीलबंदी प्रकरण में प्रशासन ने नियमानुसार कार्यवाही की है। वे जनप्रतिनिधि विधायक है एवं इस प्रकरण में वे व्यापारियों के साथ खड़े है। उन्होने रायपुर शहर को सुन्दर बनाकर अच्छी व्यवस्था देने रायपुर नगर निगम को सहयोग देने कहा। उत्तर विधायक ने व्यापारियों से कहा कि वे इसमें नगर निगम रायपुर को सहयोग करें। उनकी अन्य मांगो पर वे पहल कर नगर निगम एवं प्रशासन के अधिकारियों से चर्चा कर मांगो को शीघ्र पूर्ण कर अच्छी व्यवस्था देने का आवश्यक कार्य सभी साथ मिलकर करेंगे।

# अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर पूरे प्रदेश में चला बाल श्रम विरोधी अभियान


पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बाल श्रम की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे प्रयासों को प्रदेश स्तर पर सख्ती के साथ क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रशासनिक प्रतिबद्धता, जन-जागरूकता और कड़ी निगरानी के माध्यम से बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा और गरिमामय जीवन की ओर अग्रसर करने का संकल्प लिया गया है। अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ में बाल श्रम उन्मूलन के लिए जिलेवार अभियान चलाया गया। महासमुंद और कोण्डागांव सहित विभिन्न जिलों में प्रशासन, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस तथा बाल संरक्षण इकाई के संयुक्त प्रयासों से बाल श्रमिकों की पहचान, पुनर्वास और जन-जागरूकता की दिशा में व्यापक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। महासमुंद में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए निर्देश दिए कि जिले में बाल श्रम की किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संयुक्त जांच दल को होटल, ढाबा, निर्माण स्थल, दुकानों एवं अन्य संभावित स्थलों पर निरीक्षण करने कहा। साथ ही विकासखंड स्तर पर बाल श्रम विरोधी रैली, पोस्टर प्रदर्शनी और स्कूलों में विशेष सत्र आयोजित करने के निर्देश दिए।

# शुरु हो सकता है गौठानों का संचालन जोशी करेंगे राज्य सरकार से चर्चा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव संजय विनायक जोशी दो दिवसीय प्रवास पर राजधानी रायपुर पहुंचे, जहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। माना विमानतल पर कुछ पत्रकारों से चर्चा करते हुए गौशालाओं का नाम गौधाम करने के फैसले का स्वागत करते हुए जमकर उसकी सराहना किया। इस दौरान उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में शुरू की गई गौठानों के संचालन करने कांग्रेस की मांग पर उन्होंने इसके फिर से संचालन के लिए राज्य सरकार से चर्चा करने की बात कही। जोशी बलौदाबाजार में आयोजित समृद्ध भारत सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राजधानी रायपुर पहुंचे। बता दें कि प्रदेश में रोजाना गौ वंश सड़क हादसे के शिकार हो रहे है और इसकी रोकथाम के लिए गौठानों को फिर से शुरू करने की मांग काफी दिनों से उठ रही है।













सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403